# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, मंगलवार, 1 जुलाई 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 45 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1879:** भारत में पोस्टकार्ड की शुरुआत।
**1960:** अफ्रीकी देश घाना को गणराज्य घोषित किया गया।
**1964:** भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की स्थापना
**1991:** वारसा संधि भंग की गई।
**1995 :** अमेरिका ने ताइवान के खिलाफ लागू प्रतिबंध।
**1997 :** भारत की पहली साईंस सिटी कलकत्ता में खोली गई।
**2017:** भारत में अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू किया गया।

# गिरिडीह में इको टूरिज्म की असीम संभावनाएं : मुख्य सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** जिले में पर्यटन की असीम संभावनाओं के बीच मंत्री सुदिव्य कुमार के साथ मुख्य सचिव अलका तिवारी उसरी वाटरफॉल और खंडोली जलाशय पहुंचीं। यहां मंत्री और मुख्य सचिव ने दोनों स्थलों का निरीक्षण किया। गिरिडीह जिला में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दोनों प्रमुख स्थलों पर पहुंचे उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, नगर विकास एवं आवास, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि जिले के दो प्रमुख स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में और बेहतर और विकसित करने को लेकर राज्य सरकार और जिला प्रशासन के द्वारा सभी तैयारियां सुनिश्चित कराई जा रही हैं। साथ ही सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का भी प्रयास किया जा रहा है जिससे यहां के स्थानीय को भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो और पर्यटन को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि खंडोली डैम और वाटरफॉल के विकास पर चर्चा की गई। साथ ही इको-टूरिज्म को विकसित करने पर भी विचार किया गया। खंडोली डैम के आसपास के क्षेत्र को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए सौंदर्यकरण पर जोर दिया गया। खंडोली डैम में आने वाली विदेशी पक्षियों के लिए रहने की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाएगी। साथ ही साथ वन विभाग के द्वारा खंडोली डैम के उत्तर किनारे पौधारोपण का कार्य किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि उसरी वाटर



फॉल और खंडोली डैम पर्यटन स्थलों को विकसित कर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी संबंधित विभाग, कार्यकारी एजेंसी आपसी समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों में तेजी लाएं। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि गिरिडीह जिले में पर्यटन की बहुत संभावनाएं हैं। इसे राज्य सरकार द्वारा विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने उसरी वाटर फॉल में इको टूरिज्म को विकसित करने पर जोर दिया। कहा कि मंत्री के सहयोग से पर्यटन के क्षेत्र में काफी बेहतरी करने का प्रयास किया जा रहा है। डीसी रामनिवास यादव ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन स्थलों को विकसित करने की दिशा में प्रयासरत है। जिले के पर्यटन स्थलों के विकास से यहां पर पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी और स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। खंडोली डैम के चारों तरफ कनेक्टिविटी पर काम किया जाएगा। डैम के चारों तरफ पर्यटक घुमकर प्राकृतिक घटा का आंनद उठा सके इसके लिए पहुंच पथ का निर्माण कराया जाएगा। डैम के नीचे नदी पर पुल का निर्माण कराया जाएगा ताकि पर्यटकों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही पर्यटक नदी के इस पार से उस पर का आनंद उठा सके। इसके अलावे मधवाडीह से खंडोली मोड़ को जोड़ने वाली बाईपास पथ का भी निर्माण कराया जाएगा और बरियारपुर तक कॉरिडोर बनाया जाएगा। साथ ही पर्यटकों के लिए इसे और भी आकर्षक बनाने के लिए सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। इस दौरान एसपी डॉ बिमल कुमार, पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी, उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, अपर समाहर्ता विजय सिंह बीरूआ, अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत विस्पुते के अलावा कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या मामले में आजीवन कारावास

**जामताड़ा(नबिटा ब्यूरो)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राधा कृष्ण की अदालत में गोली मारकर हत्या करने के मामले में सोमवार को अंतिम सुनवाई हुई। पीडीजे ने एक आरोपी दिलीप शर्मा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा भी मुकर्रर की है।

### एक करोड़ से अधिक का अफीम डोडा जब्त

**खूंटी(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने अड़की थाना के सेरेंगहातू चौक के पास सोमवार को छापामारी कर एक करोड़ 35 लाख 83555 रुपये मूल्य के 905.57 किलो अफीम डोडा बरामद किया है। इस मामले में मौके पर से पुलिस ने दो सगे भाइयों जितेंद्र पाल और आकाश को गिरफ्तार किया है। दोनों उत्तर प्रदेश के बरेली जनपद के मीरगंज बैरूली गांव के रहनेवाले हैं। यह जानकारी खूंटी के पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी।

### संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में एक पूर्व वार्ड पार्षद के देवर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान कुर्मी टोला निवासी 35 वर्षीय बैकुंठ चौधरी के रूप में हुई है। वह नगर पंचायत की पूर्व वार्ड पार्षद उमा देवी का देवर था। बैकुंठ चौधरी रविवार रात 8 बजे अपने घर से निकले थे। सोमवार सुबह उनका शव बड़ेपुर उच्च विद्यालय के पास मुख्य सड़क के पास मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। मामले में हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### फरार गैंगस्टर के भाई के घर कुर्की-जब्ती

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** धनबाद पुलिस ने सोमवार को वासेपुर में फरार गैंगस्टर प्रिंस खान के भाई ऋतिक खान के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। भूली ओपी पुलिस की टीम ने कमर मुखदमी रोड स्थित ऋतिक के मकान में यह कार्रवाई की। ऋतिक खान पर वर्ष 2019 में आर्म्स एक्ट के तहत दो मामले दर्ज हैं। उसपर अवैध हथियार रखने और गैंग की आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप हैं। फरार रहने के कारण उसे भगोड़ा घोषित किया गया था। पुलिस ने पहले ऋतिक के घर पर कुर्की की नोटिस चिपकाई थी। न्यायालय में समर्पण के लिए समय दिया गया था।

### युवक का शव बरामद

**खूंटी(नबिटा ब्यूरो)।** अड़की थाना क्षेत्र के हाड़ादलामा कोचा टोला में सोमवार को पुलिस ने एक युवक का सड़ा गला शव बरामद किया है। मृतक की पहचान हड़द्लामा कोचा टोली के एसी लक्ष्मण के पुत्र एसी हालू (20) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार एसी हालू गुरुवार को एक शादी समारोह में गया था। उसके बाद से वह लापता था।

# सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** रफ्तार के कहर ने जिले में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की जान ले ली। घटना कर्रा थाना क्षेत्र के संगोर गांव के पास हुई, जब एक बाइक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, न तो बाइक सवार और न ही बाइक पर बैठे किसी व्यक्ति ने हेलमेट पहना था। मृतकों में मालगो गांव के 48 वर्षीय रेला मिंज, उनके पुत्र 20 वर्षीय अभिषेक मिंज और उनके भतीजा 20 वर्षीय रोहित मिंज शामिल हैं। तीनों सुबह मालगो गांव से बिरदा गांव गए थे और वहां से अपने गांव वापस लौट रहे थे। सूचना मिलने पर कर्रा पुलिस ने शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज परिजनों को घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों से




मिली जानकारी के अनुसार रेला मिंज अपने पुत्र अभिषेक और भतीजे रोहित के साथ बिरदा गांव गए थे। परिजनों को भी नहीं पता कि वे बिरदा गांव क्यों गए थे। ग्रामीणों के अनुसार तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे। बाइक की गति तेज थी। इस कारण संगोर स्कूल के पास मोड़ पर अनियंत्रित होकर बाइक एक पेड़ से टकरा गई। टकर खाकर तीनों सड़क किनारे मुंह के बल गिर गए। वहीं बाइक सड़क पर गिर गई। मेहा पंचायत के मुखिया और ग्रामीणों ने दुर्घटना की सूचना तत्काल कर्रा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के बाद पुलिस ने शवों को बरामद कर कर्रा थाना ले गई। पहचान की प्रक्रिया के बाद परिजनों को घटना की सूचना दी गई। वहीं शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सर्किल इंस्पेक्टर अशोक सिंह ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों से कर्रा बिरदा मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही कर्रा थाना प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल से क्षतिग्रस्त बाइक और तीनों शवों को बरामद कर थाने ले आए। जांच के बाद मृतकों की पहचान की गई और उनके परिजनों को सूचना देने के बाद कागजी कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## बारिश में और खूबसूरत हुआ लातेहार का लोध फॉल

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में स्थित लोध फॉल जलप्रपात इन दिनों सैलानियों का आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। लगातार हो रही बारिश ने इसकी खूबसूरती को और बढ़ा दिया है। यह झारखंड का सबसे ऊंचा जलप्रपात माना जाता है। समुद्र तल से इसकी ऊंचाई 470 फीट है। यहां से पानी नीचे गिरता है। महुआडांड़ थाना क्षेत्र में स्थित यह जलप्रपात घने जंगलों और पहाड़ों से घिरा है। इस क्षेत्र में हरी-भरी वादियां और जंगली नदियां हैं। छोटे-बड़े जलप्रपात इसकी प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ाते हैं। नेतरहाट और लोध फॉल जैसे रमणीय स्थल पूरे साल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। पश्चिम बंगाल, बिहार और छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों से लोग यहां आते हैं। जनवरी के पहले सप्ताह में विदेशी पर्यटक भी यहां पहुंचते हैं। सभी पर्यटन स्थल अब गुलजार हो गए हैं।

# जंगली हाथियों ने दो लोगों को कुचलकर मार डाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** जिले में एक बार फिर जंगली हाथियों के झुंड ने आतंक मचाया है। इस झुंड ने दो लोगों को कुचलकर मार डाला है। इस घटना के बाद आसपास के इलाके में दहशत का माहौल है। वहीं ग्रामीणों का वन विभाग के प्रति काफी आक्रोश देखा जा रहा है। मृतकों के शव को लेने के लिए पुलिस और वन विभाग को ग्रामीणों का विरोध झेलना पड़ा। चिनियां थाना क्षेत्र के चिरका गांव में रविवार रात एक बार फिर जंगली हाथियों का कहर गांव पर टूटा। देर रात हाथियों ने दो ग्रामीणों को बेरहमी से कुचलकर मार डाला है। मृतकों की पहचान प्रमिला देवी (40 वर्ष) और सुधीर सोरेंग (35 वर्ष) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार प्रमिला देवी घर से कुछ ही दूरी पर अपने प्रवासी पति से मोबाइल पर बात कर रही थीं तभी अचानक एक जंगली हाथी वहां आ धमका। प्रमिला देवी जान बचाकर भागने की कोशिश की लेकिन हाथी ने लपककर उसे कुचल दिया जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, पास के ही घर में सो रहे सुधीर सोरेंग को जब लगा कि कोई उसके कटहल के पेड़ को नुकसान पहुंचा रहा है तब वह बाहर निकले, जहां हाथी ने उसे भी कुचलकर मार डाला। इस भयावह घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया है। सुबह होते ही आक्रोशित ग्रामीण शवों के पास जुट गए और वन विभाग की घोर लापरवाही के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया। सुबह 9 बजे तक भी वन विभाग का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे आक्रोश और भी भड़क उठा। ग्रामीणों ने साफ कर दिया कि जब तक वरीय वन अधिकारी मौके पर नहीं आते, तब तक शवों को उठाने नहीं देंगे।

## हूल दिवस पर भोगनाडीह में ग्रामीण-पुलिस संघर्ष, भाजपा की साजिश : दीपिका पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** जिले के भोगनाडीह में हूल दिवस पर सिद्धो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित कार्यक्रम से पहले ग्रामीणों और पुलिस के बीच हुई झड़प पर झारखंड सरकार की मंत्री ने बड़ा बयान दिया है। हेमंत सोरेन कैबिनेट की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने इसे भारतीय जनता पार्टी की साजिश करार दिया है। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि अभी सूचना स्पष्ट नहीं है। यहां अभी-अभी एक न्यूज में देखा है कि भोगनाडीह में लाठीचार्ज हुआ है। उन्होंने कहा कि हूल दिवस आस्था की बात है। किस तरह से इसे मनाते रहे हैं, सबको पता है। वहां अगर कोई विवाद खड़ा करने का प्रयास कर रहा होगा, तो इसका फायदा किसको होगा, सबको पता है। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि पूरी जानकारी लेने के बाद ही इस बारे में कुछ कहेंगे। साथ ही कहा कि भाजपा के नेता एक सप्ताह पहले संताल परगना घूमने लगे, तो उन्होंने कोई साजिश न की हो, ऐसा हो नहीं सकता। इस सवाल



पर कि बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि प्रशासन की हठधर्मिता की वजह से यह घटना हुई, इसे टाला जा सकता था, दीपिका ने कहा कि उन्हें अभी इस मामले की पूरी जानकारी नहीं है। झारखंड सरकार की वरिष्ठ मंत्री ने साथ ही यह भी कहा कि जिस तरह की बातें आ रहीं हैं, इसमें कोई दो मत नहीं कि लोगों को उकसाने वाली घटना हुई होगी। संताल परगना के लिए यह आस्था की बात है। दीपिका पांडेय सिंह एक पुराने केस में एमपी-एमएल कोर्ट में पेशी के लिए आयीं थीं। कोर्ट के बाहर उन्होंने पत्रकारों के सवालों के जवाब में ये बातें कहीं।

# मानसून की बारिश ने तोड़ा 11 वर्षों का रिकॉर्ड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में मानसून की बारिश लगातार हो रही है। जून 2025 में हुई मानसून की वर्षा ने पिछले 11 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मौसम केंद्र रांची ने सोमवार 30 जून 2025 को यह जानकारी दी। मौसम विभाग की ओर से जारी स्पेशल बुलेटिन 'झारखंड मानसून रेनफॉल-जून 2025' में बताया गया है कि वर्ष 2015 से वर्ष 2025 के सबसे ज्यादा 348.9 मिलीमीटर वर्षा जून 2025 में हुई है। अब तक 4 जिलों में सामान्य वर्षा हुई है, 3 जिलों में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है और 14 जिलों में सामान्य से बहुत ज्यादा बारिश हुई है। झारखंड के 13 जिले ऐसे हैं, जहां 282 मिलीमीटर से अधिक वर्षा हुई है। 2 जिलों में 500 मिलीमीटर और 2 जिलों में 600 मिलीमीटर से अधिक बारिश हो चुकी है। 6 जिलों में 300 मिलीमीटर से अधिक और 2 जिलों में 400 मिलीमीटर से अधिक वर्षा दर्ज की गयी है। पूर्वी सिंहभूम जिले में अब तक सबसे ज्यादा 607.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसके बाद नंबर आता है रांची का। रांची में 600.5 मिमी वर्षा हुई है।



लातेहार में 508.7 मिमी, सरायकेला-खरसावां में 501.6 मिमी, रामगढ़ में 486.2 मिमी, सिमडेगा में 441.6 मिमी, लोहरदगा में 395.1 मिमी, पश्चिमी सिंहभूम में 382.5 मिमी, खूंटी में 380.5 मिमी, चतरा में 375.4 मिमी, धनबाद में 343.4 मिमी, गुमला में 322.2 मिमी और बोकारो में 282.2 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। झारखंड के 3 जिले ऐसे हैं जहां सामान्य से कम बारिश हुई है। बाबा नगरी देवघर में अब तक 131.2 मिलीमीटर बारिश हुई है तो गोड्डा में 117.5 मिलीमीटर और पाकुड़ में 178.7 मिलीमीटर वर्षा हुई है। देवघर में 185.6 मिमी वर्षा को सामान्य वर्षा माना जाता है। इसी तरह गोड्डा में 169.1 मिमी को और पाकुड़ में 226.3 मिमी वर्षा को सामान्य बारिश माना जाता है। देवघर में सामान्य से 29 फीसदी कम बारिश हुई है तो गोड्डा में 30 फीसदी और पाकुड़ में 21 फीसदी कम वर्षा हुई है।

## स्वर्ण व्यवसायियों को मिले सुरक्षा

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** हजारीबाग में अपराधी बेखौफ हो गए हैं। 22 जून को सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत श्री ज्वेलर्स पर 7 राउंड गोली चलने के बाद दो अन्य स्वर्ण व्यवसायियों को धमकी मिली है। जिसमें 10 लाख रुपए लेवी की मांग की गई है। इस घटना के बाद से कारोबारी दहशत में हैं। इसको लेकर व्यवसायियों ने सुरक्षा की मांग की है। दो बार हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर सुरक्षा की मांग की है। स्वर्ण व्यावसायिक संघ ने सोमवार को भी हजारीबाग सांसद के साथ पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से मुलाकात कर उन्हें स्थिति से अवगत कराया है। कारोबारियों का कहना है कि अज्ञात अपराधी मोबाइल और व्हाट्सएप के जरिए धमकी देते हुए लेवी की मांग कर रहे हैं। जिस कारण कारोबारी अपनी दुकानें खोलने में भी डर रहे हैं। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि इसे देखते हुए पेट्रोलिंग की गश्ती बढ़ा दी गई है। अलग से पेट्रोलिंग टीम का गठन किया गया है। जितनी भी धमकियां मिली हैं सभी को लेकर एसआईटी का गठन किया गया है।

# बिहार के सभी व्यापार मंडलों का कम्प्यूटराइजेशन कराया जाये : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** देश की राजधानी नयी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में सोमवार को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में देश भर के सहकारिता मंत्रियों एवं विभागीय सचिवों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंत्रालय की उपलब्धियों पर प्रस्तुतिकरण दी गई तथा राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों के मंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर भारत सरकार के द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं तथा जन-औषधि केन्द्र, पेट्रोल-डीजल रिटेल आउटलेट, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र योजना, कॉमन सर्विस सेन्टर इत्यादि के व्यवसाय विकास पर विचार-विमर्श किया गया। इस क्रम में बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम



कुमार ने केन्द्रीय सहकारिता मंत्री के समक्ष राज्य में सहकारिता के योजनाओं के संचालन तथा सहकारी समितियों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि राज्य में 523 व्यापार मंडल सहयोग समितियां कार्यरत हैं। इनके विकास के लिए आवश्यक है कि सभी व्यापार मंडलों का कम्प्यूटराइजेशन कराया जाए। साथ ही इनमें कॉमन सर्विस सेन्टर, जन-औषधि केन्द्र, किसान समृद्धि केन्द्र की स्थापना करवायी जाए तथा एल.पी.जी. के वितरक के रूप में इन्हें पात्र घोषित किया जाए। गयाजी में सहकारी प्रशिक्षण महाविद्यालय-सह-शोध संस्थान खोलना प्रस्तावित है। इसे त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय से संबद्धता प्रदान करते हुए सतत शैक्षणिक कार्यक्रम चलाने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने की मांग की गयी। डॉ. कुमार ने कहा कि राज्य में भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड, राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक लिमिटेड तथा राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड का कार्यालय खोलने से राज्य की समितियों को काफी लाभ होगा। इनके द्वारा राज्य के पैक्सों एवं किसानों को आवश्यक प्रशिक्षण तथा हैण्डहोल्डिंग सुविधा प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने राज्य की तत्कालिक एवं ज्वलंत मुद्दों पर मांग करते हुए खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में चावल आपूर्ति की अंतिम तिथि 15 जून को विस्तारित करते हुए 30 सितम्बर तक करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अंतिम तिथि समाप्त होने के कारण पैक्सों एवं व्यापार मंडलों पर लगभग 1500 करोड़ रूपये का वित्तीय बोझ पड़ने तथा अधिकांश पैक्सों पर कार्रवाई होने की संभावना बनी है।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

**संक्षिप्त समाचार**

## सास से विवाद के बाद महिला ने की आत्महत्या

- 3 साल के बच्चे की मां ने रात में लगाई फांसी
- पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

**सहरसा, एजेंसी।** बिहार के सहरसा जिला के बनमा ईटहरी थाना क्षेत्र के पहलाम गांव से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जहा सास और बहू के बीच हुए झगड़े के बाद 24 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना रविवार की देर रात की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रविवार को मृतका और उसके सास के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हुआ था पर कुछ समय बाद मामला शांत हो गया। मृतका की शादी चार साल पहले थाना क्षेत्र निवासी से विभाष ठाकुर से हुई थी। मृतका का पति पूना में रहता है। वहां किसी प्राईवेट कम्पनी में काम करता है। मृतका सुप्रीया के पीछे उनका तीन वर्षीय बच्चा को छोड़ गई। उसके परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। विभाष ठाकुर की पत्नी सुप्रीता उर्फ मधु ने रविवार देर रात अपनी सास से किसी बात को लेकर हुई कहासुनी के बाद यह कदम उठाया। सोमवार सुबह जब इस घटना की जानकारी मिली, पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## नहर में नहाने गए 2 लड़के की डूबने से मौत

- मोतिहारी में पानी के तेज बहाव में नहीं मिला शव

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी के कल्याणपुर थाना क्षेत्र की तिरहुत मेन केनाल में स्नान करते समय दो किशोर की डूबकर मौत हो गई। घटना ध्रुप पकड़ी और नारायणपुर केनाल के पास हुई। दोनों युवक पकड़ी दीक्षित पंचायत के वार्ड संख्या 7 के निवासी थे। मृतकों में सुमित कुमार (16) और सुमित कुमार (20) शामिल हैं। दोनों युवक मोटरसाइकिल से नहर पर स्नान करने पहुंचे थे। वहां पहले से कई स्थानीय बच्चे नहा रहा था। स्नान के दौरान दोनों गहरे पानी में चले गए और डूब गए। सूचना पर एसआई शिवनाथ प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। नहर में तेज बहाव के कारण शव नहीं मिल पाया। जिला मुख्यालय से गोताखोरों को बुलाया गया है। घटना की सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी रणधीर प्रसाद ने तत्काल मदद के बजाय कल आने की बात कही। इससे नाराज ग्रामीणों ने चकिया-केसरिया मुख्य मार्ग पर बलिबेलवा के पास जाम कर दिया और आगजनी की। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को शांत कराया। सुमित कुमार(20) की शादी 5 मई 2025 को हुई थी। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा और दो बहनों का अकेला भाई था। मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी पत्नी मनीषा देवी और मां मालती देवी का रो-रो कर बुरा हाल है।

## कांवरियों के चलने वाले रास्ते पर बने हैं गड्ढे

**भागलपुर, एजेंसी।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला 11 जुलाई से होना तय है। कांवरियों को बेहतर सुविधा प्रदान के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन यहां की सड़कें खासकर बाईपास रोड, स्टेशन रोड की सड़कें कांवरियों के निकलने वाली सड़क है। जिसमें जगह-जगह गड्ढे विराजमान हैं। जिस कारण कांवरियों को इन सड़कों पर चलने में कठिनाई हो सकती है। कांवरिया जल भरकर नमामि गंगा घाट से पैदल इसी रास्ते से स्टेशन रोड में निकलते हैं। जहां कई छोटे-छोटे गड्ढे बन गए हैं। स्टेशन रोड, बाईपास रोड में जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। नाला उड़ाही का कार्य अभी भी जारी है। नाले पर सभी जगह ढक्कन नहीं लगाए गए हैं।

# मुझे बिहार आने से रोकने की साजिश हो रही है, नालंदा में बोले चिराग पासवान

**नालंदा, एजेंसी।** बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हैं। इस बीच केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृहजिला नालंदा में एक जनसभा को संबोधित किया।

चिराग पासवान ने इस रैली में कहा कि उन्हें बिहार आने से रोकने की साजिश हो रही है। यहां जनसभा को संबोधि करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि कई लोग इस बात से घबराए हुए हैं कि मैं बिहार आना चाहता हूं। वे जानना चाहते हैं कि क्या मैं यहां चुनाव लड़ूंगा। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मैं बिहार के लिए विधानसभा चुनाव लड़ना चाहता हूं। ताकि 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' का मेरा सपना साकार हो सके।



### बिहार आने से रोकने की साजिश - चिराग पासवान

चिराग पासवान ने कहा, आज जब चिराग पासवान वापस बिहार लौटना चाहता है तो कइयों को तकलीफ होती है। कइयों की चिंता बढ़ती है क्योंकि यह वही लोग हैं जिन्होंने 90 के दशक में लाखों बिहारियों को पलायन करने पर मजबूर किया। आज जब वो बिहारी वापस अपने राज्य आना चाहते हैं तो इन विपक्षी नेताओं को तकलीफ होती है। आज फिर एक साजिश रची जा रही है चिराग पासवान को रोकने के लिए। एक वो दौर था जब चिराग पासवान ने साल 2020 में बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट का नारा दिया था। उस वक्त साजिश रची गई थी चिराग पासवान को समाप्त करने के लिए। घर, पार्टी सबकुछ तोड़वाने का काम किया गया था। आज फिर वहीं साजिश रची जा रही है क्योंकि चिराग पासवान यह चाहता है कि अपने राज्य वापस आए, अपने परिवार के पास वापस आए और यहीं रहकर आप लोगों के साथ मिलकर बिहार को फर्स्ट और बिहारियों को फर्स्ट बनाए।

### केंद्रीय मंत्री ने कहा

नालंदा के राजगीर में 'बहुजन भीम संकल्प समागम' नाम की रैली को संबोधित केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'मेरे रास्ते में बाधाएं खड़ी की जा रही हैं। लेकिन मैं निराश नहीं होने वाला। मेरी पार्टी में विभाजन और मेरे परिवार में दरार पैदा करके मुझे तोड़ने के पहले के प्रयास मुझे हतोत्साहित करने में विफल रहे हैं। मैं पार्टी कार्यकर्ताओं से आग्रह करता हूं कि वे सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में फैल जाएं और राजग की जीत के लिए उसी तीव्रता के साथ लड़ें, जैसे चिराग पासवान खुद मैदान में हों। आप मुझे विधानसभा चुनावों में राजग की जीत दिलाइए। मैं आपको एक विकसित बिहार दूंगा।'



## नालंदा में महिला ने 3 बच्चों के साथ खाया जहर: सल्फास की गोली से बनाया शरबत

**पति से झगड़े के बाद की आत्महत्या की कोशिश**

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में पति से झगड़े के बाद महिला ने 3 बच्चों के साथ जहर खा लिया है। घरेलू विवाद से परेशान एक महिला ने आत्महत्या का प्रयास किया है। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र के मघड़ा गांव का है। खुशबू कुमारी (35) ने रात में अपने पति राजीव रविदास के साथ हुए विवाद के बाद यह कदम उठाया। घटना के प्रत्यक्षदर्शी और पीड़ित बच्चे कल्लू कुमार (8) के अनुसार, बीती रात मां-बाप के बीच किसी बात को लेकर तीखी बहस हुई थी।

सुबह खुशबू कुमारी ने सामान्य दिनचर्या के अनुसार सभी के लिए नाश्ता तैयार किया। उनके पति राजीव रविदास मजदूरी के लिए बिहार शरीफ चले गए। पति के जाने के कुछ समय बाद ही खुशबू कुमारी ने खेतों में छिड़काव के लिए इस्तेमाल होने वाले सल्फास के पाउडर को पानी में मिलाकर शरबत बनाया। महिला ने पहले अपने तीनों बच्चों - 10 साल की सुगी कुमारी, 8 साल की कल्लू कुमार और 4 साल की आर्यन कुमार को यह जहरीला घोल पिलाया, और फिर खुद भी इसका सेवन कर लिया।

**ग्रामीणों की मदद से अस्पताल में कराया भर्ती :** जहर के प्रभाव से सभी की हालत बिगड़ने लगी। घर के बुजुर्ग राज कुमार रविदास (खुशबू के ससुर) ने तुरंत गांव वालों की मदद से अपने बेटे राजीव रविदास को इस घटना की जानकारी दी। गांव के लोगों ने तत्काल सभी चारों को मॉडल अस्पताल बिहार शरीफ पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज की सुविधा को देखते हुए सभी मरीजों को उच्च चिकित्सा केंद्र एम्स पावापुरी रेफर कर दिया है। दीपनगर थाना के थानाध्यक्ष जितेंद्र राम ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद की वजह से महिला ने यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि महिला ने पहले अपने बच्चों को जहर खिलाया और फिर खुद भी सेवन किया। फिलहाल, स्थिति नियंत्रण में है और हम मामले की जांच कर रहे हैं।

## नालंदा के तेतरावां PSS को मिलेगी राहत, तकनीकी समस्याओं से मिलेगा छुटकारा

# बड़ी पहाड़ी ग्रिड से जुड़ेगा नया 33 केवी ट्रांसमिशन लाइन

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा के बिहारशरीफ प्रखंड में तेतरावां पावर सब स्टेशन (पीएसएस) के बिजली आपूर्ति में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। सालों से ट्रिपिंग और ब्रेकडाउन की समस्या से जूझ रहे इस क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं को जल्द ही राहत मिल सकती है। बिजवनपर से तेतरावां तक 14 किलोमीटर लंबी 33 केवी नई ट्रांसमिशन लाइन बिछाने का काम शुरू हो गया है। इस परियोजना के तहत तेतरावां पीएसएस को शहर के बड़ी पहाड़ी ग्रिड से जोड़ा जाएगा, जिससे वर्तमान में आने वाली तकनीकी समस्याओं का स्थायी समाधान होगा। वर्तमान स्थिति की बात करें, तो तेतरावां पीएसएस को पड़ोसी जिला शेखपुरा के शेखोपुरसराय ग्रिड से बिजली की आपूर्ति होती है। अधिक दूरी के कारण यहां बार-बार ट्रीपिंग और ब्रेकडाउन की समस्या आती रहती है, जिससे स्थानीय निवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### मुख्यालय को स्वीकृति के लिए भेजा

परियोजना का प्राक्कलन इसी साल जनवरी में तैयार करके मुख्यालय को स्वीकृति के लिए भेजा गया था। स्वीकृति मिलने के उपरांत एजेंसी का चयन कर पोल गाड़ने का काम शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, यदि सब कुछ नियोजित तरीके से चलता रहा तो अगले छह महीने के अंदर यह परियोजना पूरी हो जाएगी। इस नई व्यवस्था की विशेषता यह है कि तेतरावां पीएसएस को रिंग सिस्टम के माध्यम से जोड़ा जाएगा। इससे न केवल बड़ी पहाड़ी ग्रिड से बिजली मिलेगी,



बल्कि आवश्यकता पड़ने पर शेखोपुरसराय ग्रिड से भी विकल्प के रूप में बिजली ली जा सकेगी। यह टू-वे सिस्टम बिजली आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित करेगा। वर्तमान में शेखोपुरसराय ग्रिड से नालंदा जिले के कतरीसराय, वादी, घोसरावां और तेतरावां - ये चारों पीएसएस जुड़े हुए हैं। एक ही 33 केवी लाइन पर इतने सारे पीएसएस के जुड़े होने और अधिक दूरी के कारण, विशेषकर गर्मियों में जब बिजली की मांग बढ़ जाती है, तो ओवरलोडिंग की गंभीर समस्या पैदा हो जाती है।

### अन्य क्षेत्रों में भी सुधार की पहल

इसके अतिरिक्त, नूरसराय और थरथरी पीएसएस के लिए भी सुधार की योजना पर काम जारी है। इन दोनों पीएसएस को बड़ी पहाड़ी ग्रिड के साथ-साथ हरनौत के चेरन ग्रिड से भी बिजली मिल सकेगी। धमौली से नूरसराय के बीच नई लाइन बनाने का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है, जिससे इन दोनों प्रखंडों के बिजली उपभोक्ताओं को भी जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। बिहारशरीफ (ग्रामीण) के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर रूपक कुमार ने बताया कि ÷तेतरावां पीएसएस को बड़ी पहाड़ी ग्रिड से बिजली देने के लिए 14 किलोमीटर 33 केवी नई लाइन का निर्माण किया जा रहा है। पोल गाड़ने का काम पहले ही शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही चेरन ग्रिड से नूरसराय व थरथरी पीएसएस को बिजली देने के लिए भी नई लाइन बिछाई जा रही है।÷

## सहरसा में सांप के काटने से बच्चे की मौत

**अनुमंडलीय अस्पताल में एंटीवेनम नहीं होने पर किया रेफर, रास्ते में गई जान**

**सहरसा, एजेंसी।** सहरसा के सिमरी बख्तियारपुर में 7 साल के बच्चे की सांप के काटने से मौत हो गई। घटना वार्ड नंबर-28 स्थित हटिया गाछी मुहल्ले की है। मृत बच्चे की पहचान संजय पोद्दार के बेटे कृष्णा कुमार के रूप में हुई है। रविवार की रात सांप काटने के तुरंत बाद परिजन बच्चे को लेकर सिमरी बख्तियारपुर के अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। पिता संजय पोद्दार ने बताया कि अस्पताल पहुंचने में मात्र 13 मिनट का समय लगा। लेकिन अस्पताल में सांप के काटने की दवा एंटीवेनम उपलब्ध नहीं थी। इसलिए डॉक्टरों ने बच्चे को सहरसा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सहरसा सदर अस्पताल पहुंचने तक देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने कृष्णा को मृत घोषित कर दिया।



### सीएस ने जांच का दिया आश्वासन

कृष्णा तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था। उसके पिता ट्रेन में पेड़ा बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। परिजनों का आरोप है कि सिमरी बख्तियारपुर अस्पताल में समय पर इलाज और जरूरी दवा मिलती तो बच्चे की जान बचाई जा सकती थी। सहरसा के सिविल सर्जन ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

## बिहार में डॉक्टर से मांगी रंगदारी, पटना से बिल्डर समेत तीन अरेस्ट, कैश और हथियार मिले

**पटना/दरभंगा, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना से सटे फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के सगुना मोड़ स्थित एक अस्पताल संचालक डॉक्टर से दो करोड़ की रंगदारी मांगने के मामले में एसटीएफ ने दरभंगा और पटना से बिल्डर सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने शनिवार को दरभंगा के यूनिवर्सिटी थाने की पुलिस के सहयोग से दिल्ली मोड़ स्थित रियल स्टेट कंपनी के कार्यालय से पटना निवासी बिल्डर नूर मोहम्मद उर्फ लाल बाबू और उसके सहयोगी मोहम्मद फरहान को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर एसटीएफ ने फुलवारीशरीफ से अन्य आरोपित मोहम्मद सैफ को भी धर दबोचा। आरोपितों के पास से एक पिस्टल, एक देसी पिस्टल, 11 कारतूस, दो मेगजीन, पांच मोबाइल फोन और ढाई लाख रुपये बरामद किए गए हैं। वरीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि सिसरो अस्पताल संचालक डॉक्टर महेश से फोन पर दो करोड़ की रंगदारी मांगी गई थी। रंगदारी नहीं देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। पीड़ित की शिकायत पर फुलवारी थाने में शनिवार को केस दर्ज किया गया था।



# उद्घाटन के दिन रोबोट के साथ सेल्फी की भीड़, 1 मिनट में पहुंचाया खाना-बिल

**ऑनर बोले- अभी बहुत कुछ अपग्रेड होगा, कस्टमर्स ने कहा- शानदार है पहल**



**पटना, एजेंसी।** राजधानी पटना का पहला रोबोटिक रेस्टोरेंट कंकड़बाग में खुला है। रविवार के दिन रेस्टोरेंट का उद्घाटन था, सिर्फ रोबोट को देखने के लिए रेस्टोरेंट में भीड़ लग गई। रोबोट के साथ सेल्फी लेने की भी होड़ मची रही। रेस्टोरेंट में आए लोगों को रोबोट ही खाना परोस रहे थे। खाने के बाद कस्टमर को बिल भी थमाया। पटना मेयर सीता साहू समेत रेस्टोरेंट के अंदर आए सभी ग्राहकों को रोबोट ने नाश्ते कराए। प्लेट और बिल दोनों महज 1 मिनट में सर्व किया। ऑनर राजकुमार ने बताया कि इसमें अभी बहुत कुछ अपग्रेड होना बाकी है। जैसे अपग्रेड होगा। रोबोट इससे बेहतर तरीके से फंक्शनल हो जाएंगे।



### कस्टमर का रिएक्शन...

रेस्टोरेंट में पहुंचें पूर्व सांसद अरूण कुमार ने कहा कि यह शानदार पहल है। पहले बड़े महानगरों में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाता था। आज अपने पटना में भी हो रहा है। बहुत अच्छा लगा। कस्टमर प्रिंस ने कहा कि बहुत खुशी हो रही है। मेट्रो सिटी का मजा पटना में आ रहा है। रोबोट का क्रेज भी शानदार है। आज रोबोट यहां स्टार बना हुआ है। खाने परोसने से ज्यादा लोग सेल्फी लेकर खुश हो रहे हैं। ऋतुराज कुमार ने बताया कि कोशिश शानदार की गई है। बहुत खुशी हो रही है कि पटना में ऐसी चीजें डेवलप हो रही हैं। लोग टेक्नोलॉजी को तरजीह दे रहे हैं।

### हैदराबाद के रेस्टोरेंट से आया आइडिया

रेस्टोरेंट के ऑनर राजकुमार ने बताया, मैं खुद एक शेफ हूं। आईएचएम बेंगलुरु से पास आउट हूं। आईटीसी मुंबई, अलग-अलग शिप और कई देशों में काम कर चुका हूं। 24 लाख वाले पैकेज की नौकरी छोड़कर मैंने इस रेस्टोरेंट को खोला है। एक बार मैं हैदराबाद के एक रेस्टोरेंट में खाना खाने गया था। उस रेस्टोरेंट में रोबोट खाना परोस रहे थे, जो लोगों को अपनी ओर अट्रैक्ट कर रहे थे। छोटे-छोटे बच्चे वहां खाना खाने से ज्यादा मौज-मस्ती करते नजर आए। यह कंसेप्ट मुझे बहुत अच्छा लगा। इसी कंसेप्ट पर बिहार में पहली बार पटना में रोबोट मंगाया गया है। हमारा फोकस रेस्टोरेंट में आए हर फैमिली पर होगा, ताकि उनके साथ जो छोटे-छोटे बच्चे आएंगे, वो खाने के साथ-साथ मौज मस्ती भी कर सकें। इसके लिए अलग से रेस्टोरेंट के अंदर प्ले जोन बनाया गया है।

### 40 हजार रुपए तक देते हैं सैलरी

राजकुमार आगे कहते हैं, रेस्टोरेंट में टोटल 22 स्टाफ हैं। हेड शेफ को 40 हजार, शेफ दी पार्टी को 30 हजार, कूक को 25 हजार और नॉर्मल स्टाफ को 15 हजार की सैलरी देता हूं। इस फील्ड में मुझे 15 साल का एक्सपीरियंस हैं। यूएस बेस कंपनी रॉयल कैंबेरियन में भी मैं शेफ रह चुका हूं। वहीं, राजकुमार के बड़े भाई महेश कुमार कंकड़बाग में ही अपना कोयला रेस्टोरेंट चलाते हैं, जो कोयला पर खाना पकाने के लिए फेमस है।

# बीएलओ की भूमिका को बताया गया पुनरीक्षण की रीढ़, फील्ड सत्यापन को प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 के तहत विभिन्न प्रखंडों में मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारियों (बीएलओ) का प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 जून 2025 को संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण संबंधित निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों (ईआरओ) की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। ईआरओ द्वारा बीएलओ को विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि यह कार्य पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ संपन्न किया जाए। प्रशिक्षण के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नामांकन से वंचित न रहे और कोई भी अयोग्य अथवा मृत व्यक्ति का नाम सूची में बना न रहे। प्रशिक्षण सत्र में ईआरओ द्वारा बीएलओ को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन एवं आधार लिंकिंग हेतु प्रयुक्त प्रपत्रों - फॉर्म-6, फॉर्म-7, फॉर्म-8 और फॉर्म-6बी- की प्रक्रिया, जांच पद्धति और दस्तावेज़ों की सत्यता की पुष्टि करने के मानदंडों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बीएलओ को निर्देशित किया गया कि वे फील्ड स्तर पर घर-घर जाकर सत्यापन करें और प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराना सुनिश्चित करें।



ईआरओ ने कहा कि बीएलओ की भूमिका इस विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की रीढ़ है। इनकी सक्रियता, सजगता और सतर्कता ही कार्यक्रम की सफलता की कुंजी है। उन्होंने यह भी कहा कि बीएलओ को प्रत्येक आवेदन की निष्पक्ष जांच करते हुए उचित कार्यवाही करनी है और निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करनी हैं। प्रशिक्षण के अंत में ईआरओ द्वारा बीएलओ से संवाद कर क्षेत्रीय समस्याओं, पूर्व अनुभवों और चुनौतियों पर भी चर्चा की गई, ताकि आगामी कार्यों को बेहतर रणनीति और समन्वय के साथ क्रियान्वित किया जा सके। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मतदाता सूची को अद्यतन, त्रुटिरहित और विश्वसनीय बनाने की दिशा में एक ठोस पहल है, जिससे लोकतंत्र की बुनियाद और भी मजबूत होगी।

## हसपुरा-पचरुखिया रोड पर चला सघन वाहन जांच अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** थाना क्षेत्र के हसपुरा-पचरुखिया मुख्य मार्ग पर सोमवार की सुबह टाल मोड़ के समीप हसपुरा पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गई। अभियान का नेतृत्व एसआई सुगंध कुमार ने किया, जो बी. खलीफा दल-बल के साथ मौके पर मौजूद थे। वाहन जांच के दौरान चालक-यात्रियों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई। एसआई सुगंध कुमार ने बताया कि वाहन चलाते समय चारपहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट और बाइक चालकों के लिए हेलमेट अनिवार्य है, जिससे उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहनों के कागजात के साथ-साथ डिक्की की भी जांच की। एसआई ने बताया कि यह कार्रवाई जिला पुलिस कप्तान के निर्देशानुसार की जा रही है।

# सत्य भूषण आर्य बने व्यवहार न्यायालय बांका के नये जिला जज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** स्थानांतरण पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सत्य भूषण आर्य का आज जिला विधिज्ञ संघ में विदाई दी गई है। हाईकोर्ट पटना द्वारा न्यायाधीश का तबादला व्यवहार न्यायालय बांका में प्रधान जिला जज के रूप में किया गया हैं। न्यायाधीश सत्य भूषण आर्य परिवार न्यायालय के 13वें प्रधान न्यायाधीश थे। उनका कार्यकाल में 22 जनवरी 24 से 30 जून 2025 तक रहा। अपने कार्यकाल के दौरान लगभग 2200 रिकॉर्ड वादों का निष्पादन किया। इस कार्यकाल में लोक अदालत में भी सर्वाधिक पारिवारिक मामलों का निष्पादन कराया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि न्यायाधीश सत्य भूषण आर्य के सराहनीय कार्यकाल रहा। आज व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के प्रधान न्यायाधीश सत्य भूषण आर्य, जिला जज प्रथम इसरार अहमद, जिला जज द्वितीय विश्व विभूति गुप्ता ने जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद एवं अधिवक्ता संघ औरंगाबाद में घुम घुम कर तमाम अधिवक्ताओं से मिले। न्यायिक कार्य में बार एवं बेंच के मधुर संबंध की सराहना करते हुए इसे बरकरार रखने की उम्मीद जताई। न्यायिक कार्य में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। अधिवक्ता ने आगे बताया कि पटना हाईकोर्ट ने व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश बेतिया के जिला जज न्यायधीश अरूण कुमार को बनाया है जो शीघ्र ही पदभार ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल, जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय, महासचिव जगनरायण सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह और महासचिव सिद्धेश्वर विधार्थी, प्रदीप कुमार, मुकेश कुमार सिंह, विनय कुमार मिश्रा, अंजनी कुमार सरोज, चंद्रकांता कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे।




# 'न्याय चला आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत लोगों को मिलेगी विधिक सहायता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** न्याय चला आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न प्रखंड परिसर में मोबाइल लोक अदालत सह जागरुकता शिविर का आयोजन किया जाना है। यह कार्यक्रम बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के संयुक्त तत्वाधान में किया जायेगा। सचिव तान्या पटेल के द्वारा बताया गया कि आगामी 2 जुलाई 2025 से लेकर 04.07.2025 तक जिले के विभिन्न प्रखंडों में सुलहनीय वादों के निस्तारण हेतु मोबाइल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उनके द्वारा बताया गया कि 2 जुलाई 2025 को मदनपुर, रफीगंज, देव प्रखंड परिसर में दाखिल खारिज, बैंक ऋण बीमा कंपनी एवं अन्य सुलहनीय एवं पूर्व विवाद से सम्बंधित मामलों का का निस्तारण मदनपुर प्रखंड परिसर में समय 11:00 पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक किया जायेगा। इसी तरह 3 जुलाई 2025 को औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय से संबधित सुलहनीय लंबित वाद औरंगाबाद अनुमंडल न्यायालय लंबित वाद औरंगाबाद, कुटुंबा, नबीनगर, प्रखंड से संबधित दाखिल खारिज, बैंक ऋण बीमा कंपनी एवं अन्य सुलहनीय एवं पूर्व विवाद का निस्तारण औरंगाबाद प्रखंड परिसर में किया जायेगा। इसी तरह 4 जुलाई 2025 को दाउदनगर अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय से सम्बंधित सुलहनीय लंबित वाद अनुमंडलीय न्यायालय से लंबित वाद दाउदनगर, ओबरा, गोह, हसपुरा, प्रखंड एवं अंचल से संबंधित वादों का निस्तारण दाउदनगर प्रखंड परिसर में किया जायेगा। उक्त सभी आयोजन संबधित प्रखंड परिसर में किया जायेगा। सचिव तान्या पटेल के द्वारा जिले वासियों से यह अपील की गई है कि जिलेवासी इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाये, क्योंकि यह लोक अदालत उनके नजदीकी प्रखण्ड परिसर में लगाया गया है।

# बीएलओ को घर-घर जाकर पारदर्शी ढंग से कार्य करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को निर्वाचन संबंधी सेविकाओं, कर्मियों और त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण अलग-अलग शिफ्ट में दिया गया, जिसमें बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, बीएलओ ट्रेनर नीरज कुमार और सीडीपीओ ओनम ने प्रतिभागियों को जरूरी दिशानिर्देश दिए। प्रशिक्षण में बीडीओ चौधरी ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का उद्देश्य नए योग्य मतदाताओं का नाम जोड़ना और अपूर्ण दस्तावेज वाले नामों को सूची से हटाना है। उन्होंने बताया कि मतदाता के लिए शैक्षणिक प्रमाणपत्र, सरकारी पहचान पत्र, भूमि दस्तावेज, निवास प्रमाण पत्र सहित कुल 11 वैध दस्तावेजों में से किसी एक की उपलब्धता अनिवार्य है। साथ ही यह भी कहा गया कि आधार कार्ड और राशन कार्ड को पहचान पत्र के रूप में मान्यता नहीं मिलेगी। बीएलओ को निर्देश दिया गया कि वे घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करें, और किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम छूटने न पाए। नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया बीएलओ मौके पर ही करें, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। बीडीओ ने यह भी बताया कि इस प्रकार का कार्य वर्ष 2003 में हुआ था और अब पुनः 2025 में इसका आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण में प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, उपप्रमुख सत्येन्द्र चौधरी, पंचायत सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह, कुंदन कुमार, शाह फैसल, अमित कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रखंड कर्मी उपस्थित रहे।

# भोजनालय के दरवाजे की कुंडी उखाड़ 40 हजार की चोरी, दिया आवेदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** नवादा थाना क्षेत्र के सरदार पटेल बस पड़ाव परिसर स्थित भोजनालय के दरवाजा के कुंडी उखाड़कर अज्ञात चोरों ने करीब 40 हजार रुपए मूल्य की चोरी की है। इस घटना को लेकर भोजनालय के प्रबंधक शंकर प्रसाद ने एक लिखित शिकायत आरा नवादा थाना को दिया है। आवेदन में बताया कि पटेल बस पड़ाव स्थित भिखारी ठाकुर की प्रतिमा के सामने अवस्थित भोजनालय को 28 जून शनिवार को भोजनालय के प्रबंधक मनसा पांडेय बाग निवासी शंकर प्रसाद रात 8 बजे प्रतिदिन की भांति बंद कर चले गए। रविवार के दिन भोजनालय बंद रहा। सोमवार को जब भोजनालय खोलने सुबह पहुंचे तो देखा कि कमरे का कुंडी, ताला व किवाड़ आदि तोड़ा हुआ है। जब कमरे की छानबीन की तो गैस सिलेंडर, मिठाई, पीतल आदि के बर्तन समेत गल्ले में रखे हुए रुपए समेत दुकान में रखे समान करीब 40 हजार रुपए मूल्य का गायब था। अज्ञात चोरों द्वारा घटना किए जाने की जानकारी शंकर प्रसाद ने 112 डायल कर पुलिस को दी। पुलिस ने आकर घटना स्थल का मुआयना किया। चोरी की घटना को लेकर शंकर प्रसाद ने बताया की इसके पूर्व में भी चोरी की घटना को अज्ञात चोरों द्वारा दी गई है। जिसका पूर्व में भी थाने में मामला दर्ज कराया गया है। इन्होंने बताया की बस पड़ाव के अंदर अपराधी प्रवृति के लोग और नशेड़ी बेखौफ होकर घूमते है। मेरा ही नहीं कभी कोई गुमटी, दुकान या खड़ी रही बसों में से भी चोरी की घटना को अंजाम इनके द्वारा दिया जाता है। पुलिस सिर्फ खानापोशी करने आती है। बस परिसर के अंदर न आरा नगर निगम और न ही पुलिस प्रशासन का कोई भय रहता है। दुकानदारों के साथ साथ ऐसी घटनाओं से यात्रियों में भी भय व्याप्त रहता है। जबकि यह जानते हुए कि यह भोजनालय पत्रकारों का है।

# छंटनी के विरोध में आशा कर्मियों का हल्ला बोल, पूर्व बहाल कर्मियों को प्राथमिकता देने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दाउदनगर के प्रांगण में सोमवार को आशा कर्मियों की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहरी क्षेत्रों में पूर्व से कार्यरत लेकिन छंटनीग्रस्त आशा कर्मियों को नई बहाली प्रक्रिया में प्राथमिकता दिए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि यदि सरकार और स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी इस मुद्दे पर शीघ्र उचित कदम नहीं उठाते हैं तो आशा कर्मी जिला से लेकर राज्य स्तर तक चरणबद्ध संघर्ष शुरू करेंगी। बैठक को संबोधित करते हुए बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोप गुट) के जिला सचिव सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि औरंगाबाद जिले की छंटनीग्रस्त आशा कर्मियों के साथ अन्याय हो रहा है, जिसे किसी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो महासंघ आशा कर्मियों के संघर्ष का नेतृत्व करेगा। सभा को महासंघ के अनुमंडल उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह तथा आशा कर्मियों के संरक्षक कॉमरेड बिरजू चौधरी ने भी संबोधित किया और सरकार पर भेदभावपूर्ण नीति अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सिर्फ औरंगाबाद जैसे गिने-चुने जिलों में ही शहरी आशा कर्मियों को हटाया गया है, जो पूरी तरह से अनुचित है। सभा की अध्यक्षता लालमुनि देवी ने की, जबकि संचालन कविता कुमारी ने किया। बैठक में देवमुनि कुंवर, धनकेशरी देवी, मंजू देवी, पार्वती कुंवर, ऊषा देवी सहित दर्जनों आशा कर्मी उपस्थित रहीं। अंत में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर संघर्ष को तेज करने का निर्णय लिया गया।



## युवक पर गिरी बाइक, जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर के जसोइया मोड़ स्थित अचानक एक व्यक्ति पर बाइक गिर गया, जिससे वह घायल हो गया। घायल की पहचान बारुण थाना क्षेत्र के जोगिया गांव निवासी नैन अंसारी के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल ने बताया कि वह जसोइया मोड़ के समीप बैठा हुआ था और उसके बगल में एक बाइक खड़ा था। इसी दौरान बाइक उसके ऊपर गिर गया, जिससे वह दबकर घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया।

# चिराग नहीं बनेगा मुख्यमंत्री कहकर युवक पर चाकू से हमला, गंभीर रूप से जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दाउदनगर थाना क्षेत्र के जिनोरिया बस स्टैंड के समीप रविवार की रात चिराग पासवान को लेकर हुए विवाद में एक युवक को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। जख्मी युवक की पहचान धनावां गांव निवासी मृत्युंजय पासवान के रूप में हुई है, जो लोजपा (रामविलास) के पंचायत अध्यक्ष भी हैं।

जानकारी के अनुसार, मृत्युंजय पासवान अपने पंचायत के साथियों के साथ राजगीर में आयोजित चिराग पासवान की रैली में शामिल होकर लौट रहे थे। लौटने के बाद वे जिनोरिया बस स्टैंड के पास एक मेडिकल दुकान पर दवा लेने पहुंचे, जहां पहले से मौजूद कर्मा गांव निवासी गोविंद सिंह और झवई गांव निवासी रवि यादव से उनकी राजनीतिक बहस हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बहस के दौरान एक युवक ने कहा कि ॒चिराग पासवान कभी मुख्यमंत्री नहीं बनेगा।ॅ इसी बात पर विवाद बढ़ गया और देखते ही देखते दोनों युवकों ने चाकू से हमला कर मृत्युंजय को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। जख्मी युवक के पिता कपिल देव पासवान ने दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद शिकायत दाउदनगर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि जल्द ही आरोपितों की गिरफ्तारी की जाएगी। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है।

# विद्युत करंट से मानव बल घायल, सीएचसी में भर्ती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के बाबूगंज स्थित डिहवार स्थान के पास सोमवार को विद्युत सब-स्टेशन में कार्यरत मानव बल गुड्डू कुमार चौरसिया करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय राहगीर व वार्ड पार्षद राजू मिश्रा, विजय मिस्त्री और दीपक भारती की मदद से उन्हें तत्काल रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर धनंजय शर्मा की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान बाबूगंज शिक्षक कॉलोनी निवासी चंदेश्वर प्रसाद चौरसिया के 42 वर्षीय पुत्र गुड्डू कुमार चौरसिया के रूप में हुई है। वे वर्तमान में रफीगंज विद्युत सब-स्टेशन में मानव बल के रूप में कार्यरत हैं। सहकर्मी सुभाष कुमार ने बताया कि सोमवार की दोपहर गुड्डू कुमार एक उपभोक्ता के घर बिजली मरम्मत का कार्य कर रहे थे, इसी दौरान वे करंट की चपेट में आ गए। घटना की जानकारी मिलते ही शहरी व ग्रामीण ख्व मारुति नंदन प्रियदर्शी, सुभाष कुमार, जुगेश सुमन, पंकज कुमार, मुकेश कुमार, प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार यादव, पूर्व सिहुली पंचायत मुखिया रंजीत यादव, बबलू रिडर और कपील कुमार समेत कई लोग मौके पर पहुंचे।

# उप विकास आयुक्त के निर्देश पर विभागों को मिली जिम्मेदारी, प्रचार-प्रसार पर भी दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिले में जल-जीवन-हरियाली अभियान की प्रगति की समीक्षा को लेकर सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक उप विकास आयुक्त के निर्देश पर आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

बैठक में डीआरडीए निदेशक, एनईपी निदेशक, विकास शाखा के प्रभारी पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, जिला परियोजना पदाधिकारी (गंगा समिति भोजपुर), जल-जीवन-हरियाली अभियान के नोडल पदाधिकारी एवं यंग प्रोफ़ेशनल सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लिए निर्धारित विभागवार लक्ष्यों के अनुरूप अब तक की उपलब्धियों और लंबित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन (2.0)' के अंतर्गत जल संचयन से जुड़ी संरचनाओं की दैनिक प्रविष्टि जेएसए-सीटीआर पोर्टल पर 1 अप्रैल 2025 से 31 मई 2026 तक अनिवार्य रूप से की जाए। सभी संरचनाएं सुनियोजित, एकीकृत हों और उनका प्रभाव जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे, यह सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को जल-जीवन-हरियाली दिवस मनाने और इसे जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार के साथ आयोजित करने पर भी सहमति बनी। सूचना एवं जन संपर्क विभाग ने जानकारी दी कि जल-जीवन-हरियाली अभियान की उपलब्धियों पर एक वीडियो डॉक्यूमेंट्री बनाई जा रही है, जिसके लिए जिलों में किए गए प्रभावी कार्यों का वीडियो शूट होगा। संबंधित विभागों को कहा गया कि वे आगामी तीन दिनों में अपने क्षेत्र के उत्कृष्ट स्थलों का चयन कर विवरण जेजेएच भोजपुर वाट्सऐप ग्रुप में साझा करें। इसके अलावा, अभियान से जुड़ी गतिविधियों का प्रिंट एवं सोशल मीडिया के माध्यम से नियमित प्रचार करने का भी निर्देश दिया गया।

# जनसंपर्क पदयात्रा की तैयारी की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** आम आदमी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की अहम बैठक सोमवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पर्यवेक्षक कृष्ण यादव ने की। इस दौरान आगामी 6 जुलाई को प्रस्तावित जनसंपर्क पदयात्रा की तैयारियों को लेकर रणनीति बनाई गई। जिलाध्यक्ष संजय कुमार सैनिक ने बताया कि पार्टी के हाइकमान के निर्देश पर 6 जुलाई को जिले के विभिन्न हिस्सों में जनसंपर्क पदयात्रा निकाली जाएगी। साथ ही बिहार की सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी की जा रही है। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से सदस्यता अभियान भी चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता के बीच जाकर आम आदमी पार्टी की नीतियों और विचारधारा को पहुंचाया जाएगा ताकि विकल्प के रूप में पार्टी को मजबूत किया जा सके। बैठक में मीडिया प्रभारी सुनील कुमार दीप, संगठन मंत्री रमेश सिंह, ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष अमरेश शाह, पप्पू कुमार सिंह, वीरेंद्र अग्रवाल, मुन्ना यादव, बिजेश्वर सिंह, महिला अध्यक्ष निर्मला देवी, वैजयंती देवी, गीता देवी, नीलम देवी समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चेकपोस्ट को चकमा देकर निकला शराब तस्कर, अंबा पुलिस ने 200 मीटर आगे ही धर दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** नेशनल हाईवे 139 पर शराब तस्करी के खिलाफ तैनात पुलिसकर्मियों की लापरवाही एक बार फिर उजागर हो गई। सोमवार को एक तस्कर एरका कॉलोनी के समीप मध निषेध चेकपोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों को चकमा देकर शराब की खेप लेकर निकल गया। हालांकि, वह चेकपोस्ट से महज 200 मीटर दूर ही पहुंचा था कि अंबा थाना पुलिस ने उसे धर दबोचा। गिरफ्तार तस्कर की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के कुशा गांव निवासी उपेंद्र यादव के रूप में हुई है। वह बैटरी चालित स्कूटी पर सवार था और स्कूटी में बड़ी चतुराई से टनाका ब्रांड की 300 एमएल की कुल 150 बोतल देसी शराब छुपाकर ले जा रहा था। प्रभारी थानाध्यक्ष सुमित सुमन ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के पास से कुल 45 लीटर देसी शराब बरामद की गई है। उसके खिलाफ संशोधित मध निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गौरतलब है कि बीते कुछ महीनों में अंबा व कुटुंबा थाना क्षेत्र में शराब और स्प्रिट की कई खेप पकड़ी जा चुकी हैं।



# पोगर में श्रीराम बालसंस्कारशाला का उद्घाटन, सौ से अधिक बच्चों ने लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में संचालित प्रज्ञा पीठ, पोगर में रविवार को श्रीराम बालसंस्कारशाला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर गांव के सौ से अधिक बच्चे कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन शांतिकुंज प्रतिनिधि सुनयन शर्मा, विक्रम कुमार एवं सुशील कुमार (रफीगंज) ने संयुक्त रूप से किया। बालसंस्कारशाला का संचालन सुरेंद्र शर्मा एवं रामबालम प्रसाद ने किया, जबकि स्थानीय जनप्रतिनिधि मुखिया शंकर दयाल यादव ने विशेष अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बालसंस्कारशाला के संचालनकर्ता सनोज कुमार ने बताया कि इसका उद्देश्य बच्चों में नैतिक मूल्यों, संस्कारों, देशभक्ति और सेवा भावना को जाग्रत करना है। ग्रामीण बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ आचार-विचार और आध्यात्मिक मूल्यों की जानकारी देना भी इसका प्रमुख उद्देश्य है।कार्यक्रम में रघु प्रजापत, सूर्यकांत पाल, बृजनंदन सिंह, मनीष कुमार, शिक्षक अमित पाल एवं सुबोध पाल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही।

# विकास ही हमारा मुख्य एजेंडा : अशोक कुमार सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के बौर एवं काजपा पंचायत भवन में सोमवार को जदयू द्वारा बूथ जीतो, चुनाव जीतो अभियान के अंतर्गत बूथ अध्यक्ष एवं बूथ समिति की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष ने की, जबकि संचालन प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह एवं विधानसभा प्रभारी अमरेश चौधरी ने कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तैयार रहने का आह्वान किया। पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने कहा, बूथ स्तर पर जीत सुनिश्चित कर ही हम विधानसभा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों को घर-घर तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। विकास ही हमारा मुख्य एजेंडा है। विधानसभा प्रभारी अमरेश चौधरी ने रफीगंज में संगठन की मजबूती की सराहना करते हुए कहा कि यहां की एकजुटता और सक्रियता बताती है कि एनडीए प्रत्याशी भारी बहुमत से विजय हासिल करेगा।




प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ जनता तक सरकार की योजनाएं और विधायक द्वारा कराए गए कार्यों की जानकारी पहुंचाएं। इस अवसर पर अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव विजय विश्वकर्मा, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष संजय अम्बेडकर, पंचायत अध्यक्ष दीपनारायण सिंह, पप्पू यादव, किशोर कुमार, बौर पंचायत के मुखिया विनय कुमार, सरपंच मनोज कुशवाहा, सोनू वर्मा, महेंद्र वर्मा, डॉ. गोपाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हूल दिवस पर सिदो-कान्हू को दी गयी श्रद्धांजलि

▸ आदिवासी समाज ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश ▸ सांसद मनीष जायसवाल सहित कई गणमान्य हुए शामिल





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग** । सोमवार को हूल दिवस के पावन अवसर पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता, झामुमो नेता फागू बेसरा, सीपीआई नेता गणेश सीटू, भाजपा नेत्री फुलवा कच्छप, भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रमेश हेंब्रम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने बड़ी संख्या में मौजूद आदिवासी समाज के लोगों के साथ हजारीबाग के सिद्धो-कान्हू चौक पर पहुंचकर, हूल विद्रोह के महान नायक और वीर शहीद सिद्धो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया और उनसे संबंधित नारे जयकारे बुलंद किए ।

इस अवसर पर आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहें। उन्होंने अपने हाथों में पारंपरिक हथियार जैसे तीर-धनुष और कुल्हाड़ी के साथ-साथ वृक्ष लेकर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। यह संदेश था कि आदिवासी समाज हमेशा से पर्यावरण और मानवता का हितैषी रहा है। यह दृश्य बेहद प्रेरणादायक था, जो प्रकृति और संस्कृति के गहरे रिश्ते को दशार्ता है।

मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हमें देश की आजादी में झारखंड के असंख्य वीरों के बलिदान का सदैव आदर करना चाहिए। जिस प्रकार उन्होंने एक न्यायपूर्ण देश की कल्पना की थी, हमें उसी दिशा में निरंतर कार्य करते रहना है ताकि उनके सपनों को साकार किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें अपने इतिहास, अपने नायकों और अपने मूल्यों को याद दिलाता है ।

# विदेशी- स्वदेशी दोनों दुश्मनों के खिलाफ था हूल विद्रोह : अविनाश देव




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)** । देशी व विदेशी शत्रुओं के खिलाफ लड़ा गया युद्ध हूल विद्रोह दिवस था। हूल विद्रोह के नायक सिद्धू कानू, चांद भैरव व फूलों झानो के नेतृत्व में अंग्रेजों व महाजनों के खिलाफ चार सौ गांव के बीस हजार क्रांतिकारी गोलबंद हुए थे। 30 जून 1855 को भोगनाडीह में क्रांति के बिगुल फूंक दिए। उन्हीं छह बलिदानी भाई बहनों को याद कर रहे हैं। झामुमो जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने किया। जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में योद्धाओं की तस्वीर के समक्ष शहीद वेदी पर फूल चढ़ा कर नमन कर श्रद्धांजलि दी गई। जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने शहीदों के सपनों का झारखंड बनाने का संकल्प लिया।

# गाली में हाथियों ने मचाया तांडव

▸ कई घरों सहित फसलें क्षतिग्रस्त, एक व्यक्ति घायल

▸ चार बच्चों के साथ 25 हाथियों का था झुण्ड, दहशत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव हजारीबाग।** गोंदलपुरा पंचायत अंतर्गत ग्राम गाली में रविवार की रात्रि को हाथियों के झुंड ने भारी तबाही मचाई। ग्रामीणों के कई घरों को नुकसान पहुंचाया गया और खेतों में खड़ी फसलों को बुरी तरह से रौंद दिया गया। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

हाथियों ने पुनम देवी, सुखदेव गंझू, सुमन देवी, मो. कांति देवी, अजित राम, प्रकाश मुज्याँ, रेशमा देवी, गेगिया देवी, रोहनी देवी, बसंती देवी, अवधेश गंझू, कैशल्या देवी, किरण देवी, दशरथ गंझू, सुनिता देवी, कलावती देवी, शारो देवी, मो. मंजरी देवी, मो. मुलिया देवी, जानंती देवी, तेतरी देवी, सरीता देवी, जमनी देवी, सुरेश मुज्याँ, मालती देवी, सदीप भुइयाँ व प्रविण गंझू आदि के घरों को क्षतिग्रस्त किया। घरों के दरवाजे, खिड़कियाँ तोड़ डाले गए और चावल, गेहूं, महुआ सहित कई जरूरी सामान नष्ट कर दिए गए।

खेतों में लगी फसलों को भी हाथियों ने नहीं छोड़ा। टेकन महतो, शामू महतो, सरोज महतो, सिताराम महतो, जलधर महतो, घनुगोप गोप व प्रविन गंझू के खेतों में लगी धान और अन्य फसलें रौंद दी गईं। हाथियों का यह झुंड सुबह अंबा झरना के जंगल की ओर चला गया। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के इस झुंड में लगभग 25 हाथी थे, जिनमें चार छोटे हाथी भी शामिल थे। हाथियों को भगाने के प्रयास में 30 वर्षीय मोहर गंझू गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज हजारीबाग में चल रहा है।

ग्रामीणों की मांग है कि वन विभाग इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से उचित कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में जान-माल की हानि से बचा जा सके। लगातार हो रहे ऐसे हमलों से ग्रामीणों में भय का वातावरण व्याप्त है।

# नदी पार कर आम की बागवानी का निरीक्षण करने पहुंचे डीडीसी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू के उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन सोमवार को पांडू प्रखंड क्षेत्र में लगे आम बागवानी का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने बांकी नदी पारकर सिलदिली पंचायत के सुदूरवर्ती गुवा सराई गांव में कृष्णा प्रजापति के खेत में लगे आम बागवानी का निरीक्षण किया। वहीं खूरा गांव के कुंडल सिंह व रामबदन बैठा के पीएम आवास में गृह प्रवेश कराया। साथ ही कजरुकला पंचायत के कई गांवों में भी पीएम आवास में गृह प्रवेश कराया। इस क्रम में उन्होंने पांडू के प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी रणबीर कुमार सहित अन्य पदाधिकारी को कई दिशा निर्देश दिए। इसके पूर्व उप विकास आयुक्त ने पांडू प्रखंड कार्यालय में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र में चल रहे प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, 15वें वित्त योजना, मनरेगा, कूप, आम बागवानी के अलावे अन्य कई योजनाओं की पंचायतवार समीक्षा की। उन्होंने बीडीओ को आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। साथ ही खाता में राशि जाने के बावजूद आवास निर्माण शुरू नहीं करने वाले लाभुकों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। समीक्षात्मक बैठक के बाद डीडीसी ने प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में ज्ञान केंद्र पूर्ण रूप से संचालित नहीं किए जाने के सवाल पर प्रखंड विकास पदाधिकारी को शीघ्र पूर्ण रूप से संचालित कराकर उन्हें सूचित करने का निर्देश दिया। मौके पर पांडू पीओ रितेश दुबे, प्रखंड आवास कोऑर्डिनेटर ओमप्रकाश, मुखिया प्रतिनिधि बालमुकुंद पासवान, ललन प्रजापति पंचायत सचिव,रोजगार सेवक सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# संत विनोबा नगर कॉलोनी की सड़क जर्जर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग (मेरावल सिंदूर)।** संत विनोबा नगर कॉलोनी, मेरावल सिंदूर हजारीबाग की मुख्य सड़क की हालत इन दिनों बद से बदतर होती जा रही है। लगभग 150 घरों की यह कॉलोनी जर्जर सड़क की मार झेल रही है।

सुबह और शाम के समय बच्चों को स्कूल ले जाना और लाना मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिनमें बारिश का पानी भर जाता है, जिससे हादसे का खतरा बढ़ गया है। बच्चों का गिरना और बाइक की दुर्घटनाएं अब आम बात हो गई है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि करीब सात वर्ष पूर्व सड़क का निर्माण आरईओ द्वारा लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से कराया गया था, लेकिन अब उसकी हालत देख कर ऐसा लगता है मानो दशकों पुरानी हो।

स्थानीय लोगों ने सांसद, विधायक एवं उपायुक्त हजारीबाग से अपील की है कि इस मामले को गंभीरता से लें और जल्द से जल्द सड़क मरम्मत की दिशा में कार्रवाई हो।

# स्वास्थ्यकर्मी के घर भीषण चोरी

## लाखों के जेवर व सामान मिले गायब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग)।** बीती रात्रि प्रखंड के रामपुर टोला महादेव टांड़ स्थित स्वास्थ्यकर्मी मनोज दिवाकर के घर में भीषण चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने घर का मुख्य ताला और गोदरेज का लॉक तोड़कर लाखों रुपए मूल्य के जेवरात, कीमती बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक्स सामान पर हाथ साफ कर दिया।

घटना के समय मनोज दिवाकर परिवार सहित घर से बाहर थे, जिसका लाभ उठाकर चोरों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया।

सुबह पड़ोसियों द्वारा ताला टूटा देखा गया, जिसके बाद घटना की जानकारी दी गई। पीड़ित ने चौपारण थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

बताया जा रहा है कि चोरी गए सामानों में सोने-चांदी के गहनों के साथ ही महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और बर्तन भी शामिल हैं। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

वहीं लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

# मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



## सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण हजारीबाग।** थाना परिसर में आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी संजय कुमार यादव एवं संचालन थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में मोहर्रम कमिटी के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने मोहर्रम पर्व के दौरान शांति, सौहार्द्र और भाईचारे को बनाए रखने की अपील की। सीओ संजय यादव व थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने कहा कि मोहर्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिसमें जनप्रतिनिधियों और समाज के जागरूक नागरिकों की सक्रिय भूमिका महत्वपूर्ण है।

बैठक में जुलूस के मार्ग, डीजे साउंड, महिला सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, बिजली आपूर्ति सहित कई अहम विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि सभी लाइसेंसधारी अपने मूल लाइसेंस को ताजिया जुलूस के साथ रखें और जुलूस केवल निर्धारित रूट से ही निकाला जाए। जुलूस के दौरान ऐसे कोई भी गाने न बजाएं जो किसी की धार्मिक भावना को आहत करे। सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे अफवाहों पर ध्यान न देकर तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की गई।

इसके साथ ही विवादित झंडों या प्रतीकों को जुलूस में शामिल न करने का भी निर्देश दिया गया।

बैठक में मौजूद सभी प्रतिनिधियों ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे। मोहर्रम कमिटी के सदस्यों ने भी सभी निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया। बैठक सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई और सभी ने मिलकर मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और गरिमामय ढंग से मनाने का संकल्प लिया।

**पूर्व रेलवे**

**सं.ओएच/2/1/जनरल.दिनांक:27.06.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता, IV, हावड़ा, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा समान प्रकृति के कार्य का अनुभव रखने वाले और आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदाकारों से निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिनमें सिंचाई / सीपीडब्ल्यूडी / एसईबी / एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में पंजीकृत निविदाकार भी शामिल हैं: **वरिष्ठ मंडल अभियंता/डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच के अधीन। क्रम सं.: ई निविदा सं. 97_2025-26; कार्य का विवरण:** एईएन / बीएचपी और एईएन/ आरपीएच के तहत सीमित ऊंचाई वाले सबवे के ऊंचाई गेज का मानकीकरण और एडीईएन/आरपीएच के तहत सीमित ऊंचाई वाले सबवे 36,40,38 आदि में दोनों छोर पर छत कवरिंग, जल भंडारण जलाशय के साथ नाबदान, जल निकासी व्यवस्था प्रदान करके मौजूदा सीमित ऊंचाई वाले सबवे के उन्नयन के साथ सुधार; **अनुमानित लागत:** रु. 3,49,73,130.10; **बयाना राशि:** रु. 3,24,900.00; **निविदा प्रपत्र लागत (रु.)** : शून्य; **पूर्ण होने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 08 (आठ) महीने। **निविदा की अंतिम तिथि एवं समय : 21.07.2025, 14.00** बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित समापन तिथि को किसी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित कर दिया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा समापन तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा क्योंकि IREPS की वेबसाइट पर आवेदन निविदा की समापन तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देता है। हालाँकि, ऑनलाइन निविदाएँ अगले कार्य दिवस पर खोली जाएँगी। निविदा का विवरण **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करें। ई-टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा दस्तावेज़ लागत का भुगतान, केवल उपरोक्त वेबसाइट के माध्यम से नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाना चाहिए। **टिप्पणी:-** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए सावधि जमा रसीद (एफडीआर) को ईएमडी के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। (HWH-164/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# शिक्षा विभाग के लिपिक को दो वर्षों की सजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** निगरानी न्यायालय, पटना के न्यायाधीश मो. रुस्तम ने सोमवार को भ्रष्टाचार के एक मामले में जिला शिक्षा कार्यालय, नालंदा के लिपिक राज किशोर सिन्हा को दोषी करार देते हुए उन्हें तीन साल की सश्रम कारावास और 20,000 जुमार्ने की सजा सुनाई है।

यह मामला वर्ष 2009 में निगरानी थाना कांड संख्या 44/2009 के तहत दर्ज हुआ था।

# पेडागॉजी प्रतियोगिता में एलसीएमसीएच के छात्र ने हासिल किया प्रथम स्थान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)** । विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज के छात्र - छात्राओं ने शिक्षण विधि व कौशल पर आधारित पेडागॉजी प्रतियोगिता में अपना परचम लहराया है। प्रतियोगिता में एलसीएमसीएच के छात्र ने प्रथम स्थान हासिल किया। चार अन्य छात्र - छात्राओं ने भी पदक जीता। मालूम हो कि जमशेदपुर के टाटा मणिपाल मेडिकल कॉलेज में अंतराष्ट्रीय स्तर की पेडागॉजी व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमे भारत सहित कई अन्य देशों के मेडिकल कॉलेज के छात्र - छात्राओं ने भाग लिया था। एलसीएमसीएच एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र संदीपनी दीवान ने प्रथम स्थान हासिल कर प्रदेश का नाम रौशन किया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रस्तुतीकरण के लिए प्रांजल जायसवाल, संचित अग्रवाल, ऐश्वर्या यादव व रिया राज को पदक से नवाजा गया। एलसीएमसीएच के प्राचार्य डॉ विवेक कश्यप ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में यहां की तीन टीमों ने भाग लिया था। सभी टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्री-फाइनल राउंड तक सफलता प्राप्त की। यह कॉलेज के लिए गर्व की बात है। बच्चों की यह सफलता उनके प्रतिबद्धता व भविष्य की तैयारी को दशार्ता है। छात्र - छात्राओं की इस अविस्मरणीय सफलता पर चेयरमैन रामचंद्र चंद्रवंशी, कुलाधिपति डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी, डिप्टी डायरेक्टर अनुराग चंद्रवंशी व विवेक चंद्रवंशी ने खुशी जताते हुए बधाई दी।

## दुर्घटना में दो घायल

**खगड़िया।** बिहार के खगड़िया जिले में एनएच-31 पर सतीशनगर-नारायणपुर बॉर्डर के पास सोमवार को एक भीषण सड़क हादसे में दो हाइवा ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ट्रकों के केबिन पूरी तरह चकनाचूर हो गए। हादसे में गिट्टी लदे ट्रक का चालक और उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के संग प्रशासन की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** अर्हता तिथि 01.07.2025 के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण प्रस्ताव की जानकारी साझा करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, अररिया अनिल कुमार की अध्यक्षता में जिले के जनप्रतिनिधियों, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं सभी ईआरओएस के साथ समाहरणालय स्थित परमान सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत विशेष गहन पुनरीक्षण, 2025 के कार्यक्रम के अनुसार 25.06.2025 (बुधवार) से 26.07.2025 (शनिवार) तक प्रत्येक मतदान केन्द्र पर 1,200 निर्वाचकों के मानक के आधार पर मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण हेतु निर्धारित समय-सीमा की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया है कि प्रत्येक मतदान केन्द्र में 1,200 से अधिक मतदाता न हो, यह सुनिश्चित किया जा रह है। आवश्यकतानुसार नये मतदान केन्द्र प्रस्तावित किये गये हैं। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया रहा है कि किसी भी मतदाता को 2 किलोमीटर से अधिक दूरी या प्राकृतिक बाधा पार करके मतदान केन्द्र तक न जाना पड़े। सभी मतदान केन्द्र स्थलों की 100% भौतिक जाँच की जा रही है ताकि भवन सुरक्षित, सुगम तथा आयोग के मानकों के अनुसार हो। नये मतदान केन्द्रों के निर्धारण से पूर्व संबंधित राजनैतिक दलों से परामर्श लिया जाना होता है, ताकि पारदर्शिता और सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।मतदान केन्द्र पुर्नगठन में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

इस क्रम में 30.06.2025 से 06.07.2025 तक मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण के संबंध में दावा-आपत्ति प्राप्त किया जायेगा, जो जिला निर्वाचन कार्यालय या संबंधित ईआरओ को दिया जा सकता है। मतदान केन्द्रों की वर्तमान स्थिति एवं युक्तिकरण हेतु प्रस्ताव भी दिया गया।

जिसमें बताया गया कि कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 2028 है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: 13-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26; दिनांक: 27.06.2025**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल - आसनसोल मंडल में दोषपूर्ण क्वाड केबल का प्रतिस्थापन"। **निविदा मूल्य:** 2,83,43,289.24 रुपये; **बयाना राशि:** 2,91,700.00 रुपये; **कार्य की पूर्णता अवधि:** एलओए जारी होने की तिथि से 12 महीने; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 22.07.2025 को 14.00 बजे। **वेबसाइट विवरण: http://www.ireps.gov.in**

(ASN-100/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

CMYK

# राजधानी को जून में मिली तीन ऐतिहासिक सौगात

## राघोपुर पुल, मीठापुर-महुली फोरलेन और डबल डेकर फ्लाईओवर से खुलेगा विकास का द्वार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार राज्य के विकास और आधुनिक आधारभूत संरचना के निर्माण को प्राथमिकता दे रही है। सिर्फ जून में ही राजधानी पटना को तीन ऐतिहासिक परियोजनाएं प्राप्त हुई हैं। ये परियोजनाएं केवल यातायात और संपर्क व्यवस्था को सुदृढ़ करने वाली ही नहीं हैं, बल्कि राज्य सरकार की दूरदर्शी सोच और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राघोपुर को गंगा पर एक नए पुल से जोड़ने की मंजूरी, मीठापुर-महुली फोरलेन सड़क का लोकार्पण और पटना का पहला डबल डेकर फ्लाईओवर – ये तीनों परियोजनाएं आने वाले समय में राजधानी के साथ-साथ पूरे राज्य को सामाजिक और आर्थिक गति देने का काम करेंगी।

**राघोपुर दियारा को मिली राजधानी से सीधी राह**

23 जून को बिहार के लिए एक ऐतिहासिक दिन बन गया जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन परियोजना के प्रथम चरण में राघोपुर को एनएच-31 से जोड़ने वाले पुल का लोकार्पण किया। वर्षों से नावों के भरोसे राजधानी से जुड़ाव रखने वाले राघोपुर वासियों के लिए यह पुल एक वरदान बनकर आया है। मानसून में संपर्क टूट जाना, स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं से वंचित रहना और रोजगार के अवसरों से कटे रहना अब बीते दिनों की बात हो जाएगी। इस पुल के माध्यम से पटना, हाजीपुर और दियारा क्षेत्र के गांवों के बीच न केवल सीधा और सुलभ संपर्क स्थापित हुआ है, बल्कि यह क्षेत्र अब राज्य के विकास की मुख्यधारा से जुड़ चुका है।

**मीठापुर-महुली फोरलेन : पटना को मिला दक्षिणी विकल्प**

पटना में यातायात के दबाव को कम करने और दक्षिणी क्षेत्रों को राजधानी से बेहतर तरीके से जोड़ने के उद्देश्य से 1400 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित मीठापुर-महुली-पुनपुन फोरलेन परियोजना की शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन किए गए इस एलिवेटेड-सह-एटग्रेड सड़क का मार्ग भूपतिपुर से पुनपुन (एनएच-22) तक है, जो दक्षिण पटना के लाखों निवासियों के लिए राहत लेकर आया है। इससे न केवल वैकल्पिक रूट मिला है, बल्कि पुराने बाइपास पर ट्रैफिक का दबाव भी काफी हद तक कम होगा। यह सड़क भविष्य में दक्षिण पटना के शहरीकरण, व्यापार और निवेश के नए अवसरों की नींव रखेगी।

**पटना को मिला पहला डबल डेकर फ्लाईओवर**

11 जून को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के अशोक राजपथ पर राज्य के पहले डबल डेकर फ्लाईओवर का लोकार्पण किया। 422 करोड़ रुपये की लागत से बने यह सड़क साइंस कॉलेज से पीएमसीएच होते हुए कारगिल चौक तक फैली है। इसका सबसे बड़ा लाभ पटना विश्वविद्यालय, पीरबहोर, सिविल कोर्ट, बीएन कॉलेज, खजांची रोड, मखनियां कुआं और महेंद्रू जैसे क्षेत्रों को मिला है जहां अब यातायात काफी सुगम हो गया है। छात्र, मरीज और व्यवसायी वर्ग इससे खास तौर पर लाभान्वित हो रहे हैं।

ये तीनों परियोजनाओं से यह साबित होता है कि बिहार अब सिर्फ योजना नहीं बनाता, बल्कि उन्हें तय समय के अंदर जमीन पर भी उतारता है।

# बिहार के गांवों में भी मिलने लगी बीएसएनएल की 4जी सेवा : रवीन्द्र कुमार चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बीएसएनएल के बिहार सर्किल के मुख्य महाप्रबंधक रवीन्द्र कुमार चौधरी ने सोमवार को बताया कि बिहार में कुल 2958 4जी मोबाइल बीटीएस लगाने की परियोजना पर काम चल रहा था जो पूरा हो गया है। इसमें से 2550 4जी मोबाइल बीटीएस आज कार्यरत हैं। इसके साथ ही 4जी सैचुरेशन परियोना के तहत 90 बीटीएस लगाने की योजना के अनुरूप अब तक 86 बीटीएस चालू कर दिये गए हैं जो बिहार के विभिन्न जिलों में कार्यरत हैं। इनमें रोहतास, कैमूर, गया, नवादा, मुंगेर, जमुई एवं लखीसराय शामिल है। मोबाइल सुविधा से अभी तक वंचित 210 ग्रामीण इलाकों/गांवों में बीएसएनएल की 4जी सेवा अब कार्यरत हो गई है। चौधरी ने बताया कि हमारी अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर की सुरक्षा एजेंसियां जैसे सीमा सुरक्षा बल के लिए 15 मोबाइल टावर चालू कर दिये गये है और 4जी की सेवा सुचारू रूप से कार्य कर रही है जिससे हमारे सीमा पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को 4जी की सेवायें सुचारू रूप से मिल रही है। हमारे ग्राहकों को कॉलिंग संबंधी शिकायतों के मद्देनजर वोल्ट की सुविधा लगभग 2.5 लाख 4जी ग्राहकों को प्रदान कर दी गई है। सभी ग्राहक अपने मोबाइल सेट से वोल्ट को सक्रिय कर सकते हैं। चौधरी ने बताया कि डेटा ट्रैफिक में लगातार वृद्धि दर्ज करते हुए 4जी सेवा 85 हजार मेगाबाइट की ट्रैफिक आंकड़ा को पार कर लिया गया है जिससे डेटा ट्रैफिक दिन प्रति दिन नई उंचाई को छू रहा है। अब बीएसएनएल अपनी एक और महत्वपूर्ण परियोजना के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगे 250 मोबाइल टावर को 2जी सेवाओं से उन्नत करते हुये 4जी सेवाओं में बदलने की कार्रवाई शुरू कर दी है जिसके तहत लगभग 20 टावर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 2जी मोबाइल को 4जी मोबाइल सेवा में बदल दिए गए हैं और ये 250 2जी के मोबाइल टावर अगले एक महिने में बदल देने की कार्रवाई पूरी कर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि इन सभी उपलब्धियों के लिये बीएसएनएल परिवार टीसीएस, तेजस, सी-डॉट, सेरागॉन, एचएफसीएल के सभी सहयोगी कर्मियों एवं अधिकारियों को बीएसएनएल की तरफ से हार्दिक बधाई देते हैं एवं शुक्रिया अदा करते हैं।

# समानता, संवाद और विकास, यही हमारा संकल्प : दिलीप जायसवाल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा के प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में सोमवार को पसमांदा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में पसमांदा समाज के लोगों ने शिरकत की। सम्मेलन का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद कमरूजमा अंसारी और प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल भी मौजूद थे।

पसमांदा मिलन समारोह में आए समाज के लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि भाजपा की यह विशेषता रही है कि यह सभी धर्म, समुदाय और वर्ग को साथ लेकर चलने की बात करती है। यह 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के नारे पर काम करती है। उन्होंने बिना किसी के नाम लिए विरोधियों को निशाने पर लेते हुए कहा कि मुसलमानों के नाम पर राजनीति खूब हुई, लेकिन कभी भी पसमांदा मुसलमानों को आगे बढ़ाने की कोशिश नहीं की गई। उन्होंने कहा कि अगर पसमांदा का अर्थ की बात करें तो इसका अर्थ ही 'जो पीछे छूट गए' होता है। लेकिन किसी ने भी इनको आगे लाने की कोशिश नहीं की। इनके साथ बराबर भेदभाव किया गया। सबसे गौरतलब है कि इनका राजनीति में इस्तेमाल तो खूब किया गया लेकिन इनको राजनीति में हिस्सेदारी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति करने वालों ने पसमांदा मुसलमानों का जीना मुश्किल कर रखा है। उन्होंने कहा कि इन लोगों के साथ इतना भेदभाव हुआ है कि इसका नुकसान उनकी कई पीढ़ियों को भुगतना पड़ा है। डॉ. जायसवाल ने कहा कि जब एनडीए की सरकार आई तब इन्हें आरक्षण दिया गया। उन्होंने पसमांदा समाज के लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि भाजपा इनकी राजनीति में भी हिस्सेदारी सुनिश्चित करेगी। भाजपा के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मुसलमानों में आज पसमांदा मुसलमानों की संख्या 70 से 80 प्रतिशत है लेकिन ये पिछड़े हुए हैं। उन्होंने स्पष्टता के साथ अपनी बात रखते हुए कहा कि वोटबैंक की राजनीति करने वालों ने पसमांदा मुसलमानों को तबाह कर दिया है। उनके ही एक वर्ग ने पसमांदा मुसलमानों का शोषण किया, लेकिन सही अर्थों में इस पर कभी चर्चा नहीं की गई। उन्होंने कहा कि आज भी उन्हें बराबरी का हक नहीं मिलता, उन्हें नीचा समझा जाता है। यह सब पिछड़े हैं। इनके साथ इतना भेदभाव हुआ कि ये आगे बढ़ ही नहीं पाए। जब केंद्र और बिहार में एनडीए की सरकार बनी तो 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ इनका भी विकास किया गया है। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में पसमांदा समाज के लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी को प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने सदस्यता ग्रहण कराई। सम्मेलन में अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी नूर आलम, पसमांदा समाज के प्रतिनिधित्व करने वाले गुलाम सरवर अंसारी, सब्बीर पंवड़िया, इकबाल अंसारी, हासिम हक्खु, वसीम रजा, शब्बीर, ग्याद्दीन हक्खु सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से पसमांदा समाज के बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।

# इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर 25 लाख तक का इलाज मुफ्त : अशोक गहलोत




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की वर्तमान सरकार ने पिछले 20 वर्षों में सूबे की स्वास्थ्य व्यवस्था को बदहाली के चरम पर पहुंचा दिया है। कैग की हालिया रिपोर्ट में बिहार की खराब स्वास्थ्य व्यवस्था खुलेआम हो चुका है। बिहार में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही राजस्थान की कांग्रेस सरकार के तर्ज पर चिरंजीवी योजना लागू किया जाएगा और सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों में 25 लाख तक का मुफ्त इलाज सभी आय वर्गों के लोगों का किया जाएगा। ये बातें पटना सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कही।

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय महासचिव अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान में राइट टू हेल्थ कानून बनाया गया जिसके हर आपातकालीन परिस्थितियों में पूरा इलाज निःशुल्क करने का प्रावधान किया गया। कांग्रेस की सरकार ने आम व्यक्तियों की आउट ऑफ पॉकेट एक्सपेंडिचर को न्यूनतम कर दिया और इंश्योरेंस कवरेज को सुलभ करके सभी के लिए इंश्योरेंस लागू करने पर विचार किया। चिरंजीवी बीमा योजना के तहत 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा और 5 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा शामिल था। इस योजना में अस्पताल में भर्ती होने के पहले के 5 दिन और छुट्टी होने से 15 दिन तक की दवा फ्री दी जाती थी। यह देश की पहली योजना थी जिसमें हर आय वर्ग के लोग इसका 5 लाख तक की बीमा की राशि का लाभ ले सकते थे। प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के साथ हमने मेडिकल कॉलेज खोले, अस्पतालों की संख्या में वृद्धि की, टीकाकरण, प्रसव सुविधा के साथ डॉक्टर्स की उपलब्धता भी सर्वाधिक कर दी। बिहार के स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली पर बोलते हुए राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि बिहार को गंभीर बीमारियों ने घेर रखा है और बिहार में न अस्पताल हैं न उचित डॉक्टर हैं और न ही दवाई है। यहां चिकित्सा स्टाफ की भारी कमी है। कुल 59,168 स्वीकृत पदों में केवल 23,851 पदों पर नियुक्ति है अर्थात 60% पद रिक्त हैं। आयुष डॉक्टर के 89% पद खाली है। पैरा मेडिकल स्टाफ की भारी कमी और 79% पद रिक्त हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों की 86% तक कमी है। 5081 पदों के मुकाबले मात्र 1580 विशेषज्ञ डॉक्टर है। स्वास्थ्य केंद्रों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हेल्थ सब सेंटर की 57% कमी है, पीएचसी 54% की कमी है, अनुमंडलीय अस्पताल की 47 % कमी दर्ज है। जिला अस्पतालों में 84%, अनुमंडलीय अस्पताल में 93% और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 61% बेड की कमी है।

# लालू की संपत्ति पर बनेगा अनाथालय और वृद्धाश्रम : नीरज कुमार

## दलित, अतिपिछड़ा और अल्पसंख्यक छात्रावास भी बनेगा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जदयू ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर तंज कसते हुए कहा है कि चुनाव के बाद सरकार उनकी अर्जित अकूत संपत्ति जब्त कर अनाथालय, वृद्धाश्रम, दलित छात्रावास, अतिपिछड़ा छात्रावास और अल्पसंख्यक कल्याण छात्रावास बनाएगी। पार्टी के मुख्यमंत्री प्रवक्ता और विधान पार्षद नीरज कुमार ने सोमवार को कहा कि जनता सब जानती है और अब हिसाब भी लेगी। इसके साथ ही राजद विधायक रीतलाल यादव को घेरते हुए नीरज कुमार ने कहा कि उनके चुनाव प्रचार में तेजस्वी यादव दियारा गए थे जब वे जेल गए तो कहा गया कि यह विपक्ष की साजिश है। लालू परिवार ने रीतलाल यादव को आशीर्वाद देकर विधानसभा तक पहुंचाया जब वे संकट में हैं और भागलपुर जेल में बंद हैं, तब लालू परिवार का कोई भी सदस्य उन्हें देखने तक नहीं गया। उन्होंने तेजस्वी यादव को नसीहत दी कि एक बार भागलपुर जेल के तृतीय खंड में जाकर देखें कि वहां की हालत कैसी है? नीरज कुमार ने दावा किया कि लालू परिवार के पास दानापुर में 6 बीघा 7 कट्ठा जमीन है जिस पर बाउंड्री वॉल बनवाया गया है। उन्होंने कहा कि क्या उस पर बाउंड्री वॉल बनाकर सुकून मिलेगा? चुनाव बाद ऐसी सभी संपत्तियों पर अनाथालय, वृद्धाश्रम, दलित छात्रावास, अतिपिछड़ा छात्रावास और अल्पसंख्यक कल्याण छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा।

# राज्यस्तरीय रस्साकस्सी प्रतियोगिता ट्रॉफी का अनावरण




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज परिसर, बिस्कोमान कॉलोनी गोलंबर, गुलजारबाग में टग ऑफ वॉर गेम (रस्साकस्सी प्रतियोगिता) 5th जूनियर राज्यस्तरीय रस्साकस्सी प्रतियोगिता 6 जुलाई 2025 को पटनासिटी के यूनिटी क्रिकेट प्लेग्राउंड, जगदेव पार्क के नजदीक में होने जा रही है। बिहार के 16 जिला भाग ले रहे हैं। ट्रॉफी का अनावरण डॉ. अजय प्रकाश के द्वारा किया गया। इस अनावरण में पटना टग ऑफ वार एसोसिएशन के अध्यक्ष सर्वेश हंशराज, उपाध्यक्ष बलराज यादव एवं सचिव नितिन राठौर संयुक्त सचिव अभी कुमार उपस्थित रहे। मैच डे नाइट होगा।

# तेजप्रताप ने अनुष्का के साथ अपने रिश्ते को किया कबूल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव ने अनुष्का यादव के साथ अपने संबंधों को आखिरकार स्वीकार कर लिया है। वह सोमवार को अनुष्का से मिलने उनके घर गए थे और बहुत देर तक वहां रुके थे। वहां से निकलने के बाद उन्होंने मीडिया से कहा कि मेरा पारिवारिक रिश्ता है। तेजप्रताप से जब पूछा गया कि अनुष्का को घर कब ले जायेंगे तो उन्होंने कार का गेट बंद कर दिया और चल दिए। इससे पहले अनुष्का यादव के साथ वायरल हो रही तस्वीरों और वीडियो पर चुप्पी तोड़ते हुए उन्होंने कहा कि प्रेम सब करते हैं। प्यार किया तो किया, इसमें कोई गलती नहीं है। कोई मुझे जनता के दिल से नहीं निकाल सकता। एक निजी टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में तेजप्रताप ने माना कि अनुष्का के साथ उनकी तस्वीरें सही थीं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वह पोस्ट उन्होंने खुद नहीं डाला था। तेजप्रताप ने कहा कि मेरा ही पोस्ट था वो, लेकिन फोटो-वीडियो मैंने नहीं डाले थे। वो पोस्ट मेरी आईडी से हुआ था। पोस्ट और तस्वीरें सही थीं। बता दें कि 25 मई को सोशल मीडिया पर तेजप्रताप यादव की अनुष्का यादव के साथ तस्वीरें और वीडियो वायरल हुए थे। इसके बाद लालू यादव ने 26 मई को तेजप्रताप को पार्टी और परिवार से बाहर कर दिया था। उल्लेखनीय है कि 25 मई को तेजप्रताप के फेसबुक अकाउंट से एक पोस्ट में लिखा गया था कि मैं 12 साल से अनुष्का यादव के साथ रिलेशनशिप में हूं। हालांकि कुछ देर बाद यह पोस्ट डिलीट कर दी गई। करीब पांच घंटे बाद तेजप्रताप ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर दावा किया कि उनका अकाउंट हैक हो गया था और यह फर्जी पोस्ट थी, लेकिन इस सफाई के बावजूद सोशल मीडिया पर उनकी 6 तस्वीरें और दो वीडियो वायरल हो रहे थे जिनमें उनकी शादी और करवा चौथ मनाने तक के दावे किए जा रहे थे।

# गरीबों की वोटबंदी नहीं चलेगी : दीपंकर भट्टाचार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाकपा-माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा है कि बिहार में अपनी निश्चित हार से बौखलाई मोदी-नीतीश सरकार अब चुनाव आयोग के जरिए गरीबों-वंचितों को वोट के अधिकार से वंचित करने की साजिश कर रही है। यह वोटबंदी ठीक उसी तरह की साजिश है जैसे 2016 की नोटबंदी थी - गरीबों को निशाना बनाने वाली एक जनविरोधी कार्रवाई। दीपांकर भट्टाचार्य ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि हाल ही में चुनाव आयोग ने निर्देश जारी किया है कि बिहार की मतदाता सूची को एक महीने के भीतर अपडेट किया जाएगा और इसके लिए राज्य के 8 करोड़ मतदाताओं से नागरिकता संबंधी दस्तावेज मांगे जाएंगे जिन दस्तावेजों की मांग की जा रही है, वे बड़ी संख्या में गरीब, मजदूर, खेतिहर, प्रवासी मजदूर और वंचित वर्गों के पास नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जुलाई का महीना कृषि कार्यों का महीना है। करोड़ों की संख्या में बिहार के मजदूर बाहर हैं। ऐसे में यह प्रक्रिया लाखों लोगों को मतदाता सूची से बाहर करने का जरिया बन सकती है। यह संविधानप्रदत्त सार्वभौमिक मताधिकार पर हमला है और लोकतंत्र की खुली हत्या है। उन्होंने कहा कि बिहार के मेहनतकश नागरिकों ने लंबे संघर्षों के जरिए जो मताधिकार हासिल किया, उसे हम किसी भी कीमत पर छीने नहीं जाने देंगे।

# एलएनजेपी अस्पताल में 7.5 करोड़ की लागत से एम.आर.आई. सेवा का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल एलएनजेपी राजवंशीनगर, परिसर में एम.आर.आई. सेवा का लोकार्पण किया। इस अवसर पर दीघा के विधायक संजीव चौरसिया की भी उपस्थिति रही। स्वास्थ्य मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल को राष्ट्रीय स्तर का अस्पताल बनाया जा रहा है। लगभग 2 महीने में 215 करोड़ की लागत से 400 बेड का एलएनजेपी अस्पताल बनकर तैयार हो जाएगा। यह भारत का सबसे बड़ा न्यूरो और ऑर्थो का अस्पताल होगा। यहां स्पोर्ट्स इंजुरी यूनिट की भी शुरुआत होगी और आधुनिक उपकरणों को जल्द से जल्द लगाया जाएगा। श्री पांडेय ने कहा कि एलएनजेपी अस्पताल में आज 7.5 करोड रुपए की लागत से एमआरआई सेवा की शुरुआत की गई है। 8 जुलाई 2025 से यह सेवा आम लोगों को मिलने लगेगी। यह सेवा सीजीएचएस रेट से भी 6 प्रतिशत कम पर उपलब्ध होगी। इस सेवा का उद्देश्य आम जनता को सुलभ, आधुनिक और विश्वसनीय जांच सुविधाएं उपलब्ध कराना है। अब इस अस्पताल में आने वाले मरीजों को एम.आर.आई. जांच के लिए इधर-उधर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। जिससे उनके इलाज में तेजी और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित होंगी। यह पहल पटना समेत राज्य के अन्य जिलों के मरीजों के लिए भी राहतदायक सिद्ध होगी, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो महंगी निजी जांच सेवाओं का खर्च नहीं उठा सकते हैं। एलएनजेपी अस्पताल में पहले से ही सीटी स्कैन, एक्स रे आदि आधुनिक उपकरण कार्यरत हैं। यहां ट्रामा सेंटर भी कार्यरत है। श्री पांडेय कहा कि एलएनजेपी अस्पताल में आयुष्मान योजना के तहत हर साल 1.5 करोड़ रुपए का इलाज लोगों को मुफ्त में मिल रहा है। राज्य में 4 करोड़ लोगों का आयुष्मान बन गया है, जिसमें से 3 करोड़ 10 लाख आयुष्मान कार्ड पिछले 15 महीने में बनाए गए हैं। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों को आधुनिक चिकित्सा उपकरणों और जांच सेवाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, जिससे आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने एलएनजेपी के निदेशक डॉ. सुभाष चन्द्रा के सेवानिवृत्ति पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डॉ. सुभाष चन्द्रा पिछले 6 साल से निदेशक के रूप में इस अस्पताल में कार्य कर रहे हैं और पिछले 18 साल से लोगों की डॉक्टर के रूप में बेहतर सेवा की है।

# स्मार्ट मीटर से उपभोक्ता हो रहे हैं जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में बिजली इस्तेमाल करने का तरीका धीरे-धीरे बदल रहा है। राज्य की वितरण कंपनियों द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने से कई घरों और छोटे व्यवसायों को रोजमर्रा में इसका सीधा फायदा मिल रहा है। अब लोग जितनी बिजली खर्च कर रहे हैं, उसे ठीक से नाप पा रहे हैं और भुगतान की प्रक्रिया भी आसान हो गई है। पटना के पटेल नगर में कपड़ों की दुकान चलाने वाले अविनाश कुमार कहते हैं कि उनके दुकान में लगा स्मार्ट मीटर सब कुछ आसान बना रहा है। वे बताते हैं अब मैं देख सकता हूं कि कितनी बिजली खर्च हुई, कितना पैसा कटा और कब कटा। बिल देखने के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं है, सब कुछ यहीं सामने है। समस्तीपुर के रहने वाले अमित कुमार ने भी कुछ ऐसा ही अनुभव साझा करते हुए कहा कि पहले मुझे जानकारी के लिए इंतजार करना पड़ता था और मेरे पास ज्यादा कंट्रोल नहीं था, लेकिन अब सारी जानकारी पहले से मिल जाती है, कितना खर्च करना है, क्या बचाना है। पटना की रहने वाली डॉ. रेनू बाला, जो साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के तहत स्मार्ट मीटर लगाने वालों में सबसे पहले शामिल हुई थीं, समय पर अपडेट मिलने और भुगतान में आसानी को सबसे बड़ी सुविधा मानती हैं।

# छह हवाईअड्डों के विकास हेतु बिहार सरकार एवं एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना/नई दिल्ली।** नई दिल्ली स्थित बिहार निवास में मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा की उपस्थिति में बिहार सरकार एवं एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के बीच छह हवाईअड्डों के विकास हेतु एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। उल्लेखनीय है कि बिहार सरकार के स्वामित्व वाले पांच हवाईअड्डे-बीरपुर, वाल्मीकिनगर, सहारसा, मधुबनी और मुंगेर तथा एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के स्वामित्व वाला मुजफ्फरपुर हवाईअड्डा, भारत सरकार की 'उड़ान' योजना के अंतर्गत चिन्हित किए गए हैं। नागर विमानन मंत्रालय द्वारा प्रत्येक हवाईअड्डे के लिए 25 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। बिहार सरकार द्वारा इन सभी छह हवाईअड्डों के लिए पूर्व-अव्यवहार्यता अध्ययन करवाया गया था। इसके उपरांत, बिहार मंत्रिपरिषद की स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात आज यह एमओयू संपन्न हुआ। समझौता ज्ञापन पर एएआई की ओर से कार्यपालक निदेशक अनामी पाण्डेय एवं बिहार सरकार की ओर से निदेशक नागरिक उड्डयन डॉ. निलेश रामचंद्र देवरे ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर बिहार सरकार की ओर से मुख्य सचिव एवं कुंदन कुमार तथा एएआई की ओर से सदस्य (वित्त) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। यह समझौता राज्य में क्षेत्रीय हवाई संपर्क को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है और इससे बिहार के दूरवर्ती क्षेत्रों का भी तीव्र आर्थिक एवं सामाजिक विकास सुनिश्चित होगा।

# महाप्रबंधक ने किया राजेन्द्रनगर कोचिंग कम्पलेक्स का निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल छत्रसाल सिंह द्वारा राजेन्द्रनगर कोचिंग कम्पलेक्स का निरीक्षण किया। इस दौरान महाप्रबंधक द्वारा कोचिंग कम्पलेक्स में कोचों के रख-रखाव पर जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान एलएचबी रैक के पावर कार के रख-रखाव पर विशेष चर्चा की गयी। एचएचबी रैक में पावर कार कोच एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है जिससे पूरे रैक को जरूरी पावर की सप्लाई होती है। पावर कार कोच सही ढंग से कार्य कर रहा या नहीं इसके लिए इसका 'निर्धारित डी-चेक' 06 वर्षों में एक बार किया जाता है। वर्तमान में पावर कार का डी-चेक हरनौत वर्क्सशॉप में किया जाता है जहां पहले से ही काफी कोचों के पीओएच/आईओएच कार्य का दबाव है।

# चन्द्रप्रभु की आभा से आलोकित हुआ पटना

## तीन दिवसीय लघु पंचकल्याणक महोत्सव शुरू



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के अंतर्गत राजधानी पटना के श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर के मूलनायक भगवान श्री चन्द्रप्रभु सहित जिनमंदिर में विराजमान समस्त जिनप्रतिमाओं का शुद्धि-संस्कार, सौंदर्य-वर्धन और लघु पंचकल्याणक के बाद उन्हें नव प्रतिष्ठित वेदी पर विराजमान कराया जाएगा। यह कार्यक्रम देव दर्शन गुरु आजा क्षेत्र आज्ञा एवं आचार्य निमंत्रण के साथ आरंभ हुआ उसके बाद जिनाभिषेक महाशांतिधारा, यंत्र अभिषेक पूजन, तीर्थ मंडल विधान, घट यात्रा सहित अन्य कार्यक्रम हुए। इसके अलावा ध्वज भूमि शुद्धि, मंडप भूमि शुद्धि एवं जाप भूमि शुद्धि कराया गया। इसके बाद मंगलमय ध्वज स्थापना के बाद गुरुदेव का उद्बोधन हुआ।

मुनि श्री विशल्य सागर जी ने अपने प्रवचन में कहा कि ''पंचकल्याणक हमारे जीवन को धर्ममय बनाने की प्रेरणा है। जीव का कल्याण तभी संभव है जब वह सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र को अपने जीवन में धारण करे। पंचकल्याणक आत्मा के महान पड़ाव हैं जो मोक्ष की दिशा में अग्रसर करते हैं।'' मुनि श्री ने वर्तमान युग की समस्याओं पर भी चर्चा करते हुए बताया कि 'आज का समाज भौतिकता की दौड़ में आत्मिक शांति को भूलता जा रहा है।

## संपादकीय

# एससीओ की बैठक में गूंजा दोहरापन

आतंकवाद के मसले पर समूची दुनिया में एक राय देखी जाती है कि जब तक इसके खिलाफ संयुक्त मोर्चा नहीं खोला जाएगा, इस पर पूरी तरह काबू पाना संभव नहीं होगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस बात की अपेक्षा और मांग की जाती है कि किसी भी देश या समूह को इस मामले में दोहरा रवैया नहीं अपनाना चाहिए। मगर आतंकवाद की समस्या से उपजी फिक्र तब बेमानी हो जाती है जब क्षेत्रीय सहयोग के लिए गठित देशों के किसी समूह में आतंक का सामना करने को लेकर दोहरे पैमाने अपनाए जाते हैं।गौरतलब है कि चीन के किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ के सम्मेलन में जो साझा बयान तैयार किया गया, उसमें बलूचिस्तान का उल्लेख तो किया गया, लेकिन पहलगाम का जिक्र नहीं किया गया। हालांकि पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले और उसकी प्रकृति को सभी देश आतंकवाद का एक क्रूर चेहरा ही मानते हैं और उसके खिलाफ अभियान चलाने को लेकर प्रतिबद्धता जताते रहते हैं। लेकिन विचित्र है कि एससीओ की बैठक में आतंकवाद से लड़ाई के संदर्भ में पहलगाम हमले को दर्ज करना जरूरी नहीं समझा गया।इसलिए यह स्वाभाविक ही है कि इस बैठक में तैयार संयुक्त बयान पर भारत ने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया और साफतौर पर कहा कि यह बयान आतंकवाद के खिलाफ भारत के मजबूत रुख को नहीं दिखाता। इसके बाद यह सम्मेलन बिना संयुक्त बयान जारी किए ही समाप्त हो गया। यह जगजाहिर हकीकत रही है कि भारत में आतंकवाद की समस्या को जटिल बनाने में पाकिस्तान ने कोई कसर नहीं छोड़ी है।इस तथ्य को दुनिया के ज्यादातर देश भली-भांति जानते हैं। खुद चीन के बेजिंग में कुछ वर्ष पहले हुए ब्रिक्स देशों के सम्मेलन के घोषणापत्र में इस तथ्य को शामिल किया गया था कि कई बड़े आतंकवादी संगठन पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करते हैं। फिर पहलगाम में पर्यटकों पर बर्बर हमलों में भी पाकिस्तान से आए आतंकियों का हाथ होने की बात सामने आई थी। इसके बावजूद एससीओ सम्मेलन के संयुक्त बयान में पहलगाम हमले का जिक्र नहीं किया जाना क्या दर्शाता है?सवाल है कि इस सम्मेलन में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए संगठन के सदस्य देश हिस्सा ले रहे हैं, तो भारत में आतंकवाद पर उनके दोहरे पैमाने दुनिया के सामने इसके खिलाफ लड़ाई का कैसा रास्ता तैयार करेंगे। वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान आतंकवाद को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से शह देने की अघोषित नीति पर काम करता है और अपनी सीमा में आतंकवादियों को पनाह देता रहा है! भारत में घुसपैठ से लेकर जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और आतंकी हमलों का सिरा कहां से जुड़ा होता है, यह छिपा नहीं है।विडंबना यह है कि इसके बावजूद चीन आमतौर पर पाकिस्तान के हक में खड़ा दिखता रहा है। एससीओ की बैठक के संयुक्त बयान में भी पहलगाम को शामिल न कर बलूचिस्तान का जिक्र करने की कोशिश क्या चीन का पाकिस्तान को स्पष्ट समर्थन नहीं है? आतंकवाद पर ऐसे दोहरे पैमाने के साथ इसके खिलाफ किस तरह की लड़ाई का दावा किया जा सकता है? इस संदर्भ में भारत ने उचित ही एससीओ के देशों, खासतौर पर चीन और पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दिया है कि आतंकवाद के मुद्दे पर वह किसी के सामने झुकने वाला नहीं है।

**नवंबर 2024 में महाराष्ट्र चुनाव में करारी पराजय के बाद कांग्रेस और उसके कुछ सहयोगी दलों ने चीखना शुरू कर दिया था- ईवीएम में भूत है, जो भाजपा को ही वोट भेजता है।' अप्रैल 2025 को विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने अमेरिका दौरे के दौरान बोस्टन में एक मीटिंग को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र चुनाव का हवाला देते हुए, चुनाव पर बड़े सवाल उठाए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत में चुनाव आयोग 'कंप्रोमाइज्ड' है। ताजा संदर्भ राहुल गांधी ने 'मैच-फिक्सिंग महाराष्ट्र' शीर्षक से 7 जून को एक लेख लिखा। ये कई अखबारों में छपा। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं और भाजपा ने सुनियोजित तरीके से चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित किया। यह कोई पहला ऐसा मौका नहीं है जब राहुल गांधी ने संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठया हो या फिर उन्हें कटघरे में खड़ा करने का काम किया हो। वो आदतन अक्सर ऐसा करते रहते हैं।**

# संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाते राहुल गांधी

(डॉ. आशीष वशिष्ठ)

2024 के लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी ने अमेरिका के नेशनल प्रेस क्लब में कहा कि 'भारत में लोकतंत्र पिछले 10 सालों से टूटा (ब्रोकेन) हुआ था, अब यह लड़ रहा है।'उनका यह कहना लोकतंत्र की मूल भावना पर ही सवाल उठाता है।

नवंबर 2024 में महाराष्ट्र चुनाव में करारी पराजय के बाद कांग्रेस और उसके कुछ सहयोगी दलों ने चीखना शुरू कर दिया था- ईवीएम में भूत है, जो भाजपा को ही वोट भेजता है।' अप्रैल 2025 को विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने अमेरिका दौरे के दौरान बोस्टन में एक मीटिंग को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र चुनाव का हवाला देते हुए, चुनाव पर बड़े सवाल उठाए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत में चुनाव आयोग 'कंप्रोमाइज्ड' है।

ताजा संदर्भ राहुल गांधी ने 'मैच-फिक्सिंग महाराष्ट्र' शीर्षक से 7 जून को एक लेख लिखा। ये कई अखबारों में छपा। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं और भाजपा ने सुनियोजित तरीके से चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित किया। यह कोई पहला ऐसा मौका नहीं है जब राहुल गांधी ने संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठया हो या फिर उन्हें कटघरे में खड़ा करने का काम किया हो। वो आदतन अक्सर ऐसा करते रहते हैं।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 324 निर्वाचन आयोग को स्वतंत्र और स्वायत्त संस्था के रूप में स्थापित करता है जिसे संसद, राष्ट्रपति, विधानसभा और सभी निर्वाचित निकायों के चुनाव निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संपन्न कराने का दायित्व दिया गया है। यह संस्था न तो कार्यपालिका के अधीन है और न ही किसी राजनीतिक दबाव में काम करती है। भारतीय निर्वाचन आयोग केवल एक प्रशासनिक निकाय नहीं बल्कि विवाद-निराकरण और मतदाता-विश्वास निर्माण की भी जिम्मेदारी निभाता है। आयोग मतदान प्रक्रिया को विश्वसनीय बनाने के लिए कई स्तर पर काम करता है।

राहुल गांधी सस्ती लोकप्रियता पाने के कुछ भी बयान देते हैं, पर तर्क और तथ्य की कमी होती है। इससे समाज में भ्रम फैलता है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया कमजोर पड़ती है। विदेशी धरती पर जाकर वो देश का अपमान, मोदी सरकार की आलोचना और संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठाने का कोई अवसर चूकते नहीं हैं।

2024 के लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी ने अमेरिका के नेशनल प्रेस क्लब में कहा कि भारत में लोकतंत्र पिछले 10 सालों से टूटा (ब्रोकेन) हुआ था, अब यह लड़ रहा है। उनका यह कहना लोकतंत्र की मूल भावना पर ही सवाल उठाता है। खासकर तब जब भारत में लगातार चुनाव होते रहे हैं और सरकारें बदलती रहीं हैं। बीते 10-11 वर्षों में देश में कई ऐसी सरकारें बनी हैं, जिसे बीजेपी को हराने के बाद कांग्रेस को मौका मिला है। मतलब, अगर नतीजे राहुल और उनकी पार्टी के लिए अच्छे रहें तो लोकतंत्र ठीक है और नहीं तो वह ब्रोकेन हो जाता है।

सितंबर 2023 में राहुल गांधी ने ब्रसेल्स में यूरोपियन



यूनियन में कहा कि भारत में फुल स्केल एसॉल्ट हो रहा है। उन्होंने भारतीय संस्थाओं की निष्पक्षता पर संदेह जताया। मई 2022 में लंदन में आइडियाज फॉर इंडिया सम्मेलन में राहुल ने कहा कि भारत की संस्थाएं परजीवी बन गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि डीप स्टेट (सीबीआई, ईडी) भारत को चबा रहा है। यहां डीप स्टेट का मतलब सरकार के अंदर छिपे हुए ऐसे ताकतवर लोग हैं जो अपने फायदे के लिए काम करते हैं। यहां डीप स्टेट का मतलब सरकार के अंदर छिपे हुए ऐसे ताकतवर लोग हैं जो अपने फायदे के लिए काम करते हैं। राहुल गांधी ने भारत की तुलना पाकिस्तान जैसे अस्थिर लोकतंत्र से भी कर दी।

2017 में ही अमेरिका में राहुल गांधी ने कहा कि भारत अब वह नहीं रहा जहां हर कोई कुछ भी कह सकता है। उन्होंने विदेश की धरती पर भारत में फ्री स्पीच की स्थिति पर संदेह पैदा करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि भारत में सहनशीलता खत्म हो गई है। जबकि, हकीकत ये है कि राहुल गांधी संसद से लेकर बाहर तक जब जो जी में आता है, बयान देते रहे हैं और सरकार को छोड़ दें, शायद ही कोई संवैधानिक संस्था बची हो, जिस पर उन्होंने निशाना न साधा हो।

राहुल गांधी यह क्यों भूल जाते हैं कि भारतीय चुनाव आयोग ने ही वे चुनाव संपन्न करवाए हैं, जिनके दम पर वह आज विपक्ष के नेता पद पर बैठे हुए हैं। उनके परिवार के तीन-तीन सदस्य इन्हीं चुनावी प्रक्रियाओं का सहारा लेकर संसद में मौजूद हैं। यहीं की संवैधानिक संस्थाओं ने उन्हें इतनी राहत दी हुई है कि नेशनल हेराल्ड केस में गंभीर आरोपों के बावजूद वो और उनका मां सोनिया गांधी को जमानत मिली हुई है।

बीते कुछ वर्षों में राजनीतिक तौर पर भले ही भारत की चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाने का चलन बन गया हो लेकिन भारत के चुनाव आयोग की प्रशंसा केवल देश के भीतर ही नहीं संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय चुनाव पर्यवेक्षकों और कई विदेशी सरकारों द्वारा भी की गई है। हार्वर्ड कैनेडी स्कूल के 2020 के एक अध्ययन में भारत के चुनाव आयोग को 'वन ऑफ़ दी मोस्ट रोबस्ट इलेक्टोरल इंस्टीटूशन्स ग्लोबली' (विश्व स्तर पर सबसे मजबूत चुनावी संस्थाओं में से एक) कहा गया। यही नहीं, 2014, 2019 और 2024 के आम चुनावों में भारत ने पूरी दुनिया को दिखाया कि तकनीक, प्रशिक्षण और जनता की भागीदारी के माध्यम से एक निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संभव है।

बीती मई को बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने से चुनाव आयोग से मुलाकात कर चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को उठाया था। यह बातचीत निर्वाचन आयोग की उस नई पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य राजनीतिक दलों की चिंताओं और सुझावों को सीधे तौर पर सुनकर चुनावी प्रक्रिया को अधिक मजबूत और पारदर्शी बनाना है। चुनाव आयोग अब तक देशभर में कुल 4,719 सर्वदलीय बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। इन बैठकों में अब तक 28,000 से अधिक राजनीतिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया है।

चुनाव आयोग ने राहुल गांधी से लिखित में तथ्यों की मांग की और चर्चा के लिए भी आमंत्रित किया है और अब यह दायित्व बनता है कि आरोप लगाने वाले नेता उन्हें उचित प्रक्रिया के अनुसार प्रस्तुत करें। हालांकि राहुल गांधी के पूर्व रिकार्ड के हिसाब से ऐसा लग नहीं रहा है कि वो चुनाव आयोग के सामने जाएंगे। इसके लिए उन्होंने अभिषेक सिंघवी, विवेक तन्खा जैसे बड़े वकीलों और पार्टी के अन्य नेताओं को रखा हुआ है। राहुल गांधी का काम सिर्फ आरोप लगाना है। अगर एजेंसी आरोपों को जवाब देना चाहती है तो वह सुनना उनका काम नहीं है। कमोबेश ऐसा ही आचरण उनका संसद में भी है। असल में] राहुल गांधी आरोप लगाकर, सामने वाले का पक्ष या जवाब सुनने की बजाय कोई नया आरोप लगाने की तैयारी में जुट जाते हैं। तथ्य और तर्क से उनका कोई लेना देना नहीं रहता।

तथ्य यह भी है कि नवंबर 2024 में विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस की ओर से इसी तरह के मुद्दे उठाए गए थे। आयोग ने 24 दिसंबर 2024 को कांग्रेस पार्टी को एक विस्तृत जवाब दिया था, जिसकी प्रति चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इससे यह साफ जाहिर होता है कि राहुल गांधी इस अध्याय का पटाक्षेप नहीं चाहते हैं। उनकी पार्टी इस मामले को जिंदा रखना चाहती है ताकि आगे के चुनाव नतीजों को सुविधा को हिसाब से संदिग्ध बनाया जा सके।

चुनाव आयोग ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि वह किसी भी राजनीतिक दबाव, मीडिया उन्माद या सार्वजनिक सनसनी से परे केवल संविधान और मतदाता के प्रति जवाबदेह है। इसलिए आज जरूरत है कि हम आलोचना करें लेकिन तथ्यों पर करें। सवाल उठाएं लेकिन समाधान के साथ और सबसे अहम कि लोकतंत्र की मजबूती, सतत निगरानी और निष्पक्षता बरकरार रखने के लिए बनायी गयी संस्थाओं का सम्मान बनाए रखें, ताकि आमजन की लोकतंत्र और उसकी संस्थाओं के प्रति आदर का भाव बना रहे। (लेखक स्वतंत्र पत्रकार है) (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# मानसिक शांति को प्रभावित करती सोशियल डंपिंग

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)

मनोविज्ञानियों के सामने आज इमोशनल डंपिंग बड़ी समस्या के रुप में सामने आ रहा है। बदलते सामाजिक परिवेश में इमोशनल डंपिंग का दायरा बढ़ता जा रहा है तो लोग इमोशनल डंपिंग के आसानी से शिकार भी होते जा रहे हैं।

दरअसल आज अपनी समस्याओं का बोझ दूसरे पर लादने का दौर चल निकला है। खासतौर से सोशियल मीडिया का अधिकतम उपयोग आज इसी काम में होने लगा है। डिजिटलीय भाषा में कहो जाएं तो यह दौर इमोशनल डंपिंग का चल निकला है। कहने को तो यह कहा जाता है कि यदि आप किसी परेशानी में हो तो मन को हल्का करने के लिए अपनी समस्या को किसी संगी साथी से साझा करलें, इससे दो लाभ है एक तो तनाव से तात्कालीक मुक्ति मिल जाती है दूसरी और हो सकता है कि सामने वाला कोई सकारात्मक हल निकाल दें। पर कहा यह भी जाता है कि अपना दुख दर्द उसी से साझा करें जो आपके प्रति गंभीर हो। आपके दुख दर्द को सुनकर सहानुभूति के स्थान पर आपको मजाक का कारण तो नहीं बना दे। इमोशनल डंपिंग इससे थोड़ी अलग स्थिति है और आज यह बड़ी समस्या के रुप में सामने आ रही है। होने यह लगा है कि अपने मन मस्तिष्क का बोझ हम आसानी से दूसरे पर ड़ाल देते हैं। यह भी नहीं सोचा जाता है कि जिससे आप साझा कर रहे हैं वह इस स्थिति में है भी नहीं कि आपकी समस्या के प्रति कुछ कर सके। हो तो यह रहा है कि हम हमारे किस्से, दुख, तकलीफ या अन्य अच्छे बुरे समाचार मोबाइल, वाट्सएप, इंस्टाग्राम, शार्टस या इसी तरह के किसी अन्य माध्यम से दूसरे पर थोप देते हैं और जाने-अनजाने में दूसरा व्यक्ति इमोशनल डंपिंग का शिकार हो जाता है। आज हालात तेजी से गदलते जा रहे हैं।

मनोविज्ञानियों के सामने आज इमोशनल डंपिंग बड़ी समस्या के रुप में सामने आ रहा है। बदलते सामाजिक परिवेश में इमोशनल डंपिंग का दायरा बढ़ता जा रहा है तो लोग इमोशनल डंपिंग के आसानी से शिकार भी होते जा रहे हैं। हांलाकि हमारे यहां माना जाता रहा है कि कहने से दुख घटता है पर यह भी कहा जाता है कि अपनी दुख तकलीफ उसे सुनाओं जो सुन सके। आज का दौर लगभग उलटा होता जा रहा है हम हमारी दुख तकलीफ या हमारी बात किसी पर थोपने के लिए उसकी और विभिन्न माध्यमों से धकेल देते हैं और अब समस्या सामने वाले की हो जाती है। दूसरे की मनोस्थिति व परिस्थितियों को समझने की कोशिश ही नहीं होती। यह हालात ज्यादा अच्छे नहीं कहे जा सकते और इसके नकारात्मक परिणाम अधिक आने लगे हैं। इमोशनल डंपिंग में दरअसल जो श्रोता है वह प्रभावित होता है।

मनोविज्ञानी डॉ. रैडल टर्नर का मानना है कि इमोशनल डंपिंग आज समाज को नकारात्मक दृष्टि से प्रभावित कर रही है। आज संप्रेषण या संवाद के विभिन्न माध्यमों से हम अपनी भड़ास निकाल लेते हैं और सामने वाले की मनोस्थिति को समझने का प्रयास ही नहीं करते। अगला व्यक्ति इस समय किन परिस्थितियों से गुजर रहा है, उसके पास आपकी भड़ास सुनने का समय भी है या नहीं, या आपकी भड़ास का निदान कर सकता है या नहीं आपकी समस्या से जूझने की क्षमता भी है या नहीं। यह अपने आपमें एक समस्या हो जाती है। इमोशनल डंपिंग देखा जाए तो पूरी तरह से नकारात्मक और एकतरफा तरीका है और यह आज इस कदर हाबी हो गया है कि आसानी से आज व्यक्ति इससे दो चार हो रहे हैं। दरअसल सामने वाले व्यक्ति को हम आउटलेट समझ कर उसके साथ व्यवहार करते हैं। कहीं वह अपने आपको अपराधी जैसा समझने लगता है। एक तरह से सामने वाला व्यक्ति आब्जेक्ट के रुप में मानने लगते हैं। उसकी परिस्थितियों और वह आपकी बात से साझा होना भी चाहता है या नहीं उससे इमोशनल डंपिंग करने वाले को कोई लेना देना नहीं रहता। यह नए जमाने की नई तरह की समस्या बनती जा रही है। सोशियल मीडिया पर जब इस तरह की चीजें साझा की जाती है तो सामने वाले के साथ आपका भावनात्मक संबंध भी नहीं होता, ऐसे में सामने वाला थोड़ा संवेदनशील है तो एक तरह के तनाव से गुलरने लगता है। सोचता है ऐसा कैसे हो गया। क्या कारण रहे। या इसका समाधान तो आसानी से हो सकता है या अन्य किसी तरह से सोच सकता है। पर इस तरह का इमोशनल डंपिंग सामने वाले व्यक्ति पर नकारात्मकता के भाव पैदा करता है और वह कभी कभार तनाव के दौर से गुजरने लगता है। इसीलिए कहा जाता है कि भाई दिल पर मत लो। अब जब दिल पर मत लो की भावना होगी तो फिर आपकी भड़ास के मायने क्या रहेंगे।

इमोशनल डंपिंग का सीधा सीधा मतलब यह है कि अपनी बात डंप करते समय या यों कहें कि साझा करते समय सामने वाले की मनोदशा, सहमति, असहमति, समय, विषय या अन्य से डंप करने वाले को कोई लेना देना नहीं रहता और आज यही हो रहा है। ऐसे में इमोशनल डंपिंग के शिकार लोगों के प्रति मनोविज्ञानी गंभीर चिंतन मनन में लगे हैं। वहीं इग्नोर करने, दूसरी बातों में ध्यान लगाने, अवसर मिलने पर सामने वाले को असहमति से अवगत कराने और उसे अनावश्यक संवाद के लिए इशारों में मना करने की हिम्मत भी जुटानी होगी क्योंकि दूसरे को मुसिबत में सहायता कोई बात साझा करने में और इक तरफा भड़ास निकालने में अंतर होता है। स्वयं तनाव के बोझ से मुक्त होने के लिए दूसरे को तनाव में ड़ालना किसी भी हालात में उचित नहीं माना जा सकता। नहीं तो जिस तेजी से आज इमोशनल डंपिंग का दौर चला है वह आने वाले समय में और भी अधिक गंभीर और समाज के लिए नकारात्मकता फैलाने वाला हो जाएगा। ऐसे में सोशियल मीडिया के उपयोग के समय उसमें रम जाने की मानसिकता को छोड़ना होगा। रील्स या शार्टस में प्रस्तुत सामग्री के प्रति अधिक गंभीर होने की आवश्यकता नहीं रह जाती है क्योंकि उसके समय व विश्वसनीयता प्रश्नों के घेरे में हमेशा बनी रहती है। एक तरह से यह तो भावनात्मक ब्लेकमेलिंग का माध्यम बनता जा रहा है। दूसरा यह कि जो सामग्री आपको विभिन्न प्लेटफार्म से मिल रही है उसे गंभीरता से लेने की इसलिए आवश्यकता नहीं हैं क्योंकि उस सामग्री पर प्रतिक्रिया के चक्कर या प्रतिक्रियाओं के चक्रव्यूह में फंसने से आपमी मानसिक शांति भंग होना स्वाभाविक है। इसलिए दिमाग पर अधिक बोझ ड़ालने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# दानवीर भामाशाह - स्वराज्य-संघर्ष के साक्षात संबल

**वर्ष 1576 की हल्दीघाटी में प्रताप वीरता से लड़े, पर साम्राज्यवादी संसाधनों के समक्ष धनहीनता उनकी सबसे बड़ी व्यथा बनी। अपनी मातृभूमि को पुनः प्राप्त करने की आकांक्षा लिए प्रताप जंगलों में, गुफाओं में, पहाड़ियों पर आश्रय लिए हुए थे। जन और जनपद दोनों भयाक्रांत थे। यह वह काल था जब केवल एक पुरुष की आस्था उन्हें पुनर्जीवन देने आई और वे थे भामाशाह।**

**भामाशाह ने अपने घर के कोषागार का कोष राष्ट्र के चरणों में अर्पित कर दिया था। इतिहासकार जेम्स टॉड के अनुसार, भामाशाह ने एक ही क्षण में 25 लाख रुपए और 20 लाख अशर्फियां राणा प्रताप को समर्पित कीं, जो एक साथ 25,000 सैनिकों का एक वर्ष तक संचालन कर सकती थीं।**

(प्रणय विक्रम सिंह)

जब अकबर की अतिशक्ति का अहंकार, अस्मिता के अरावली पर आक्रमण करता है, जब राजनीति केवल रणनीति बन जाए और जब अधीनता को ही अवश्यंभावी मान लिया जाए तब भामाशाह जैसे व्यक्तित्व ही होते हैं, जो इतिहास की धारा मोड़ते हैं।

वे तलवार नहीं उठाते किंतु तलवारों को साधन देते हैं। वे युद्ध में नहीं उतरते पर योद्धाओं को युद्ध के लिए सक्षम बनाते हैं। वे मंत्र नहीं पढ़ते लेकिन मंत्रियों से अधिक प्रभावशाली निर्णय लेते हैं। वे केवल व्यापारी नहीं, धर्म, धन और देश के त्रिदेव बन जाते हैं।

वे कोई साधारण वैश्य नहीं थे, वे धर्म और ध्वज के लिए समर्पित संघर्षशील संन्यासी थे। उन्होंने जब स्वर्ण की थाली नहीं, स्वत्व की थाती प्रताप के चरणों में अर्पित की, तब अकबर का अभिमान कांप उठा और मेवाड़ की मर्यादा पुनः जाग उठी।

वर्ष 1576 की हल्दीघाटी में प्रताप वीरता से लड़े, पर साम्राज्यवादी संसाधनों के समक्ष धनहीनता उनकी सबसे बड़ी व्यथा बनी। अपनी मातृभूमि को पुनः प्राप्त करने की आकांक्षा लिए प्रताप जंगलों में, गुफाओं में, पहाड़ियों पर आश्रय लिए हुए थे। जन और जनपद दोनों भयाक्रांत थे। यह वह काल था जब केवल एक पुरुष की आस्था उन्हें पुनर्जीवन देने आई और वे थे भामाशाह।

भामाशाह ने अपने घर के कोषागार का कोष राष्ट्र के चरणों में अर्पित कर दिया था। इतिहासकार जेम्स टॉड के अनुसार, भामाशाह ने एक ही क्षण में 25 लाख रुपए और 20 लाख अशर्फियां राणा प्रताप को समर्पित कीं, जो एक साथ 25,000 सैनिकों का एक वर्ष तक संचालन कर सकती थीं।

यह दान नहीं था, यह धन राष्ट्रयज्ञ में आहुति थी। यह करुणा नहीं, बल्कि कर्तव्य का क्रांति-स्वरूप था। वे बोले 'यह सम्पत्ति राष्ट्र से मिली है, इसे राष्ट्र को अर्पित करना मेरा धर्म है।'

भामाशाह, पराक्रम के पार्श्वनायक और परमार्थ के पुरोधा थे। वे युद्धभूमि में नहीं लड़े, पर हर युद्ध में उनकी वाणी, उनका समर्पण, उनकी पूंजी लड़ी। वे कवच नहीं धारण करते थे, पर राष्ट्र को आर्थिक कवच प्रदान करते थे। वे मंत्र नहीं पढ़ते थे, पर मेवाड़ के भाग्य का पुनर्मंत्रण उन्हीं के त्याग से संभव हुआ।



उनकी भूमिका बहुआयामी थी। प्रशासक के रूप में वे मेवाड़ के महामंत्री बने। रणनीतिकार के रूप में उन्होंने गुप्तचरी, कर व्यवस्था और सैन्य पुनर्गठन को दिशा दी। संघटक के रूप में उन्होंने सामंतों, व्यापारियों और कृषकों को एकजुट किया।

वे केवल राष्ट्रहित के व्यापारी नहीं थे, वे राष्ट्र-ऋषि थे। भामणिया जोधाजी की संतान भामाशाह ने दिखाया कि जब धन 'धर्म' के साथ जुड़ता है, तो वह दान नहीं, दुर्गा का शस्त्र बन जाता है। उनका धन किला नहीं बना, उन्होंने कोई गढ़ नहीं सजाया, उन्होंने उस धन से रण सजाया और राणा को फिर से रणक्षेत्र का राजा बनाया।

श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि 'दत्तं धर्माय यशसे, न तु भोगाय।'इसी प्रकार भामाशाह का दान भी भोग के लिए नहीं, यश और यज्ञ के लिए था। उनकी थाती में केवल मुद्रा नहीं थी, उसमें मर्यादा, ममता और मातृभूमि की मिट्टी मिली थी।

भामाशाह ने न स्वयं के लिए राज्य मांगा, न सम्मान, न यश। उनका सम्पूर्ण जीवन 'राष्ट्र सर्वप्रथम' के विचार का मूर्तिमान प्रमाण था। वे इस यथार्थ को जीते थे कि धन तब तक मूल्यहीन है, जब तक वह धर्म के लिए समर्पित न हो।

महान इतिहासकार जेम्स टॉड लिखते हैं कि 'यदि भामाशाह का सहयोग न होता, तो प्रताप का प्रतिकार अधूरा रह जाता।' कर्नल टॉड उन्हें फाइनेंस जनरल आफ इंडिया लिर्बेटी- कहते हैं। डॉ. विश्वंभर नाथ पांडेय के अनुसार 'भामाशाह भारतीय राष्ट्रवाद के पहले 'संपत्ति-समर्पित' योद्धा थे।' गोपीनाथ शर्मा कहते हैं कि 'महाराणा प्रताप की लौह-प्रतिज्ञा को व्यवहार में परिणत करने वाला व्यक्तित्व यदि कोई था, तो वह भामाशाह था।' रवींद्रनाथ टैगोर ने भामाशाह को 'राष्ट्रधर्मी धनदाता' की संज्ञा दी थी।

आज जब व्यापार को लाभ का उपक्रम माना जा रहा है, दानवीर भामाशाह की गाथा बताती है कि लाभ यदि लोभ से जुड़ा हो तो पतन होता है, पर यदि लाभ लोक के लिए हो तो वह राष्ट्र का उत्थान करता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे राष्ट्रनायक जब प्रदेश के हर जिले में 'भामाशाह सम्मान' की घोषणा करते हैं, जब वे करदाता व्यापारियों को केवल 'करदाता' नहीं, बल्कि 'राष्ट्र-निर्माता' की उपाधि प्रदान करते हैं, तब यह किसी योजनाबद्ध पुरस्कार प्रणाली का आयोजन भर नहीं होता, यह भारतीय परंपरा में व्यापारी वर्ग के राष्ट्रधर्मी पुनर्स्थापन का शंखनाद होता है।आज जब उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भरता, उद्यमिता और अर्थ-व्यवस्था की त्रिवेणी पर खड़ा होकर नए भारत का ग्रोथ इंजन बन रहा है, तब भामाशाह जैसे पूज्य पुरुषों की परंपरा पुनः जीवंत हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह स्पष्ट मत है कि 'जो व्यापार में पारदर्शिता लाता है, वह राष्ट्र की नींव को सुदृढ़ करता है। जो कर देता है, वह केवल सरकारी दायित्व नहीं निभाता, वह राष्ट्रधर्म निभाता है।'

आज जब हम राष्ट्र निर्माण की नवीन गाथा लिख रहे हैं, जब उद्योग न केवल उत्पादन का, अपितु उत्तरदायित्व का पर्याय बन रहा है, तब भामाशाह जैसे त्यागी चरित्र न केवल इतिहास की स्मृति हैं, बल्कि राष्ट्र-राज्य की मूल चेतना हैं।

वे भूतकाल के भूषण नहीं, 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' के वरणीय विमर्श हैं। नए भारत के भविष्य के प्रारूप हैं। उनका जीवन इस बात का साक्षात प्रमाण है कि जब धन धर्म का दास बनता है और व्यापारी राष्ट्रधर्म का प्रहरी तब व्यापार केवल लाभ का नहीं, लोकमंगल का माध्यम बनता है। तब संपत्ति सिर्फ संग्रह नहीं, सेवा का संकल्प बन जाती है। यही वह 'नवधर्म' है, जिसे आज का नया उत्तर प्रदेश 'आत्मनिर्भर भारत' की आत्मा बना रहा है!

भामाशाह भूतकाल के नायक नहीं, राष्ट्र के स्वाभिमान और समृद्धि की नींव हैं। उस नींव के प्रतीक, जिस पर योगी आदित्यनाथ का नवयुगीन उत्तर प्रदेश राष्ट्र के पुनरुत्थान का दुर्ग गढ़ रहा है। राष्ट्र की समृद्धि के साथ सांस्कृतिक स्मृति की पुनर्रचना, यही है भामाशाह का संदेश और योगी शासन का संकल्प। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 'हूल दिवस' के अवसर पर मुख्य सचिव, उपायुक्त , पुलिस अधीक्षक समेत कई ने किया श्रद्धा सुमन अर्पित

**गिरिडीह/ नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** इस दौरान संथाल विद्रोह के महान सेनानियों सिद्धो-कान्हू के बलिदान, त्याग और अदम्य साहस को याद किया गया परिसदन भवन में हूल दिवस के अवसर पर संथाल विद्रोह के महान सेनानियों सिद्धो-कान्हू को माननीय मंत्री, सुदीव्य कुमार, मुख्य सचिव, झारखंड, उपायुक्त गिरिडीह, पुलिस अधीक्षक, पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत अन्य वरीय पदाधिकारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान संथाल विद्रोह के महान सेनानियों सिद्धो-कान्हू के बलिदान, त्याग और अदम्य साहस को याद किया गया। सिद्धो-कान्हू का संघर्ष, देशवासियों के लिए प्रेरणा का एक महान स्रोत है।



### हूल दिवस मनाने की परंपरा 1855 से शुरू हुई थी:संजय सिंह

**गिरिडीह/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** हुल दिवस के अवसर पर झामुमो जिला कार्यालय में भी हूल दिवस मनाया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री संजय सिंह ने की। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि हूल दिवस मनाने की परंपरा 1855 से शुरू हुई थी। आज ही के दिन 170 साल पहले दुमका के भोगनाडीह गांव में सिदो, कान्हो और चांद भैरव के नेतृत्व में हूल क्रांति की शुरूआत हुई थी। यह आंदोलन शुरू में शोषक महाजनों के खिलाफ था, जो बाद में क्रूर पुलिसिया दमन के बाद ब्रिटिश शासन के खिलाफ क्रांति में बदल गया।इस क्रांति में 20 हजार लोगों ने बलिदान दिया था, झारखंड के इन्हीं वीर सपूतों के बलिदान को हर साल 30 जून को हूल दिवस मनाकर नमन किया जाता है। इसे संथाल हूल भी कहा जाता है। इस कार्यक्रम में प्रमिला मेहरा, राकेश सिंह रॉकी, मो॰ जाकिर, कृष्ण मुरारी शर्मा, अभय सिंह, राकेश रंजन, मो॰ तूफान, राकेश कुमार सिंह (तुन्ना), मो॰ डब्लू, वृजमोहन तुरी, आनंद मिश्रा, राहुल कुमार, शिवम् आजाद, मो॰ महबूब, अनूप सिंह, अनवर अंसारी, रामदेव वर्मा, मो॰ नूरुल, मो॰ नसीम, अनुभव सिंह, लेखो मंडल सहित कई साथ उपस्थित रहे।



### डॉ. अरविन्द आनंद जीवन धारा नमामि गंगे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता मनोनीत

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जाने-माने फिल्म निमार्ता, निर्देशक व राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त समाजसेवी डॉ. अरविन्द आनंद को जीवन धारा नमामि गंगे संस्था का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। डॉ. आनंद सारण जिले के एकमा प्रखंड स्थित मठनपुरा गांव के निवासी हैं और स्वर्गीय धुपनाथ सिंह के पुत्र हैं। यह नियुक्ति न केवल सारण, बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व की बात मानी जा रही है। जीवन धारा नमामि गंगे संस्था भारत सरकार के केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय, नई दिल्ली से संबद्ध एक सक्रिय संगठन है, जो गंगा के समग्र विकास, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही है। यह संस्था देश के 12 से अधिक राज्यों के 50 से अधिक गंगा बेसिन जिलों में स्वच्छता, संरक्षण, जागरूकता और वृक्षारोपण जैसे अभियानों को प्रभावी रूप से चला रही है। डॉ. अरविन्द आनंद ने बताया कि संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हरिओम शर्मा के नेतृत्व में यह अभियान निरंतर प्रगति पर है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आगामी जुलाई माह में जल शक्ति मंत्रालय के तत्वावधान में बिहार के पांच जिलों में संस्था द्वारा सरकारी दौरे का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान गंगा सहित अन्य नदियों एवं जल स्रोतों के संदर्भ में स्वच्छता, संरक्षण और वृक्षारोपण संबंधी गतिविधियाँ चलाई जाएंगी, जिनमें स्थानीय प्रशासन का सहयोग लिया जाएगा।



# गिरिडीह में सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की संयुक्त बैठक में आंदोलन का लिया गया निर्णय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आज राज्य कमिटी संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर गिरिडीह जिले के तमाम सहायक अध्यापकों ने अपने हक और अधिकार को लेकर सरकार के वादा खिलाफी के खिलाफ बैठक आयोजित कर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के साथी नारायण महतों ने किया जबकि संचालन सुखदेव हाजरा ने किया बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में पारा शिक्षकों के साथ अधिकारियों का दमन और शोषण दिनों दिन बढ़ते जा रहा है जिससे पारा शिक्षकों में काफी आक्रोश है।

कहा कि प्रखण्ड से लेकर जिला तक के सभी विभागीय अधिकारी बेलगाम हो गए हैं यहां तक सभी सीआरपी बआरपी बीपीओ बीओ के समकक्ष अपना पावर दिखाना शुरू कर दिया है बायोमैट्रिक अटेंडेंस हो चाहे जीरो अटेंडेंस की बात हो तकनीकी खराबी आ जाने से ऑनलाइन अटेंडेंस नहीं बनने पर सीधे मानदेय की कटौती कर लेना मनमानी तरीके से मानदेय रोक देना उनके परिवार की परवरिश को दमन करने की प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से झलकती है जो बिल्कुल नाइंसाफी और अप्रासंगिक है। साथ ही जिले में 269 सहायक अध्यापकों का स्थगित किया गया मानदेय भुगतान पर साकारात्मक पहल करने में विभागीय प्रक्रिया पूरी की जा रही है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गिरिडीह में सभी गुट मिलकर एक समन्वय स्थापित करते हुए संगठन का सारा कार्यक्रम संघर्ष मोर्चा समन्वय समिति के बैनर तले संचालित होगा संघर्ष मोर्चा के जिला नेतृत्वकारी साथी नारायण महतों, सुखदेव हाजरा, डीलचंद महतों, जमाल अंसारी, गणेश मंडल, मुख्तार अंसारी सहित सभी प्रखण्ड अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से बताया कि विगत आंदोलनों में सरकार के साथ जिन बिंदुओं पर सहमति बनी है उसे अविलंब लागू करे सरकार वरना विवश होकर राज्य के 62 हजार सहायक अध्यापक जनाक्रोश आंदोलन को बाध्य होंगे बैठक के पूर्व एक शिष्टमंडल माननीय मंत्री नगर विकास एवं उच्च तकनीकी शिक्षा व पर्यटन विभाग के श्री सुदिव्य कुमार सोनू से मिलकर तमाम समस्याओं से अवगत कराया गया माननीय मंत्री जी ने आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के भीतर आप सभी की समस्याओं के समाधान को लेकर माननीय शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव, माननीय विधायक गांडेय कल्पना सोरेन से वार्ता कराई जाएगी निर्णय हुआ कि समान काम का समान वेतन हमारा जनतांत्रिक अधिकार है, आकलन पास सहायक अध्यापकों को टेट के समकक्ष मान्यता प्रदान करते हुए बराबरी का हक मिले सहायक आचार्य में आकलन पास वाले को भी फॉर्म भरने की अनुमति दी जाय जिला स्तर पर एक बड़ा सम्मेलन आगामी अगस्त माह में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है इसके लिए सभी प्रखंडों में 13 जुलाई तक बैठक आयोजित कर रणनीति बनाई जाएगी सरकारी शिक्षकों की भांति सहायक अध्यापकों को भी एक समान हक मिले नहीं तो अब बंधुआ मजदूर एवं गुलामी का सिस्टम कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा वक्ताओं का तर्क था कि चाहे पारा शिक्षकों की नौकरी रहे या न रहे पूरे झारखंड में एक साथ सामूहिक इस्तीफा देना कबूल है परंतु अधिकारियों का तुगलकी फरमान, शोषण और दमन किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं होगा इसके लिए झारखंड में फिर से एक बार पुराने अंदाज में 22 अगस्त के बाद एक बहुत ही सर्वोत्कृष्ट और ऐतिहासिक आंदोलन का शंखनाद किया जाना है जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार की होगी आज के इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से संघर्ष मोर्चा के सदस्य नारायण महतों, सुखदेव हाजरा,डीलचंद महतों, जमाल अंसारी, गणेश मंडल, मुख्तार अंसारी, बैधनाथ महतों, राजकुमार, बक्शी रमेश, मनोज कुमार शर्मा, विनोद यादव, दीपक कुमार, महबूब अंसारी, पुनिचंद मंडल, ठाकुर दास, अशोक बेसरा, उज्जवल कुमार, फिदा हुसैन, प्रमोद सिंह, बीरू मंडल, ठाकुर दास, पप्पू कुमार, सुनील राय, शशिकांत यादव, राजेश सिन्हा, सुखदेव प्रसाद यादव, मोहन पण्डित, शशिकांत यादव, राजेश सिन्हा, सुखदेव प्रसाद यादव सहित सभी प्रखण्ड के तमाम सहायक अध्यापकों ने रांची आंदोलन के लिए गिरिडीह के सभी संघर्ष मोर्च के साथियों का काफिला रांची जाने का संकल्प लिया।



## डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड फंक्शन 'आभार' में आईडब्ल्यूसी गिरिडीह सनशाइन ने रचा सफलता का इतिहास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** देवघर में सम्पन्न हुए डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड समारोह "आभार" में इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन ने अपनी उल्लेखनीय सेवाओं और शानदार टीमवर्क के बल पर अनेकों पुरस्कार प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की इस गौरवपूर्ण अवसर पर क्लब को आउटस्टैंडिंग क्लब का खिताब मिला। साथ ही यह बताते हुए अत्यंत गर्व हो रहा है कि क्लब को निम्नलिखित विशिष्ट पुरस्कार प्राप्त हुए बेस्ट प्रेसिडेंट सोनाली तरवे,बेस्ट सेक्रेटरी राखी झुनझुनवाला, आउटस्टैंडिंग ट्रेजरर स्मृति आनंद ,एफिशिएंट आइसो एडवोकेट सुनीता शर्मा,आउटस्टैंडिंग एडिटर दीप्ति सिन्हा ,मियावाकी फॉरेस्ट प्रोजेक्ट के लिए सम्मान,कार रैली के लिए पुरस्कार,साड़ी वॉकाथॉन के लिए सम्मान,वाटर कूलर प्रोजेक्ट के लिए पुरस्कार,युनिक प्रोजेक्ट के लिए विशेष प्रशंसा,डिस्ट्रिक्ट 329 के साथ जॉइंट प्रोजेक्ट के लिए सम्मान मिला। इन सभी सफलताओं के लिए मैं दिल से धन्यवाद देना चाहती हूं हमारे मार्गदर्शक पीडीसी पूनम सहाय जी का, जिनकी प्रेरणा हमेशा हमारे साथ रही अपने सभी वरिष्ठ सदस्यों, पूरी टीम और क्लब के सभी सदस्यों का भी मैं तहेदिल से धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने एकजुट होकर हर प्रोजेक्ट में अपना योगदान दिया। मौके पर प्रेसिडेंट सोनाली तरवे के साथ सचिव राखी झुनझुनवाला आईपीपी सुमन गौरीसरिया पास्ट प्रेसिडेंट अर्चना कुमारी मनीष कपिस्वे मौजूद थी हमे अपार हर्ष है कि हमारा क्लब इस ऊंचाई तक पहुंचा और समाज सेवा में नए आयाम स्थापित किए। यह उपलब्धियां हम सभी के सामूहिक प्रयासों और निष्ठा का परिणाम हैं।




## जिला उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में जिला आधार निगरानी समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह :शून्य से पांच वर्ष के बच्चों का आधार पंजीकरण कार्य में लाएं तेजी जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक की। बैठक में उपायुक्त द्वारा सबसे पहले सुदूर क्षेत्रों में आधार पंजीकरण एवं अद्यतन केन्द्रों की आवश्यकता का आंकलन करते हुए उन क्षेत्रों में आधार पंजीकरण केन्द्र की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उन्होंने शून्य से पांच वर्ष के बच्चों के आधार पंजीकरण में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही आधार में मोबाइल संख्या को भी पंजीकृत कराने को कहा। इसके साथ ही बीआरसी के सभी मशीन अनिवार्य रूप से 05 और 15 साल के बच्चों का मैंडेटरी बायोमैट्रिक अपडेट तथा जिनका मोबाइल नंबर ऐड नहीं हुआ हो उनका अभियान चलाकर मोबाइल नंबर ऐड करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने जिला समाज कल्याण विभाग को इंडिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक के प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत बच्चों का आधार पंजीकरण कराने का निर्देश दिया। जिला उपायुक्त ने कहा कि जिनका आधार बने हुए दस वर्ष हो गए हैं और उनके द्वारा कभी भी अगर कोई आधार अपडेशन का कार्य नहीं किया गया है, वे सभी अनिवार्य रूप से अपना आईडी कार्ड और एड्रेस प्रूफ/डॉक्यूमेंट अपडेट अवश्य करा लें। इसके अलावा जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) को सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत सभी बच्चों का संकूल साधन केंद्र (बीआरसी) में उपलब्ध- आधार कीट से शिविर लगाकर शत-प्रतिशत आधार पंजीकरण कराने को कहा गया बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, जिला शिक्षा अधीक्षक, डाक अधीक्षक, सहायक प्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय राँची, जिला परियोजना पदाधिकारी, यू॰ आईडी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



### फुलवारी शरीफ के विकास पर मुख्यमंत्री का विशेष ध्यान रहा है: अरुण मांझी

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत परसा पंचायत के चाणक्य कॉलोनी, कृष्ण विहार कॉलोनी एवं परसा बाजार रेलवे स्टेशन क्षेत्र में सोमवार को "नीतीश का काम झ्र नीतीश का नाम" अभियान के तहत सघन जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं जदयू अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ के राज्य संयोजक अरुण मांझी ने क्षेत्रीय विकास की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि परसा बाजार और फुलवारीशरीफ विधानसभा क्षेत्र मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आत्मावलोकन में विशेष स्थान रखते हैं.

## गांडेय प्रखंड में अग्रिम राशन के वितरण में हो रही गड़बड़ी : राजेश यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पूर्व जिप सदस्य सह फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव ने गांडेय प्रखंड क्षेत्र में सरकार के आदेशानुसार तीन माह का अग्रिम राशन वितरण किए जाने में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए संबंधित अधिकारियों एवं जिला प्रशासन से इसकी जांच और कार्रवाई तथा समुचित राशन का वितरण कराने की मांग की है इस बाबत श्री यादव ने कहा कि, गांडेय प्रखंड के फुलझरिया तथा दासडीह पंचायत के कई गांवों के राशन कार्ड धारकों से मिलने पर उन्हें इस बात की जानकारी मिली है। फुलझरिया पंचायत के कई गांवों के लोगों ने उन्हें बताया कि, उन्हें जून माह में विगत मई माह का राशन दिया गया है, जबकि अग्रिम राशन के रूप में जून, जुलाई या अगस्त में से किसी माह का राशन उन्हें नहीं मिला है। वहीं, दासडीह पंचायत के भोगतिया लोहारी के कार्ड धारकों ने सिर्फ जून का अग्रिम राशन मिलने की बात कही। जबकि जानकारी यह मिल रही है कि, इस पंचायत में जुलाई का भी अग्रिम राशन भेजा जा चुका है उन्होंने कि, सरकार ने चिट्ठी निकालकर जून माह में ही जून, जुलाई और अगस्त 3 महीने का अग्रिम राशन सभी कार्डधारकों को देने का आदेश तो दे दिया, लेकिन सरकारी तंत्र की लापरवाही से ही इसपर अमल होता नहीं दिख रहा। यह गरीबों के साथ धोखा है श्री यादव ने कहा कि, पूरे गांडेय प्रखंड में जून माह का अग्रिम राशन सभी डीलरों के पास भेज दिया गया है, ऐसी जानकारी है।वहीं, जुलाई माह का अग्रिम राशन करीब 50 डीलरों के पास भेजा जाना अभी बाकी है, जबकि अगस्त माह का अग्रिम राशन ऊपर से ही नहीं आया है। कहा कि, फिर भी इतना तय है कि, जिस तरह से भी डीलरों के पास राशन पहुंचा है, उसका पूरी तरह से वितरण नहीं हुआ है इसलिए ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक जिला प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर जांच और उचित कार्रवाई करते हुए डीलरों को प्राप्त राशन कार्ड धारकों तक वितरण कराना सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही कहा कि, यदि ऐसा नहीं हुआ तो राशन छोरी के खिलाफ आंदोलन शुरू किया जाएगा मौके पर शंभू तुरी, अख्तर अंसारी, रामकिशोर सिंह, माला पंडित, रोहित यादव, गुलटेन पंडित, रामछोटे दास, कटी दास, मनोज तुरी सहित अन्य थे।

## पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंत्री सुदिव्य कुमार और मुख्य सचिव अलका तिवारी ने किया उसरी वाटर फॉल और खंडोली डैम पर्यटन स्थल का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पर्यटन विकास से स्थानीय स्तर पर होगा रोजगार का सृजनः- माननीय मंत्री, श्री सुदिव्य कुमार मुख्य सचिव ने कहा कि गिरिडीह जिले में पर्यटन के कई संभावनाएं, उसरी वाटर फॉल को इको टूरिज्म के रूप विकसित करने का किया जा रहा है प्रयास खंडोली डैम को राष्ट्रीय स्तर के पर्यटकों के लिए एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा रामनिवास यादव गिरिडीह जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज श्री सुदिव्य कुमार, माननीय मंत्री, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, नगर विकास एवं आवास, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड, श्रीमती अलका तिवारी, मुख्य सचिव झारखंड, पूर्व मुख्य सचिव, झारखंड ने उसरी वाटर फॉल और खंडोली डैम पर्यटन स्थल का निरीक्षण किया। मौके पर जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार, पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी, श्री मनीष तिवारी, उप विकास आयुक्त, श्रीमती स्मृता कुमारी, अपर समाहर्ता, श्री विजय सिंह बीरूआ, अनुमंडल पदाधिकारी गिरिडीह, श्रीकांत या विस्पुते, भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग पथ प्रमंडल एन.आर.ई.पी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे निरीक्षण के क्रम में उसरी वाटर फॉल और खंडोली डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर चर्चा हुई। मौके पर माननीय मंत्री, श्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि जिले के दो प्रमुख स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में और बेहतर और विकसित करने को लेकर राज्य सरकार और जिला प्रशासन के द्वारा सभी तैयारियां सुनिश्चित कराई जा रही हैं। साथ ही सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का भी प्रयास किया जा रहा है। जिससे कि यहां के स्थानीय को भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो और पर्यटन को बढ़ावा मिलें। उन्होंने कहा कि खंडोली डैम के विकास और सौंदर्याकरण की संभावनाओं पर चर्चा की गई। साथ ही इको-टूरिज्म को विकसित करने पर भी विचार किया गया। डैम के आसपास के क्षेत्र को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए सौंदर्याकरण पर जोर दिया गया। खंडोली डैम में आने वाली विदेशी पक्षियों के लिए रहने की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाएगी। साथ ही साथ वन विभाग के द्वारा खंडोली डैम के उत्तर किनारे पौधारोपण का कार्य किया जाएगा। माननीय मंत्री ने कहा कि उसरी वाटर फॉल और खंडोली डैम पर्यटन स्थलों को विकसित कर पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सभी संबंधित विभाग अधिकारी कार्यकारी एजेंसी आपसी समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों में तेजी लाएं, जिससे कि यहां स्थानीय ग्रामीणों को इसका लाभ मिलें निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव झारखंड, श्रीमती अलका तिवारी ने कहा कि गिरिडीह जिले में पर्यटन के बहुत संभावनाएं है। जिसे राज्य सरकार द्वारा विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। यहां का प्राकृतिक सुंदरता देखने लायक है। उन्होंने उसरी वाटर फॉल में इको-टूरिज्म को विकसित करने पर जोर दिया। कहा कि माननीय मंत्री महोदय के सहयोग से पर्यटन के क्षेत्र में काफी बेहतरी करने का प्रयास किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा भी वाटर फॉल और खंडोली डैम के सौंदर्यीकरण के लिए सारी व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जा रही है। उन्होंने खंडोली डैम के चारों तरफ से मौके पर जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने कहा कि मौके पर उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन स्थलों को विकसित करने के दिशा में प्रयासरत है। जिले के पर्यटन स्थलों के विकास से यहां पर पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी और स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। उपायुक्त ने खंडोली डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सारी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। खंडोली डैम के चारों तरफ कनेक्टिविटी पर काम किया जायेगा। डैम के चारों तरफ पर्यटक घुमकर प्राकृतिक घटा का आंनद उठा सके इसके लिए पहुंच पथ का निर्माण कराया जायेगा। डैम के नीचे नदी पर पुल का निर्माण कराया जाएगा ताकि पर्यटकों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही पर्यटक नदी के इस पार से उस पर का आनंद उठा सके। इसके अलावे मधवाडीह से खंडोली मोड़ को जोडने वाली बाईपास पथ का भी निर्माण कराया जायेगा तथा बरियारपुर तक कॉरिडोर बनाया जाएगा। साथ ही पर्यटकों के लिए इसे और भी आकर्षक बनाने के लिए सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे।



**UNION PUBLIC SERVICE COMMISSION**
**PROGRAMME OF EXAMINATIONS/RECRUITMENT TESTS (RTs) -2026**

| Sl. No. | Name of Examination | Date of Notification | Last Date for receipt of Applications | Date of commencement of Exam | Duration of Exam |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **Reserved for UPSC RT/ Examination** | | | **10.01.2026 (Saturday)** | **2 Days** |
| 2. | **Reserved for UPSC Examination** | | | **17.01.2026 (Saturday)** | **2 Days** |
| 3. | Combined Geo-Scientist (Preliminary) Examination, 2026 | 03.09.2025 | 23.09.2025 | 08.02.2026 (Sunday) | 1 DAY |
| 4. | Engineering Services (Preliminary) Examination, 2026 | 17.09.2025 | 07.10.2025 | 08.02.2026 (Sunday) | 1 DAY |
| 5. | CBI (DSP) LDCE | 24.12.2025 | 13.01.2026 | 28.02.2026 (Saturday) | 2 DAY |
| 6. | CISF AC(EXE) LDCE-2026 | 03.12.2025 | 23.12.2025 | 08.03.2026 (Sunday) | 1 DAY |
| 7. | N.D.A. & N.A. Examination (I), 2026 | 10.12.2025 | 30.12.2025 | 12.04.2026 (Sunday) | 1 DAY |
| 8. | C.D.S. Examination (I), 2026 | | | | |
| 9. | Civil Services (Preliminary) Examination, 2026 | 14.01.2026 | 03.02.2026 | 24.05.2026 (Sunday) | 1 DAY |
| 10. | Indian Forest Service (Preliminary) Examination, 2026 through CS(P) Examination 2026 | | | | |
| 11. | **Reserved for UPSC RT/ Examination** | | | **06.06.2026 (Saturday)** | **2 DAYS** |
| 12. | I.E.S./I.S.S. Examination, 2026 | 11.02.2026 | 03.03.2026 | 19.06.2026 (Friday) | 3 DAYS |
| 13. | Combined Geo-Scientist (Main) Examination, 2026 | | | 20.06.2026 (Saturday) | 2 DAYS |
| 14. | Engineering Services (Main) Examination, 2026 | | | 21.06.2026 (Sunday) | 1 DAY |
| 15. | **Reserved for UPSC RT/ Examination** | | | **04.07.2026 (Saturday)** | **2 DAYS** |
| 16. | Central Armed Police Forces (ACs) Examination, 2026 | 18.02.2026 | 10.03.2026 | 19.07.2026 (Sunday) | 1 DAY |
| 17. | Combined Medical Services Examination, 2026 | 11.03.2026 | 31.03.2026 | 02.08.2026 (Sunday) | 1 DAY |
| 18. | **Reserved for UPSC Examination** | | | **08.08.2026 (Saturday)** | **2 DAYS** |
| 19. | Civil Services (Main) Examination, 2026 | | | 21.08.2026 (Friday) | 5 DAYS |
| 20. | N.D.A. & N.A. Examination (II), 2026 | 20.05.2026 | 09.06.2026 | 13.09.2026 (Sunday) | 1 DAY |
| 21. | C.D.S. Examination (II), 2026 | | | | |
| 22. | **Reserved for UPSC RT/ Examination** | | | **26.09.2026 (Saturday)** | **2 DAYS** |
| 23. | **Reserved for UPSC RT/ Examination** | | | **10.10.2026 (Saturday)** | **2 DAYS** |
| 24. | **Reserved for UPSC RT/ Examination** | | | **31.10.2026 (Saturday)** | **2 DAYS** |
| 25. | Indian Forest Service (Main) Examination, 2026 | | | 22.11.2026 (Sunday) | 7 DAYS |
| 26. | S.O./Steno (GD-B/GD-I) LDCE | 16.09.2026 | 06.10.2026 | 12.12.2026 (Saturday) | 2 DAYS |
| 27. | **Reserved for UPSC RT/ Examination** | | | **19.12.2026 (Saturday)** | **2 DAYS** |

**Note: The dates of notification, commencement and duration of Examinations/ RTs are liable to alteration, if the circumstances so warrant.**

CBC-55101/14/0002/2526

## ओरल केयर के अभाव में देश को हर साल 7.2 अरब डॉलर का नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओरल हेल्थ पर ध्यान नहीं देने के कारण90 फीसदी भारतीयों को दांतों की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यह न सिर्फ कैंसर जैसी बीमारियों की वजह बन



रहा है, बल्कि देश को हर साल 7.2 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हो रहा है। कोलगेट-पामोलिव (इंडिया) की एमडी एवं सीईओ प्रभा नरसिम्हन ने अमर उजाला से बातचीत में कहा, ओरल हेल्थ में भारत का स्कोर पांच में से 2.6 है।इसकी प्रमुख वजह ओरल केयर का अभाव है।आलम यह है कि 80 फीसदी शहरी भारतीय रात में ब्रश नहीं करते हैं।ग्रामीणइलाकों में रहने वाले 55 फीसदी लोग प्रतिदिन एक बार भी ब्रश नहीं करते हैं।यह बड़ी समस्या है, जिसके समाधान के लिए कोलगेट पामोलिव आठ दशक से अधिक समय से भारत में ओरल केयर पर काम कर रही है।कंपनी ओरल हेल्थ को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता के तहत भारत में ओरल हेल्थ मूवमेंट चला रही है।

**45 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग-** प्रभा बताती हैं कि ओरल हेल्थ मूवमेंट पहल के तहत देश के 700 जिलों और 18,000 से अधिक पिन कोड पर अब तक 45 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गईहै।इनमें से सिर्फ 10 फीसदी लोगों को ही पांच में से पांच और 24 फीसदी को सबसे कम एक स्कोर मिला है।स्क्रीनिंग के आंकड़े बताते हैं कि 41 फीसदी लोगों में कैविटी होने का खतरा काफी अधिक है, जबकि 44 फीसदी लोग मसूड़े की समस्या से जूझ रहे हैं।

## बाढ़ में लाखों के नुकसान से बचाएगा वाहन बीमा, ईवी बैटरी भी कवर में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बारिश शुरू होने के साथ बाढ़ और जलभराव आम बात है। ऐसे में अपनी गाड़ी को बाढ़ और जलभराव से बचाना जरूरी हो जाता है, जिसका एक ही तरीका है...व्यापक मोटर बीमा पॉलिसी का चुनाव। यह न सिर्फ आपकी गाड़ी को बाढ़, आग और चोरी से सुरक्षित रखती है, बल्कि इंजन, इलेक्ट्रिकल सिस्टम और इंटीरियर को कवरेज देकर लाखों के नुकसान से बचाती है। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का चलन बढ़ने के साथ इस पॉलिसी में आपको बैटरी की भी सुरक्षा मिलती है, जिसकी कीमत ई-कार मूल्य की 40 फीसदी तक होती है। अगर आप अतिरिक्त सुरक्षा चाहते हैं, तो मोटर बीमा पॉलिसी में व्यापक ऐड-ऑन कवर शामिल कर सकते हैं। यह ऐड-ऑन कवर कार के इंजन को होने वाले नुकसान से बचाता है।कार के पानी में डूबने पर पिस्टन और कनेक्टिंग रॉड क्षतिग्रस्त हो जाते हैं, जिससे इंजन बंद हो जाता है। इसे ठीक कराने या बदलने पर मोटी रकम खर्च होती है।

**जीरो डेप्रिसिएशन कवर-** कारें मूल्यह्रास यानी डेप्रिसिएशन योग्य एसेट हैं।इसलिए, बीमाकर्ता क्लेम निपटान से पहले लागू डेप्रिसिएशन रकम काट लेते हैं। यही कारण है कि जीरो डेप्रिसिएशन कवर महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि यह व्यापक मोटर बीमा पॉलिसी का हिस्सा नहीं है। यह ऐड-ऑन कार के पुर्जों पर डेप्रिसिएशन से राहत देता है और मालिक को अधिक क्लेम राशि पाने में सक्षम बनाता है। प्लास्टिक और रबर जैसे कुछ कलपुर्जों पर पहले साल में ही डेप्रिसिएशन 50 फीसदी तक होता है। इसका मतलब है कि अगर आपके पास यह कवर नहीं है, तो बीमा कंपनी वास्तविक नुकसान का सिर्फ 50 फीसदी ही क्लेम देगी।इस नुकसान से बचने के लिएयह कवर लेना जरूरी हो जाता है।

**निवेश-बचतः** तनावमुक्त जीवन के लिए कर्ज प्रबंधन के स्मार्ट तरीके

# सिबिल स्कोर और इमरजेंसी फंड बनाए रखें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आजकल हर परिवार होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड और एजुकेशन लोन जैसे कर्ज लेता है। अर्थव्यवस्था के लिए ये कर्ज नए पैसे को सिस्टम में लाने का एक जरिया हैं। लेकिन, मध्यम वर्ग परिवारों के लिए इन कर्ज पर लगने वाला ब्याज उनकी आर्थिक स्थिति के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। आरबीआई फरवरी से अब तक रेपो दर में कुल एक फीसदी की कटौती कर चुका है।यह मौजूदा कर्जदारों के लिए बड़ी राहत है, बशर्ते बैंक इस फायदे को ग्राहकों तक पहुंचाएं। आइए समझते हैं कि ब्याज दरों में कमी के इस दौर में हम अपने कर्ज का प्रबंधन स्मार्ट तरीके से कैसे कर सकते हैं।

**वेरिएबल इंटरेस्ट तो सस्ता होगा कर्ज-** अगर आपका लोन वेरिएबल इंटरेस्ट रेट पर है, यानी ब्याज दर रेपो रेट के हिसाब से ऊपर-नीचे हो सकती है (जैसे होम लोन, एजुकेशन लोन), तो आपका कर्ज सस्ता हो सकता है। लेकिन, ज्यादातर मामलों में पर्सनल और कार लोन की ब्याज दरें कर्ज लेते समय फिक्स्ड होती हैं।यानी रेपो दर के बढ़ने-घटने का ब्याज दर पर कोईअसर नहीं होता है।


**कर्ज प्रबंधन के गोल्डन नियम-** कर्ज तभी लें, जब वाकई जरूरत हो- घर या कार खरीदने के लिए कर्ज लेना ठीक है, लेकिन विदेश में छुट्टियां मनाने या आईफोन खरीदने के लिए पर्सनल लोन लेना सही नहीं है। ऐसी चीजों के लिए पहले से प्लान करें और हर महीने थोड़ी-थोड़ी बचत कर बाद में खर्च करें।

**सिबिल स्कोर बनाए रखें -** अच्छा क्रेडिट स्कोर आसानी से कर्ज दिला सकता है और थोड़ी छूट भी मिल सकती है। इसलिए, अपने क्रेडिट स्कोर पर नजर रखें और भुगतान में चूक से बचें।

**कुल ईएमआई को मासिक आय के 40 फीसदी से कम रखें -** इससे आप भविष्य के वित्तीय लक्ष्यों के लिए निवेश कर पाएंगे और घरेलू खर्चों को बिना परेशानी के मैनेज कर सकेंगे।

**पुराने कर्ज चुकाने के लिए नया लोन न लें -** जब तक नया लोन वाकई बड़ा फर्क न ला रहा हो, बार-बार लेंडर बदलने से बचें। इसके बजाय, एक लेंडर के साथ रहें और जितनी जल्दी हो सके, कर्ज चुकाएं।

**इमरजेंसी फंड बनाए रखें -** हमेशा कम-से-कम 3 से 6 महीने का इमरजेंसी फंड रखें, जिसमें ईएमआई सहित मासिक खर्च शामिल हों। इस राशि का इस्तेमाल



### पुराने कर्ज पर ऐसी होनी चाहिए रणनीति

अगर कर्ज वेरिएबल इंटरेस्ट रेट पर है, तो आपके पास दो विकल्प होते हैं।आपको ईएमआई की राशि कम करने या लोन की अवधि घटाने के बीच किसी एक को चुनना होता है। यह फैसला उलझन भरा होता है। लेकिन, अगर आप ईएमआई राशि कम करने की जगह लोन अवधि घटाने का विकल्प चुनते हैं, तो यह समझदारी भरा फैसला होता है, क्योंकि आप पहले से ही वह राशि हर महीने अपनी आय से चुका रहे थे। ईएमआई कम कराने से खास बचत नहीं होती।

### बैलेंस ट्रांसफर में इन बातों का रखें ध्यान

कई बैंक बैलेंस ट्रांसफर का विकल्प देते हैं। इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखें।जैसे बैंक की सेवा अच्छी है या नहीं, बैंक शाखा घर के नजदीक हो, ऑनलाइन सुविधाएं उपलब्ध है या नहीं। सबसे अहम प्रोसेसिंग फीस, मोरगेज चार्जेस आदि कितने हैं। बैलेंस ट्रांसफर का फैसला लेते समय देखें कि सारे शुल्क जोड़ने के बाद यह फायदेमंद है या नहीं। इसे राधिका चोपड़ा के उदाहरण से समझते हैं। राधिका का होम लोन चल रहा है, जिसकी बकाया राशि 12.38 लाख रुपये है। इस पर वह 9 फीसदी ब्याज दर के साथ 19,800 रुपये की ईएमआई भर रही हैं।कर्ज अवधि 7 साल है। अब अगर वह दूसरे बैंक में बैलेंस ट्रांसफर करती हैं, जहां 8 फीसदी ब्याज दर है।इससे उन्हें 80,000 रुपये की ब्याज बचत हो सकती है। लेकिन, लोन ट्रांसफर के बजाय अगर वह मौजूदा ईएमआई को हर माह 1,500-2,000 रुपये बढ़ा दें, उन्हें 50-60 हजार की ब्याज बचत हो सकती है। इस प्रकार, अगर ब्याज दर में एक फीसदी से ज्यादा बचत हो रही हो और आपकी बकाया अवधि 7-10 साल से अधिक हो, तभी बैलेंस ट्रांसफर पर विचार करना चाहिए।

**क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव**

# फीस में बढ़ोतरी और सुविधाओं में कटौती



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं तो आपके लिए नए नियमों को जानना और समझना जरूरी है। एसबीआई और एचडीएफसी समेत अन्य प्रमुख बैंकों ने क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है, जो जुलाई और अगस्त में अलग-अलग डेट से लागू होंगे। सबसे अहम क्रेडिट कार्ड के साथ मिलने वाले एक करोड़ रुपये के हवाई यात्रा दुर्घटना बीमा कवरेज को हटाया जा रहा है। नए नियमों के तहत बैंकों ने क्रेडिट कार्ड के साथ मिलने वाली सुविधाओं में कटौती की है। इसके साथ ही, कई तरह की फीस में बढ़ोतरी की है या फिर क्रेडिट कार्ड के जरिए खरीदारी करने पर नया चार्ज जोड़ दिया है। रिवार्ड प्वाइंट से जुड़े नियमों में भी बदलाव किया है और एक सीमा के बाद खर्च करने पर शुल्क लगाने का प्रावधान किया गया है। नए नियमों के तहत क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करने वाले लोगों की जेब पर बोझ बढ़ेगा। अब बिल में जीएसटी, ईएमआई, फीस, फाइनेंस चार्ज, ओवर लिमिट राशि समेत बाकी बकाया राशि का 2 फीसदी भी शामिल होगा। पेमेंट का क्रम भी बदला जाएगा। 15

### इन कार्डों पर भी 11 अगस्त से बंद होगा दुर्घटना बीमा

यूको बैंक एसबीआई कार्ड इलीट, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया एसबीआई कार्ड इलीट, पीएसबी एसबीआई कार्ड इलीट, केवीबी एसबीआई कार्ड इलीट, केवीबी एसबीआई सिग्नेचर कार्ड और इलाहाबाद बैंक एसबीआई कार्ड इलीट कार्ड पर एक करोड़ और पांच लाख रुपये का हवाई दुर्घटना बीमा 11 अगस्त से होगा बंद।

### बाकी बैंक जल्द करेंगे नियमों में बदलाव

सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एसबीआई और निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंक एचडीएफसी द्वारा क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में बदलाव किए जाने का असर अन्य बैंकों पर भी देखने को मिलेगा। संभावना व्यक्त की जा रही है कि बाकी बैंक भी जल्द ही क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में बदलाव करके कुछ सुविधाओं को हटाएंगे तो वहीं अतिरिक्त शुल्क लगाने का भी प्रावधान कर सकते हैं।

# विदेश में पावर कारोबार करने की तैयारी में अनिल अंबानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर के शेयर कल सोमवार को कारोबार के दौरान फोकस में रह सकते हैं। दरअसल, खबर है कि अनिल अंबानी की रिलायंस पावर लिमिटेड विदेश में 1,500 मेगावाट की गैस आधारित पावर प्रोजेक्ट स्थापित करने की योजना बना रही है। इसके विकास के लिए कई अंतरराष्ट्रीय टेंडर्स में सक्रिय रूप से भाग ले रही है। बता दें कि रिलायंस पावर के शेयर बीते शुक्रवार को 4 प्रतिशत से अधिक चढ़ गए थे और 69.29 रुपये पर पहुंच गए।



### क्या है डिटेल

सूत्रों ने बताया कि रिलायंस पावर ने कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और मलेशिया में गैस आधारित बिजली परियोजनाओं के लिए बोलियां दाखिल की हैं। कंपनी ने हाल ही में भूटान में दो बड़ी बिजली परियोजनाएं हासिल की हैं। इनमें एक 500 मेगावाट की सोलर प्रोजेक्ट है जबकि दूसरी 770 मेगावाट की हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट है। प्रस्तावित परियोजना से रिलायंस पावर के बही-खाते में महत्वपूर्ण बदलाव आने की उम्मीद है क्योंकि कंपनी का उद्देश्य इन परिसंपत्तियों का मौद्रीकरण करके 2,000 करोड़ रुपये लाने का है। इस संबंध में संपर्क करने पर रिलायंस पावर के प्रवक्ता ने वैश्विक बोलियों में कंपनी के भाग लेने की खबरों की पुष्टि की।

### कंपनी के शेयरों के हाल

बता दें कि रिलायंस पावर के शेयर लगातार शानदार परफॉर्म कर रहे हैं। इस साल अब तक आर पावर के शेयर में 60 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई है।

# विश्व बैंक की रिपोर्टः संघर्ष की आग में जलते देश, एक अरब लोग झेल रहे गरीबी; पांच साल में 20 प्रतिशत तक गिरती है आय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया भर के संघर्षग्रस्त इलाकों में रहने वाले करीब एक अरब लोग सिर्फ गोलियों और विस्फोटों से ही नहीं बल्कि भूख, बीमारी और गरीबी की धीमी मौत से भी जूझ रहे हैं। विश्व बैंक की नई रिपोर्ट में सामने आया है कि हिंसक संघर्ष से जूझते देशों में न सिर्फ गरीबी चरम पर है बल्कि वहां के नागरिकों की औसत आयु, स्वास्थ्य सुविधाएं और आर्थिक विकास भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। उच्च तीव्रता वाले संघर्षों के करण ऐसे देशों की प्रति व्यक्ति आय में पांच वर्षों के भीतर करीब 20 फीसदी की गिरावट दर्ज की जाती है।

विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया की लगभग एक अरब आबादी उन 39 देशों या क्षेत्रों में रह रही है, जो पिछले कई वर्षों से संघर्ष और अस्थिरता से जूझ रहे हैं। ये देश एफसीएस (फ्रैगिलिटी कनफ्लिक्ट एंड वायलेंस) श्रेणी में आते हैं। इनमें से ज्यादातर उप-सहारा अफ्रीका में हैं, जबकि कुछ पश्चिम एशिया, पूर्वी एशिया और प्रशांत क्षेत्र में भी हैं। इन देशों में रहने वाले नागरिकों के लिए संघर्ष सिर्फ एक राजनीतिक या सैन्य चुनौती नहीं बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ा संकट बन चुका है। इन क्षेत्रों में अगर लोग जीवित बच भी गए तो यह संघर्ष जीवन भर के लिए भारी कठिनाइयों सबब बन जाता है। सामान्य विकासशील देशों में जहां चरम गरीबी की दर मात्र 6 फीसदी है, वहीं संघर्ष-ग्रस्त देशों में यह लगभग 40 फीसदी तक पहुंच गई है। एफसीएस देशों की लगभग 20 करोड़ आबादी इस समय गंभीर खाद्य असुरक्षा से जूझ रही है। यह संख्या अन्य विकासशील देशों की तुलना में 18 गुना अधिक है। यही नहीं अन्य देशों के मुकाबले यहां शिशु मृत्यु दर भी दो गुनी अधिक और औसत जीवन प्रत्याशा सात वर्ष कम यानी 71 वर्ष के मुकाबले 64 है। स्वास्थ्य ढांचा अक्सर या तो पूरी तरह ध्वस्त होता है या फिर लगातार चल रहे संघर्षों के कारण चरमराया रहता है। कई अस्पताल बंद हो चुके हैं, दवाओं की भारी कमी है और प्रशिक्षित चिकित्सकों का पलायन जारी है।

**मुकेश अंबानी करेंगे बड़ी डील! रिलांयस को कोई नहीं दे पाएगा टक्कर**

# गौतम अडानी ने खींच लिए थे हाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रूस की एनर्जी कंपनी रोसनेफ्ट भारत में नायरा एनर्जी में अपनी हिस्सेदारी बेचना चाहती है। सूत्रों के मुताबिक रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ उसकी बात बन सकती है। पहले कई भारतीय कंपनियों से बात की गई लेकिन बात नहीं बनी। सरकारी कंपनियों ने भी दिलचस्पी नहीं दिखाई। अब रिलायंस और रोसनेफ्ट के बीच शुरुआती बातचीत शुरू हो गई है। हालांकि अभी यह शुरुआती दौर में है। रोसनेफ्ट अपनी हिस्सेदारी के लिए 20 अरब डॉलर मांग रही थी। इतनी ज्यादा कीमत की वजह से पहले कई कंपनियों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। सूत्रों के अनुसार, रोसनेफ्ट ने अब अपनी डिमांड को थोड़ा कम करके 17 अरब डॉलर कर दिया है। लेकिन यह कीमत भी रिलायंस के लिए बहुत ज्यादा है। हालांकि रिलायंस ने इसे बाजार की अफवाह बताया है। लेकिन अगर यह बातचीत सफल होती है, तो रिलायंस भारत की सबसे बड़ी रिफाइनरी कंपनी बन जाएगी। वह इंडियन ऑयल को पीछे छोड़ देगी। मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस गुजरात के जामनगर में दुनिया की सबसे बड़ी रिफाइनरी चलाती है। इसकी क्षमता 68 मिलियन टन प्रति वर्ष है। नायरा का अधिग्रहण करने से रिलायंस की क्षमता 20 मिलियन टन प्रति वर्ष बढ़ जाएगी। इससे इंडियन ऑयल की 80.7 मिलियन टन की क्षमता से ज्यादा हो जाएगी। इसके साथ ही, रिलायंस का बाजार में दबदबा भी बढ़ेगा। उसे 6,750 पेट्रोल पंप मिलेंगे। अभी रिलायंस के पास जियो-बीपी ब्रांड के तहत 1,700 से ज्यादा पेट्रोल पंप हैं। रोसनेफ्ट पिछले साल से नायरा से बाहर निकलने की कोशिश कर रही है। 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर कई प्रतिबंध लगाए हैं।



### अडानी ग्रुप की ना

सूत्रों का कहना है कि पिछले हफ्ते रिलायंस के फ्यूल रिटेल ब्रांड जियो-बीपी और अडानी-टोटल गैस के बीच एक समझौता हुआ था। इस समझौते के तहत दोनों कंपनियां एक-दूसरे के आउटलेट से अपने-अपने ईंधन बेचेंगी। यह समझौता नायरा के अधिग्रहण की योजना का हिस्सा हो सकता है। अडानी ग्रुप को भी रोसनेफ्ट ने यह ऑफर दिया था, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। इसकी वजह रोसनेफ्ट की ऊंची कीमत के साथ-साथ टोटल के साथ अडानी ग्रुप का समझौता भी है। इस समझौते के तहत अडानी ग्रुप अब जीवाश्म ईंधन में और निवेश नहीं कर सकता है। रिलायंस अगर नायरा का अधिग्रहण करती है, तो जियो-बीपी डील से उसे ईंधन बेचने के लिए आउटलेट मिल जाएंगे। वहीं, अडानी-टोटल गैस के सीएनजी कारोबार को नायरा के नेटवर्क तक पहुंच मिल जाएगी।

### अच्छे संबंध

सूत्रों का कहना है कि रोसनेफ्ट के साथ बातचीत रिलायंस की सऊदी अरामको के साथ तेल से रसायन वेंचर में हिस्सेदारी खरीदने की कोशिश की तरह भी विफल हो सकती है। उस समय भी कीमत को लेकर सहमति नहीं बन पाई थी। रिलायंस के रोसनेफ्ट के साथ अच्छे संबंध

## सहायक कंपनियों को बाजार में लिस्ट करें सरकारी बैंक
## वित्त मंत्रालय ने दिया निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्रालय ने सरकारी बैंकों से कहा है कि वे अपने परिचालन को और बढ़ाने के बाद सहायक कंपनियों में अपने निवेश को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध कराकर उसका मौद्रीकरण करें, ताकि उन्हें अच्छा रिटर्न मिल सके। मध्यम से लंबी अवधि में सरकारी बैंकों की करीब 15 सहायक कंपनियां या संयुक्त उद्यम प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) या विनिवेश के लिए तैयार हैं। सूत्रों ने कहा, बैंकों को जहां भी जरूरी हो, अपनी सहायक कंपनियों या संयुक्त उद्यमों के परिचालन को बढ़ाने के लिए धन का निवेश करना चाहिए। उदाहरण के लिए, एसबीआई अपने परिचालन को बढ़ाने के बाद एसबीआई जनरल इंश्योरेंस व एसबीआई पेमेंट सर्विसेज को सूचीबद्ध करने पर विचार कर सकता है।

**बैंकों का एनपीए घटकर 0.52 फीसदी-** वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, बैंकों का कुल कारोबार 2022-23 के 203 लाख करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 251 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।एनपीए 1.24 फीसदी से घटकर 0.52 फीसदी रह गया।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सरकारी बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद बताया, बैंकों का शुद्ध मुनाफा भी 1.04 लाख करोड़ से बढ़कर 1.78 लाख करोड़ हो गया है। इन बैंकों के पास पर्याप्त पूंजी है।

# सिर्फ आधी कंपनियों को ही मिला दूरसंचार विनिर्माण प्रोत्साहन, 31 मार्च तक 1162 करोड़ रुपये का वितरण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दूरसंचार विनिर्माण से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत पात्र 42 कंपनियों में सिर्फ 21 को ही 31 मार्च, 2025 तक प्रोत्साहन मिला है। वहीं, दो कंपनियों कोरल टेलीकॉम लि. और अल्फियन इंडिया प्राइवेट लि. के आवेदन को पात्रता सीमा मानदंड को पूरा नहीं करने के कारण खारिज कर दिया। लाभार्थियों में से एक ने कहा, कुछ दूरसंचार गियर निर्माता सिर्फ आयातित उत्पादों को अपना लेबल लगाकर बेच रहे थे, जिससे पीएलआई योजना के तहत उत्पादन और मार्जिन प्रभावित हो रहे थे। ब्रॉडबैंड गियर निर्माता के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, योजना की मंशा को प्रभावित करने वाली ऐसी अनैतिक प्रथाओं पर अंकुश लगाने के लिए सख्त निगरानी जरूरी है। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी के जवाब में दूरसंचार विभाग ने कहा, 31 मार्च तक योजना के तहत कुल 1,162.03 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन जारी किया गया है। इस योजना के तहत कुल 4,115 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन निर्धारित किया था। योजना अवधि के दौरान 2.45 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त बिक्री और 44,000 से अधिक अतिरिक्त रोजगार सृजित होने का अनुमान है। विनिर्माणको प्रोत्साहन देने के लिए दूरसंचार पीएलआई योजना एक अप्रैल, 2021 को लागू हुई थी और यह चालू वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक चलने वाली है।





# एक्टर्स के लिए खतरा बन सकता है एआई

अभिनेता करण टैकर की अपकमिंग वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज को तैयार है। टैकर ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की संभावनाओं और खतरों पर बात की। उनका मानना है कि एआई एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में मददगार है, लेकिन यह एक्टर्स के लिए खतरा भी बन सकता है। साथ ही, साइबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों ने भी उनकी चिंता बढ़ा दी है। करण टैकर ने बताया कि उनकी सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 मुख्य रूप से साइबर क्राइम पर आधारित है, जिसमें एआई का भी छोटा-सा हिस्सा है। उन्होंने बताया, एआई अब हमारी जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। फिल्मों में वीएफएक्स के जरिए धमाकों जैसे सीन बनाए जाते हैं, जो एआई की मदद से संभव होते हैं। करण ने यह भी बताया कि उनके दो विज्ञापन एआई की मदद से बनाए गए थे। हालांकि, करण ने एआई के खतरों पर चिंता जताई। उन्होंने एक अनुभव साझा करते हुए बताया, निर्देशक नीरज पांडे ने मुझे एक तीन मिनट की शॉर्ट फिल्म दिखाई, जो पूरी तरह एआई पर आधारित थी। इसमें सभी किरदार नकली थे और कंप्यूटर प्रॉम्प्ट्स से बनाए गए थे। यह इतना वास्तविक लग रहा था कि मुझे यकीन नहीं हुआ।

करण को डर है कि एआई की वजह से भविष्य में अभिनेताओं की जरूरत कम हो सकती है, क्योंकि अब ऐसी तकनीक से फिल्में बनाना आसान हो गया है। उन्होंने सलाह दी कि इस बदलते दौर में सतर्क रहना जरूरी है। करण ने हाल ही में एक साइबर फ्रॉड का किस्सा भी साझा किया। उन्होंने बताया, मुझे एक फर्जी कॉल आया, जिसमें कहा गया कि मेरा निवेश मैच्योर हो चुका है और मुझे टैक्स डिटेल्स भेजने होंगे। उनके पास मेरे फंड की पूरी जानकारी थी, लेकिन यह एक धोखा था। करण का मानना है कि ऐसी स्थिति से बचने के लिए सावधानी और जागरूकता जरूरी है। 'स्पेशल ऑप्स 2' एक्शन और जासूसी थ्रिलर सीरीज है, जिसका पहला सीजन साल 2020 में रिलीज हुआ था। इसे नीरज पांडे ने डायरेक्ट किया है। सीरीज में करण टैकर के साथ केके मेनन भी अहम भूमिका में हैं। करण ने अनुपम खेर के निर्देशन में बनी फिल्म तन्वी द ग्रेट में भी काम किया है। फिल्म 18 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# चुनौतियों से भरे किरदार करना चाहती हूं

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म निकिता रॉय की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। कई फिल्मों में दमदार अदायगी से वाहवाही लूटने वाली सोना ने बातचीत में एक दबी हुई ख्वाहिश का भी इजहार किया! जब उनसे पूछा कि एक अभिनेत्री के तौर पर वह और क्या करना चाहेंगी, तो इस पर दबंग अभिनेत्री ने कहा, वह इन दिनों ऐसे किरदार की तलाश में हैं जो उन्हें अलग तरह से चुनौती दें और उन्हें अलग-अलग तरीके से स्क्रीन पर पेश करें।

उन्होंने आगे कहा, मैं ऐसा कुछ नहीं करना चाहती जो मैंने पहले किया हो या ऐसा जो मैं अपनी नींद में कर सकती हूं, बल्कि मैं ऐसा किरदार चाहती हूं जो वास्तव में मुझे नई चुनौती दे और मुझे मेरे कंफर्ट से बाहर ले जाए। इसलिए मैं पिछले नौ सालों से अलग-अलग किरदार चुन रही हूं। वहीं, मुझे नई चीजें करना पसंद भी है और इसमें काफी मजा भी आता है। सोनाक्षी ने कहा, मैं एक पीरियड ड्रामा या बायोपिक करना पसंद करूंगी। मैंने हीरामंडी जैसी पीरियड ड्रामा सीरीज की है, लेकिन मैंने बायोपिक नहीं की है। इसलिए मैं इसे करना पसंद करूंगी। इस बीच सोनाक्षी ने सन ऑफ सरदार सीक्वल का हिस्सा न होने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि शायद फिल्म की कहानी अब किसी और दिशा में जा रही है और उसमें नए किरदार होंगे। मैं इस बदलाव को पूरी तरह समझती हूं और इसका सम्मान करती हूं। सोनाक्षी सिन्हा ने आगे कहा, मैं अब प्रोफेशनल तरीके से सोचती हूं। हम इतने सालों से इस इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं, तो इन बातों को समझना आ गया है। यह बहुत छोटी सी बात है, कोई बड़ी बात नहीं है।

बता दें, अभिनेत्री साल 2012 में रिलीज फिल्म सन ऑफ सरदार में थी। साथ ही फिल्म में अजय देवगन ने जस्सी और संजय दत्त ने बिल्लू का किरदार निभाया था। इसमें एक्ट्रेस जूही चावला भी अहम किरदार में नजर आई थीं। यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म साल 2010 की तेलुगू फिल्म मर्यादा रमन्ना की रीमेक थी। अब इसके सीक्वल में अजय देवगन और मृणाल ठाकुर की जोड़ी नजर आएगी। वर्कफ्रंट की बात करें, तो सोनाक्षी की फिल्म निकिता रॉय 18 जुलाई को सिनेमा घरों में रिलीज होने वाली है। जिसमें उनके साथ परेश रावल, अर्जुन रामपाल और सुहैल नायर नजर आएंगे। साथ ही फिल्म में उनके भाई कुश सिन्हा बतौर निर्देशक शुरुआत करने जा रहे हैं।




# रश्मिका की मायसा पर विजय देवरकोंडा का रिएक्शन




रश्मिका मंदाना ने हाल ही में अपनी नई फिल्म मायसा का फर्स्ट लुक शेयर किया है, जिसके बाद हर कोई उनकी खूब तारीफ कर रहा है। इसी बीच एक्ट्रेस के रूमर्ड बॉयफ्रेंड विजय देवरकोंडा ने भी उनकी सराहना की। दरअसल, विजय ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर रश्मिका की आने वाली फिल्म मायसा का पोस्टर शेयर किया और लिखा, 'यह फिल्म जबरदस्त होने वाली है।' वहीं, रश्मिका ने भी एक्टर की स्टोरी रीशेयर की और कैप्शन में लिखा, 'विज्जू! मैं वादा करती हूं कि इस फिल्म से आपको मुझ पर गर्व होगा।' रश्मिका मंदाना मायसा का फर्स्ट लुक शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, मैं हमेशा आपको कुछ नया, कुछ अलग और कुछ रोमांचक देने की कोशिश करती हूं। और ये वैसा ही एक प्रोजेक्ट है। एक ऐसा किरदार जो मैंने पहले कभी नहीं निभाया। एक ऐसी दुनिया जहां मैं पहले कभी नहीं गई और मेरा ऐसा रूप जिसे मैंने खुद भी अब तक नहीं देखा था। ये गुस्से से भरा है बहुत दमदार है। और बिलकुल असली है। मैं थोड़ी घबराई हुई हूं लेकिन बहुत खुश भी हूं। मैं सच में इंतजार नहीं कर सकती कि आप सब देखें हम क्या बना रहे हैं। और ये तो बस शुरुआत है।

### अक्सर साथ नजर आते हैं रश्मिका-विजय

रश्मिका और विजय को अक्सर साथ देखा जाता है। दोनों को कई बार डेट पर जाते देखा गया है। जिसके चलते दोनों के रिलेशनशिप में होने की अफवाह है। हालांकि, दोनों ने अब तक अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियली एक्सेप्ट नहीं किया है।

# अदिति शेट्टी ने राणा नायडू सीजन 2 में इंटिमेट सीन के बारे में बात की




एक्ट्रेस अदिति शेट्टी ने राणा नायडू सीजन 2 में अपने बोल्ड और इंटिमेट सीन के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि ये सीन कहानी और उनके किरदार को बेहतर तरीके से समझाने के लिए जरूरी थे। अदिति शेट्टी ने कहा कि नए सीजन में बहुत कम बोल्ड सीन हैं और जो भी सीन हैं, उन्हें बहुत सोच-समझकर फिल्माया गया है। ये सीन कहानी के लिए जरूरी थे और उनके किरदार को बेहतर तरीके से समझने में मदद करते हैं। अदिति ने बताया कि राणा नायडू सीजन 2 में उनका किरदार तसनीम उनकी असल जिंदगी से काफी अलग है। उन्होंने कहा, तसनीम मेरी असली जिंदगी से बहुत अलग है। मैं मस्ती करने वाली और भावनाओं को खुलकर दिखाने वाली लड़की हूं, लेकिन तसनीम ज्यादा शांत और गंभीर है।

# मैंने एक्टिंग नहीं छोड़ी है...



लोकप्रिय टीवी अभिनेता अर्जुन बिजलानी ने काम से ब्रेक लेने के पीछे का कारण बताया। अभिनेता ने कहा कि उन्होंने काम से ब्रेक इसलिए लिया ताकि वह अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकें और अपनी मानसिक शांति पर ध्यान दे सकें। इश्क में मरजावां के अभिनेता अर्जुन बिजलानी ने कहा कि उन्हें पता है कि फैंस उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। वह भी जल्दी काम पर लौटने के लिए काफी उत्साहित हैं। अर्जुन ने कहा, मुझे पता है मेरे फैंस मेरी वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और सच कहूं तो मैं भी इंतजार नहीं कर पा रहा। यह ब्रेक मेरे परिवार और मानसिक शांति के लिए जरूरी था, लेकिन मैं बहुत जल्द सेट पर लौटने वाला हूं, ताकि दर्शकों का मनोरंजन कर सकूं। अर्जुन बिजलानी ने सोशल मीडिया पर एक फैन के कमेंट पर बताया कि उन्होंने एक्टिंग नहीं छोड़ी है, अभी वह छुट्टी पर हैं, जिसमें वह परिवार के साथ समय बिता रहे हैं और आराम कर रहे हैं। अर्जुन ने जवाब देते हुए लिखा, नहीं, मैंने एक्टिंग नहीं छोड़ी है। यह पहली बार है, जब मैं अपने परिवार के साथ इतना लंबा और बेहतरीन समय बिता रहा हूं, जो पिछले कई सालों में नहीं कर पाया। मैं हमेशा 2-3 शो एक साथ करता था, जिसके चलते परिवार के लिए समय निकालना मुश्किल हो रहा था। यह एक अहम फैसला है, जो मैंने अपने बेटे से वादे के रूप में किया था कि मैं समर हॉलीडे में उसके साथ समय बिताऊंगा।

# शालिनी पांडे ने अपनी आगामी फिल्म 'राहु केतु' की शूटिंग पूरी की



अर्जुन रेड्डी, जयेशभाई जोरदार, महाराज और डब्बा कार्टेल जैसी फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाली शालिनी पांडे ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म 'राहु केतु' की शूटिंग मनाली की वादियों में पूरी की। शूटिंग खत्म होने के बाद, शालिनी ने सोशल मीडिया पर एक भावुक और आत्मीय पोस्ट शेयर की – जिसमें उन्होंने इस पूरे अनुभव को एक प्रेम-पत्र और कृतज्ञता से भरी डायरी की तरह बयां किया। उन्होंने तस्वीरों की एक खूबसूरत सीरीज शेयर करते हुए लिखा- मनाली के लिए एक छोटा सा लव लेटरज मैंने यहाँ एक महीने बिताया, शूटिंग करते हुए, पहाड़ों की गोद में रहते हुए, और एक नई लय में खुद को ढालते हुए। मुझे अपने डॉग्स् [illegible] और [illegible] की बहुत याद आई। हर दिन। कभी-कभी ये चुप्पी भारी लगती थी... लेकिन धीरे-धीरे, मनाली ने मुझे थाम लिया। अजनबियों की चुप्पी में छिपी दया में, हिमाचली कुत्तों के प्यार में जो बस पास आकर बैठ जाते थे, सुबह की शांति और देवदार की खुशबू में... शालिनी ने आगे बताया कि 'अविर' नाम का एक छोटा कैफे, गौतम द्वारा बनाई गई नुटेला टोस्ट और अदरक-नींबू की चाय, सैम के स्टूडियो में मिट्टी से जुड़ाव, और मनाली स्ट्रेज़ जैसे एनिमल रेस्क्यू सेंटर – इन सबने उनके दिनों को खास बना दिया। मैं एक एक्टर के तौर पर मनाली काम के लिए गई थी, लेकिन वापस लौट रही हूं एक भरे हुए दिल और अनगिनत यादों के साथ। इस पोस्ट में उन्होंने उन सभी लोगों और जगहों को भी टैग किया जिन्होंने उनकी इस यात्रा को खास बनाया। मनाली में बिताए इन भावनात्मक पलों के बाद, शालिनी अब 'राहु केतु' और जहान कपूर के साथ आने वाली फिल्म 'बैंडवाले' सहित कई प्रोजेक्ट्स में नजर आएंगी।




# कमल हासन बने ऑस्कर समिति के सदस्य, पवन कल्याण ने दी बधाई

भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता कमल हासन, जिन्हें हाल ही में फिल्म ठग लाइफ में देखा गया था। उन्हें अकादमी पुरस्कार 2025 समिति के सदस्य कु रूप में चुना गया है। कमल की इस उपलब्धि को लेकर पवन कल्याण ने एक्टर के लिए सोशल मीडिया पर बधाई संदेश लिखा है और साथ ही उनकी तारीफों की है। कलम हासन को ऑस्कर समिति के सदस्य के रूप में चुना गया है। यह सम्मान उनके विश्व सिनेमा में शानदार योगदान के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। प्रशंसक और मशहूर हस्तियां उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए बधाई दे रहे हैं। टॉलीवुड अभिनेता और राजनेता पवन कल्याण ने कमल की इस उपलब्धि पर खुशी जताई है।

### पवन कल्याण का पोस्ट

पवन कल्याण ने एक्स हैंडल पर कमल हासन को बधाई देते हुए लिखा, यह भारतीय फिल्म उद्योग के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है कि पद्म भूषण थिरु कमल हासन एवीएल को प्रतिष्ठित के सदस्य के रूप में चुना गया है- द अकादमी पुरस्कार 2025 समिति। छह दशकों के शानदार अभिनय करियर के साथ, कमल हासन एक अभिनेता से कहीं बढ़कर हैं। आगे पवन कल्याण ने लिखा, एक अभिनेता, कहानीकार और निर्देशक के रूप में उनकी सिनेमाई प्रतिभा, साथ ही उनकी बहुमुखी प्रतिभा और दशकों के अनुभव ने भारतीय और वैश्विक सिनेमा पर एक स्थायी प्रभाव डाला है। एक लेखक, गायक, निर्देशक, निर्माता और अभिनेता के रूप में फिल्म निर्माण के हर पहलू पर उनकी असाधारण पकड़ वास्तव में प्रेरणादायक है। वह इस कला के सच्चे उस्ताद हैं। मैं उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं और विश्व सिनेमा के लिए उनके कई और वर्षों तक प्रभावशाली सेवा की कामना करता हूं।

### पवन कल्याण का वर्कफ्रंट



पवन कल्याण फिल्म हरि हर वीरा मल्लू और ओजी में नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हरि हर वीरा मल्लू 24 जुलाई, 2025 को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। इसके अलावा, उनकी अगली फिल्म दे कॉल हिम ओजी है, जो इस साल 25 सितंबर को रिलीज होने वाली है। इसके अलावा पवन उस्ताद भगत सिंह में भी नजर आएंगे, जिसकी हाल ही में घोषणा हुई है।

# शेफाली जरीवाला की मौत से सदमे में हैं प्रियंका चोपड़ा



अभिनेत्री और डांसर शेफाली जरीवाला का 42 साल की उम्र में अचानक निधन हो गया, जिससे मनोरंजन जगत में शोक की लहर दौड़ गई। कई सेलेब्स के बाद अब प्रियंका चोपड़ा ने भी शेफाली के निधन को लेकर एक पोस्ट शेयर कर दुख जताया है। कांटा लगा गाने, बिग बॉस 13 और नच बलिए में अपनी शानदार मौजूदगी के लिए मशहूर शेफाली की असामयिक मृत्यु ने प्रशंसकों और दोस्तों को सदमे में डाल दिया। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा, जिन्होंने शेफाली के साथ फिल्म मुझसे शादी करोगी में काम किया था, उन्होंने भी सोशल मीडिया पर दुख जताया है।

### प्रियंका का दुख भरा पोस्ट

प्रियंका चोपड़ा ने आज इंस्टाग्राम की स्टोरी पर दिवंगत शेफाली जरीवाला की एक तस्वीर शेयर की और लिखा, बहुत दुखी हूं। वह बहुत छोटी थी। पराग और परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं। यह संदेश शेफाली के पति, अभिनेता पराग त्यागी और उनके परिवार के लिए था।


## विंबलडन रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सबसे अच्छा मौका: जोकोविच



**लंदन, एजेंसी।** नोवाक जोकोविच से भले ही अब किसी टूर्नामेंट के शुरू होने पर अक्सर उनके संन्यास को लेकर सवाल किया जाता है लेकिन इस स्टार टेनिस खिलाड़ी की निगाह सोमवार से शुरू होने वाले विंबलडन पर टिकी हैं जिसे वह अपना रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सर्वश्रेष्ठ मौका मानते हैं। जोकोविच अभी 38 साल के हैं और विंबलडन से पहले उनसे यही सवाल पूछा गया कि क्या वह आखिरी बार इस प्रतियोगिता में खेलेंगे। इस 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन का जवाब भी रटा रटाया था। जोकोविच ने कहा, 'क्या यह मेरा आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट हो सकता है। इसको लेकर अभी मैं पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकता हूं। मैं अगले साल फ्रेंच ओपन या किसी अन्य ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में भाग लूंगा या नहीं, इसको लेकर निश्चित नहीं हूं। उन्होंने कहा, 'मेरी इच्छा कई और साल तक खेलना है। मैं शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह फिट रहना चाहता हूं। यही मेरा लक्ष्य है लेकिन उम्र के इस पड़ाव पर आप पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकते कि आगे क्या होगा।

## बेयर्न की फ्लेमेंगो पर 4-2 से शानदार जीत

**मियामी, एजेंसी।** हैरी केन के दो गोल की मदद से बेयर्न म्यूनिख ने हार्ड रॉक स्टेडियम में फ्लेमेंगो को 4-2 से हराया। इसी के साथ उसने फीफा क्लब विश्व कप क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। विन्सेंट कोम्पनी की टीम अब शनिवार को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पेरिस सेंट-जर्मेन से भिड़ेगी। यह मुकाबला अटलांटा के मर्सिडीज-बेंज स्टेडियम में खेला



जाएगा। बायर्न ने दो गोल की बढ़त हासिल कर ली, एरिक पुल्गर ने अनजाने में अपने ही नेट में हेडर मारा और केन का डिफ्लेक्टेड ड्राइव पोस्ट से अंदर चला गया। गेर्सन के एक दमदार स्ट्राइक ने इस अंतर को आधा कर दिया, लेकिन लियोन गोरेट्जका ने ब्रेक तक बवेरियन को 3-1 से आगे कर दिया। जॉर्जिन्हो ने मिशेल ओलिस को हैंडबॉल के लिए दंडित किए जाने के बाद स्पॉट से एक गोल वापस ले लिया। हालांकि, फ्लेमेंगो ने बराबरी के लिए पूरी ताकत झोंक दी, लेकिन केन ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। एक बेहतरीन टेक और शानदार फिनिश ने जीत सुनिश्चित कर दी। बायर्न के मैनेजर विन्सेंट कोम्पनी ने कहा, शुरुआती 20 मिनट हम अच्छा खेल रहे थे, लेकिन खेल की गति बहुत तेज थी। मैं सोच रहा था, इस समर में इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ क्या यह प्रदर्शन जारी रहेगा? ईमानदारी से कहूं तो, हम मैच में आगे बढ़े और मुझे लगता है कि यह फैंस के लिए एक अच्छा मैच था। हम अगले दौर में जाने पर सच में बहुत खुश हैं। विन्सेंट कोम्पनी ने बताया कि उनकी टीम शनिवार को अटलांटा में पीएसजी के साथ होने वाले मुकाबले पर फोकस करने से पहले आराम करने को प्राथमिकता देगी।

# फॉफ डुप्लेसिस ने ठोका सीजन का दूसरा शतक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मेजर लीग क्रिकेट के 21वें मैच में टेक्सास सुपर किंग्स के कप्तान फॉफ डुप्लेसिस ने एमआई न्यूयॉर्क के खिलाफ कप्तानी पारी खेलते हुए नाबाद शतक लगाया। ये इस सीजन में डुप्लेसिस का दूसरा शतक रहा साथ ही ओवरऑल इस लीग में ये उनका तीसरा शतक रहा और वो इस लीग में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। इस मैच में न्यूयॉर्क के कप्तान निकोलस पूरन ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला किया और फिर सुपर किंग्स ने पहले खेलते हुए डुप्लेसिस के नाबाद शतक और डोनोवन फेरेरा के तूफानी अर्धशतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में 4 विकेट पर 223 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

### डुप्लेसिस ने 51 गेंदों पर पूरा किया शतक

न्यूयॉर्क के खिलाफ डुप्लेसिस ने अपना शतक 51 गेंदों पर पूरा किया जबकि इस मैच में उन्होंने 53 गेंदों पर नाबाद 103 रन की पारी खेली। इस पारी के दौरान उनका स्ट्राइक रेट 194.34 का रहा जबकि उन्होंने 9 छक्के और 5 चौके भी लगाए। इस सीजन में ये डुप्लेसिस का दूसरा शतक रहा इससे पहले उन्होंने सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के खिलाफ 20 जून को 100 रन की पारी खेली थी।

### 40 साल की उम्र में रचा इतिहास

डुप्लेसिस 40 साल की उम्र में जिस तरह की बैटिंग कर रहे हैं वो अपने आप में कमाल है और मेजर लीग क्रिकेट के इतिहास में वो अब सबसे ज्यादा शतक (3) लगाने वाले बैटर भी बन गए हैं। वहीं टी20 क्रिकेट में ओवरऑल ये डुप्लेसिस का 8वां शतक रहा।

### सुपर किंग्स ने बनाए 223 रन

सुपर किंग्स ने कप्तान डुप्लेसिस के नाबाद 103 रन की पारी साथ ही डोनोवन फेरेरा की अर्धशतकीय पारी के दम पर 223 रन बनाए। फेरेरा ने भी गजब की पारी इस मैच में खेली और उन्होंने 265.00 की स्ट्राइक रेट के साथ 20 गेंदों पर 53 रन ठोक दिए।

बॉक्सिंग

## निकहत और अंकुशिता की शानदार जीत

**हैदराबाद, एजेंसी।** क्वार्टरफाइनल के अन्य नतीजों में प्रीति (54 किग्रा), ज्योति (51 किग्रा) और देविका घोरपड़े (51 किग्रा) ने सर्वसम्मत फैसलों से सेमीफाइनल में जगह बनाई। दो दफा की विश्व चैंपियन निकहत जरीन ने रविवार को यहां एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट के दूसरे दिन शानदार जीत से 51 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। निकहत ने कल्पना पर 5-



0 से शानदार जीत के साथ घरेलू दर्शकों को खुश कर दिया। पूर्व युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो ने भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और राजस्थान की मुक्केबाज पार्थवी पर 5-0 की शानदार जीत के साथ 65 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टरफाइनल के अन्य नतीजों में प्रीति (54 किग्रा), ज्योति (51 किग्रा) और देविका घोरपड़े (51 किग्रा) ने सर्वसम्मत फैसलों से सेमीफाइनल में जगह बनाई।



बेडमिंटन

## भारत के आयुष ने यूएस ओपन का खिताब जीता, उनका पहला BWF वर्ल्ड टूर टाइटल

**आयोवा, एजेंसी।** आयुष की यांग पर यह तीसरी जीत है। उन्होंने इस साल के शुरू में मलयेशिया ओपन और ताइपे ओपन में उन्हें हराया था। आयुष ने इस पूरे हफ्ते में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चाउ टिएन चेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद जीत हासिल की थी। भारत के उभरते बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन सुपर 300 के पुरुष एकल फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग पर सीधे गेम में जीत के साथ अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीत लिया है। इसके साथ ही इस सत्र में भारत का खिताबी सूखा खत्म हुआ। 2023 जूनियर विश्व चैंपियनशिप के कांस्य विजेता 20 वर्षीय आयुष ने रविवार को तीसरी वरीयता प्राप्त यांग को 47 मिनट में 21-18, 21-13 से हरा दिया। वहीं, महिला एकल फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा शीर्ष वरीय अमेरिका की बेवेन झांग से तीन गेम तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में हारकर उप विजेता रहीं। अपना पहला विश्व टूर फाइनल खेल रहीं गैरवरीय तन्वी को 46 मिनट में 11-21, 21-16, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा।

आयुष की यांग पर यह तीसरी जीत रही। उन्होंने इस साल के शुरू में मलयेशिया ओपन और ताइपे ओपन में उन्हें हराया था। आयुष ने इस पूरे हफ्ते में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चाउ टिएन चेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद जीत हासिल की थी। पुरुष एकल फाइनल की शुरुआत में स्कोर 6-6 से बराबर रहा था, लेकिन चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने कई विनर्स लगाकर मिड तक याग पर 11-6 की बढ़त बना ली।यांग ने अंतर को 13-11 तक कम कर दिया और 16-16 से बराबरी हासिल कर ली, लेकिन आयुष ने अच्छी तरह से लगाए गए शॉट्स के साथ नियंत्रण हासिल कर लिया और निर्णायक जंप स्मैश के साथ शुरुआती गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भारत के स्टार शटलर ने 7-2 की बढ़त बना ली, लेकिन यांग ने कुछ समय बाद स्कोर फिर से बराबर कर जिया। हालांकि, भारतीय खिलाड़ी ने संयम बनाए रखा और अटैक-डिफेंस का सही तरीके से उपयोग करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी को मैच से दूर रखा। 17-12 से आगे होने के बाद आयुष ने क्रॉस-कोर्ट पंच के साथ मैच को लगभग समाप्त कर दिया। इसके बाद एक और शक्तिशाली स्मैश से अपना पहला वर्ल्ड टूर खिताब जीत लिया।

# रिकॉर्ड छठा विश्व कप खेलेंगे रोनाल्डो

### क्लब वर्ल्ड कप नहीं खेलने की वजह भी बताई



**लिस्बन, एजेंसी।** ऐसी अटकलें थीं कि वह अमेरिका में चल रहे क्लब विश्व कप में खेलने के लिए किसी अन्य क्लब से जुड़ सकते हैं। हालांकि, उन्होंने इसका खंडन किया और अगले साल फीफा विश्व कप खेलने की इच्छा जताई है। स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो रिकॉर्ड छठे फीफा विश्व कप में खेलने के लिए क्लब विश्व कप का हिस्सा नहीं बने हैं। उन्होंने कहा कि उनके लिए यह लंबा सत्र है और वह आराम कर के खुद को फिट और तरोताजा रखना चाहते हैं। रोनाल्ड अगले साल फीफा विश्व कप तक 41 वर्ष के हो जाएंगे। रोनाल्डो ने सऊदी अरब के अपने क्लब अल नस्र द्वारा पोस्ट किए गए एक इंस्टाग्राम वीडियो में कहा, मेरे पास क्लब विश्व कप खेलने के कुछ प्रस्ताव थे, लेकिन मुझे लगता है कि इसका कोई मतलब है क्योंकि मैं अच्छी तरह से आराम करना और बेहतर तैयारी करना पसंद करता हूं। यह सत्र बहुत लंबा होगा क्योंकि सत्र के अंत में विश्व कप खेला जाना है। उन्होंने अल नस्र के साथ दो साल के अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा, इसलिए मैं न केवल अल नस्र के लिए बल्कि राष्ट्रीय टीम के लिए भी तैयार रहना चाहता हूं। 40 वर्षीय रोनाल्डो ने तीन हफ्ते पहले स्पेन के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट जीत के साथ पुर्तगाल को नेशंस लीग ट्रॉफी जीतने में मदद की थी।

इससे पहले ऐसी अटकलें थीं कि वह अमेरिका में चल रहे क्लब विश्व कप में खेलने के लिए किसी अन्य क्लब से जुड़ सकते हैं। वह और लंबे समय से अर्जेंटीना के प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेसी अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की सह-मेजबानी वाले टूर्नामेंट में छह विश्व कप में खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन सकते हैं।

# भारतीय महिला हॉकी टीम चीन से 2-3 से हारी

**बर्लिन, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम को रविवार को बर्लिन में चीन के खिलाफ खेले गए मैच में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में उसका अभियान समाप्त हो गया। चीन की तरफ से यिंग झांग ने मैच के 19वें और 30वें मिनट में गोल किया। वहीं, जू वेन्यू ने 53वें मिनट में गोल किया। भारत की तरफ से दो गोल सुनलिता टोप्पो (9वें मिनट) और रुजुता दादासो पिसल (38वें मिनट) ने किए।

इस सत्र का यह आखिरी मैच था। नीदरलैंड शीर्ष पर रहा, अर्जेंटीना दूसरे और बेल्जियम लीग में तीसरे स्थान पर रहा। चीन अंक तालिका में चौथे स्थान पर रहा। भारत अंतिम स्थान पर रहा। भारतीय टीम को प्रतिष्ठित एफआईएच प्रो लीग में फिर से अपना स्थान हासिल करने के लिए एफआईएच नेशंस कप खेलना होगा।

भारत की शुरुआत अच्छी रही। उसने मैच के नौवें मिनट में बढ़त हासिल की, जब नेहा



गोयल से मिले पास को सुनिलिता टोप्पो ने गोल में बदला। ओडिशा की युवा खिलाड़ी ने पास को अच्छी तरह से गैदर किया और सीधे गोल पोस्ट पर की तरफ शॉट लगाया। दो मिनट बाद चीन को पेनाल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारतीय टीम ने इसका अच्छा बचाव किया। चीन को बराबरी करने में ज्यादा समय नहीं लगा। 18वें मिनट में चीन को पेनाल्टी कॉर्नर मिला। डेंग किउचन को भारतीय डिफेंडर मनीषा चौहान ने उस समय चेहरे पर मारा, जब वह पास को क्लियर करने की कोशिश कर रही थी। किउचन को मैदान से बाहर ले जाना पड़ा और मैदानी अंपायर ने चीन को पेनल्टी स्ट्रोक दिया, जिस पर भारत ने अपील की। वीडियो अंपायर ने चीन को पेनल्टी कॉर्नर दिया, जिसे यिंग झांग ने गोल में बदल दिया। चीन ने दूसरे क्वार्टर के अंत में एक और पीसी हासिल किया। झांग ने एक बार फिर सही जगह बनाई और अपने नाम एक और गोल किया, जिससे चीन की बढ़त सुनिश्चित हुई। भारत को 37वें मिनट में बराबरी का मौका मिला जब उसे मैच का अपना पहला पीसी मिला। पहला पीसी चीनी डिफेंडरों ने रोक दिया, लेकिन बैक स्टिक था। हालांकि मैदानी अंपायर ने इसे नहीं देखा। भारत ने सफल रेफरल लिया और एक और पीसी हासिल किया। अनुभवी नवनीत कौर ने गेंद को रुजुता को पास किया, जो दाएं फ्लैंक पर खड़ी थीं। रुजुता को गोल करने में सफलता मिली।

चीन ने भारत द्वारा बैक-स्टिक फाउल के बाद पीसी के साथ अंतिम क्वार्टर की शुरुआत की। लगातार प्रयास कर रहे चीन को 53वें मिनट में सफलता मिली जब जू वेन्यू ने पीसी के माध्यम से गोल किया और टीम को 3-2 की निर्णायक बढ़त दिला दी।

# बर्मिंघम में पहली जीत की तलाश में उतरेगा भारत

**बर्मिंघम, एजेंसी।** सीरीज में 1-0 से पिछड़ने के बाद भारत और इंग्लैंड की टीमें दूसरे टेस्ट के लिए बर्मिंघम में बुधवार से एक-दूसरे से भिड़ेंगी। इंग्लैंड ने इस मैदान पर कुल 56 मैच खेले हैं, जिसमें उन्हें 30 में जीत, 11 में हार मिली है जबकि 15 मैच ड्रॉ रहे हैं। वहीं भारत यहां पर आठ टेस्ट खेला है और उन्हें एक भी मैच में जीत नहीं मिल पाई है। आठ में से सात हार और एक ड्रॉ के साथ भारत के लिए यह मैदान अभी तक एक अभेद्य किला बना हुआ है। इसमें से भी सात में से तीन में भारत को पारी की हार मिली है। आइए डालते हैं इस मैदान पर भारत के रिकॉर्ड पर एक नजर। जब भारतीय टीम 100 से कम के स्कोर पर सिमट गई, 1967

यह वह दौर था, जब भारतीय टीम की कमान, टीम के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक मंसूर अली खान पटौदी के हाथों में थी और विदेशी दौरे पर भी भारत अपनी स्पिन चौकड़ी के साथ खेलता था। भारतीय टीम सीरीज में 0-2 से पिछड़ने के बाद बर्मिंघम पहुंची थी और यह



ढाई महीने के लंबे दौरे का आखिरी मैच था। भारत यह मुकाबला हार गया और सीरीज 0-3 से गंवा बैठा।

एक बार फिर से भारतीय टीम सीरीज में 0-2 से पिछड़ने के बाद बर्मिंघम पहुंची थी और उनका बहुत कुछ दांव पर था। बारिश से प्रभावित इस मैच के दूसरे दिन भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और फ़ारूख़ इंजीनियर के अर्धशतक की मदद से सिर्फ 165 रन बना पाई। इसके बाद डेविड लॉयड की आंधी आई जिन्होंने नाबाद दोहरा शतक (214) लगाकर भारतीय गेंदबाजों को दबाव में डाल दिया। इंग्लैंड ने 459/2 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित की और पहली पारी में 294 रनों की बड़ी बढ़त ली। जवाब में भारतीय टीम दूसरी पारी में भी सिर्फ 216 रन बना पाई और भारतीय टीम यह मुकाबला पारी और 78 रनों से हार गई।

यह चार टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच था और इस बार डेविड गॉवर के दोहरे शतक (नाबाद 200) की मदद से भारतीय टीम को पारी की हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और ज्योफ बॉयकाट (155) और गॉवर की पारियों की मदद से पांच विकेट पर 633 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। जवाब में भारतीय टीम दोनों पारियों में क्रमशः 297 और 253 का ही स्कोर बना पाई और मैच को पारी और 83 रनों से हार गई।

बर्मिंघम में पिछले दो मुकाबले पारी के अंतर से हारने के बाद यह परिणाम निश्चित रूप से भारत के लिए राहत भरा रहा होगा। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान माइक गैटिंग के नाबाद 183 रनों की मदद से 390 का एक बड़ा स्कोर खड़ा किया।जवाब में मोहिंदर अमरनाथ और मोहम्मद अजहरूद्दीन के अर्धशतकों की मदद से भारत ने भी ठीक 390 का स्कोर खड़ा किया। दूसरी पारी में इंग्लैंड का कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक नहीं लगा सका और चेतन शर्मा के छह विकेटों की मदद से भारत ने उनको सिर्फ 235 रनों पर समेट दिया। हालांकि भारत निर्धारित समय तक पांच विकेट के नुकसान पर 174 रन ही बना पाया और मुक़ाबला ड्रॉ रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### एक्स-4 टीम ने अंतरिक्ष में कैंसर, रक्त प्रवाह पर शुरू किए अनुसंधान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में एक्सिओम मिशन 4 की टीम ने वहां अनुसंधान शुरू कर दिए हैं। टीम के सदस्य वहां कैंसर से लेकर मस्तिष्क में रक्त प्रवाह तक पर शोध कर रहे हैं। एक्सिओम स्पेस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक्सिओम स्पेस ने कहा कि एक्स-4 चालक दल माइक्रोग्रैविटी के अनुकूल होने के बाद अब प्रयोगों के विविध कार्यों में लग गए हैं। उनके यह अनुसंधान भविष्य में पृथ्वी पर चिकित्सा व कृषि के क्षेत्र में बेहतरी के नए मार्ग खोल सकते हैं। मिशन की कमांडर पेगी व्हिटसन ने चौथे दिन कैंसर जैसी घातक बीमारी को लेकर अनुसंधान शुरू किया।

वह इस बात पर अध्ययन कर रही हैं कि कैंसर कोशिकाएं माइक्रोग्रैविटी में कैसे व्यवहार करती हैं। वहीं भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अंतरक्षि में कंकाल की मांसपेशियों के क्षरण के पीछे के जैविक मार्गों का पता लगा रहे हैं, जो अंतरक्षि यात्रियों के लिए एक बड़ी चुनौती है। वहीं उनका शोध पृथ्वी पर मांसपेशियों व हड्डियों की समस्याओं से पीड़ित लोगों के लिए उपचार के नए मार्ग खोल सकते हैं। मिशन विशेषज्ञ टिबोर कापू अंतरक्षि में मानव शरीर पर विकिरण के प्रभाव का अध्ययन कर रहे हैं। उनके शोध से चंद्रमा, मंगल व अन्य आगामी अंतरिक्ष मिशनों की योजना बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही चालक दल माइक्रोग्रैविटी में मस्तिष्क में रक्त के प्रवाह पर भी अध्ययनरत है। वहीं पौधों की वृद्धि से संबंधित शोध भी किए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि इस शोध के निष्कर्ष पृथ्वी पर स्ट्रोक और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों के उपचार में नए कीर्तिमान स्थापित कर सकते हैं।

### झुग्गियां तोड़ी तो प्रधानमंत्री के घर पर कब्जा करेंगे, केंद्र पर बरसे गोपाल राय



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में झुग्गियों को तोड़ने के खिलाफ रविवार को आम आदमी पार्टी ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान अरविंद केजरीवाल सहित अन्य,क्क नेताओं ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने लोगों को जहां झुग्गी वहां मकान की गारंटी दी थी, लेकिन जहां झुग्गी वहां मैदान बना दिया। इस बीच गोपाल राय ने चुनौती दी कि यदि दिल्ली में तोड़फोड़ जारी रही तो लोग क्क्रू आवास पर कब्जा कर लेंगे।

गोपाल राय ने कहा- आज जंतर मंतर पर पूरी दिल्ली एक साफ संदेश देने के लिए इकट्ठा हुई है। अरविंद केजरीवाल सीएम रहें या ना रहें... केजरीवाल कल भी गरीबों के दिलों पर राज करते थे और आज भी गरीबों के दिलों पर राज करते हैं। मैं भाजपा नेताओं से कहना चाहता हूं, तुम्हारें पास केंद्र और दिल्ली की सरकार है। तुम्हारा पुलिस है, तुम्हारा डीडीए है, तुम्हारा एलजी है, तुम्हारा बुलडोजर है, जहां चाहे वहां चला दो लेकिन याद रखना...

गोपाल राय ने आगे कहा- यदि गरीबों की झुग्गियां उजड़ेंगी तो एक दिन पीएम आवास में हम सब लोग मिलकर प्रधानमंत्री को बाहर करेंगे, इसके लिए भी तैयार रहो। ये लड़ाई जंतर मंतर से शुरू हुई है रुकने वाली नहीं है। यह देश हमारा है। हमारा घर छीनोगे तो तुम्हारा घर भी हम छिनने की औकात रखते हैं। हम तुम्हें भी तुम्हारें घर से बाहर करने की औकात रखते हैं।

### बारिश में खेलने की जिद कर रहा था बच्चा, पिता ने मार डाला; दिल्ली में खौफनाक वारदात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली से खौफनाक घटना सामने आई है जहां एक पिता ने अपने ही बेटे की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। बच्चे को चाकू मारने के बाद पिता खुद बच्चे को अस्पताल ले गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके अस्पताल ने ही पुलिस को इस बारे में सूचना दी। घटना सागरपुर इलाके की बताई जा रही है जहां 40 साल के ए रॉय नाम के शख्स ने अपने 10 साल के बेटे की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। दावा देव अस्पताल की तरफ से पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। घटना 29 जून दोपहर डेढ़ बजे की बताई जा रही है। पूछताछ के दौरान पता चला कि बच्चे की मां का कुछ साल पहले निधन हो गया था।

# दिल्ली में आज से पुरानी गाड़ी लेकर आना पड़ सकता है भारी, नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में 01 जुलाई यानी कल से पुराने वाहनों पर सख्त नियम लागू होने जा रहे हैं। अगर आपकी डीजल गाड़ी 10 साल से ज्यादा पुरानी है या पेट्रोल गाड़ी 15 साल से पुरानी है, तो उसे न तो पेट्रोल पंप पर ईंधन मिलेगा और ना ही वह सड़कों पर चल सकेंगी। ऐसा वाहन को पकड़े जाने पर जब्त भी किया जा सकता है।

यह नियम सिर्फ दिल्ली ही नहीं, देश के किसी भी हिस्से से आने वाली गाड़ियों पर लागू होगा। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में होने वाले प्रदूषण में वाहनों से निकलने वाले धुएं की बड़ी हिस्सेदारी है। अलग-अलग शोध बताते हैं कि वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन दिल्ली के प्रदूषण में चालीस फीसदी तक जिम्मेदार है। इसके चलते प्रदूषण के खिलाफ उठाए जाने वाले कदमों में वाहनों के प्रदूषण पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इसी क्रम में अब 01 जुलाई से पुराने वाहनों को ईंधन नहीं देने की तैयारी की गई है।



दरअसल, दस साल से ज्यादा पुराने डीजल वाहन और पंद्रह साल से ज्यादा पुराने पेट्रोल वाहनों पर पाबंदी पहले ही लगाई जा चुकी थी। लेकिन, इनके खिलाफ बड़ा अभियान अभी तक नहीं चलाया जा सका था। उम्र पूरी कर चुके वाहनों की पहचान के लिए दिल्लीभर में पेट्रोल पंपों पर ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्नीशन (एएनपीआर) कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों के जरिए पेट्रोल पंप पर आने वाले वाहन की नंबर प्लेट पढ़ ली जाएगी और कुछ ही सेकेंड में वाहनों के डेटा के साथ मिलान करके यह पता कर लिया जाएगा कि उक्त वाहन की उम्र क्या है। ऐसे में अगर वाहन अपनी उम्र पूरा कर चुका है तो उसे पेट्रोल पंप द्वारा ईंधन देने से मना कर दिया जाएगा। इस पाबंदी से दिल्ली-एनसीआर से बाहर के क्षेत्र में रजिस्टर्ड वाहनों को छूट नहीं दी गई है। इसलिए उन्हें भी ईंधन पाबंदी का सामना करना होगा।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के सदस्य (तकनीक) वीरेन्द्र शर्मा ने बताया कि देश के किसी भी हिस्से में रजिस्टर्ड वाहनों के लिए इस नियम में छूट का प्रावधान नहीं किया गया है। नियम को लागू करने से पहले इसकी जानकारी दी जा रही है।

### पांच वाहनों के बराबर प्रदूषण करता है एक पुराना वाहन

आयोग के मुताबिक, पुराने वाहनों में ज्यादातर बीएस छह मानकों से नीचे वाले वाहन है। इसलिए इनके जरिए होने वाला उत्सर्जन भी ज्यादा होता है। एक अनुमान के मुताबिक बीएस चार मानकों वाला वाहन बीएस छह मानकों वाले वाहन की तुलना में साढ़े पांच गुना ज्यादा प्रदूषण करता है। यानी एक पुराना वाहन पांच वाहनों से भी ज्यादा प्रदूषण करता है। जबकि, हर दिन छह हजार से ज्यादा पुराने वाहन दिल्ली में फिलहाल सड़कों पर चल रहे हैं।

## पति ने पत्नी का नहाते हुए बनाया अश्लील वीडियो, फिर खुद ही कर दिया वायरल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला के पति ने ही उसका अश्लील वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। पीड़ित पत्नी ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ पुलिस को शिकायत देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला ने बताया कि उसका विवाह वर्ष 2011 में हुआ था। आरोप है कि विवाह के बाद से ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। विवाह के चार वर्ष में उसे एक बेटी और बेटा हुआ। इसके बाद भी पति व ससुराल वालों का व्यवहार नहीं बदला। वह अपने पिता से पैसे लेकर पति को देती रही। पति का लालच बढ़ता देखकर उसने अपने पिता से पैसे मांगने बंद कर दिए। इस पर पति ने नहाते समय चोरी छिपे उसका अश्लील वीडियो बना लिया। आरोप है कि पिछले साल पति ने उसके वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिए।

पति की इस हरकत के बारे में पता चलने पर महिला को गहरा सदमा लगा है। इसके बाद पति गोविंद, उसके फूफा संतोष और अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट कर घर से भी निकाल दिया। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज जांच की जा रही है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**शादी का झांसा देकर दुष्कर्म-** वहीं, एक अन्य मामले में गाजियाबाद के वेव सिटी क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने मोहल्ले में ही रहने वाले एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि मोहल्ले में ही रहने वाले मोहम्मद इद्रीश उर्फ राहुल ने उससे दोस्ती कर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। जब उसने विरोध किया तो उसने उनके साथ निकाह करने का आश्वासन दिया।

# गौतमबुद्धनगर-बुलंदशहर के 56 गांवों से गुजरेगा ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे, जमीन के बैनामों पर लगी रोक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के जेवर में बन रहे नोएडा एयरपोर्ट को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने की प्रक्रिया तेज हो गई है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने 74.3 किलोमीटर लंबे ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए अधिसूचित जमीन की बढ़ती खरीद-फरोख्त को देखते हुए अब बैनामों पर रोक के आदेश दिए हैं।

यह लिंक एक्सप्रेसवे गौतमबुद्धनगर और बुलंदशहर के 56 गांव की भूमि पर बनेगा। गंगा एक्सप्रेसवे और यमुना एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेसवे बनना है। यह 120 मीटर चौड़ा लिंक एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे पर 44.3 किलोमीटर यानी बुलंदशहर के सियाना क्षेत्र से शुरू होगा और यमुना एक्सप्रेसवे के 24.8 किलोमीटर यानी सेक्टर-21 फिल्म सिटी के पास आकर जुड़ेगा। खास बात यह है कि लिंक एक्सप्रेसवे अब यमुना सिटी के किसी भी सेक्टर को काटकर नहीं जाएगा। पहले यह सेक्टरों के बीच से गुजर रहा था। पहले इसकी लंबाई 83 किलोमीटर थी, इसका दोबारा से अलाइंमेंट तैयार हुआ था, जिससे सेक्टरों को बचाते हुए इसे सेक्टर-21 में जोड़ने की योजना है। लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण कुल 56 गांवों की भूमि पर होगा, जिनमें गौतमबुद्ध नगर के 8 गांव और बुलंदशहर के 48 गांव हैं। इनमें 14 गांव खुर्जा तहसील के हैं, बाकी बुलंदशहर, सियाना और शिकारपुर तहसील के रहेंगे। लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को लेकर जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऐसे में यूपीडा ने अधिसूचित जमीन की खरीद फरोख्त बंद करने के लिए भूमि के बैनामों पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। यदि लिंक एक्सप्रेसवे की जमीन की खरीद फरोख्त होती पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होगी। बता दें कि यह परियोजना करीब 4000 करोड़ रुपये की लागत से पूरी की जाएगी।



**दिल्ली-मुंबई समेत आगरा तक राह आसान होगी**

मेरठ से प्रयागराज तक बन रहे गंगा एक्सप्रेसवे के यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ने के बाद नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और यमुना एक्सप्रेसवे पर आगरा से ग्रेटर नोएडा तक की राह आसान हो जाएगी। साथ ही, देश-विदेश से आने वाले यात्रियों को इस एक्सप्रेसवे के जरिए मेरठ से प्रयागराज तक भी सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। नोएडा एयरपोर्ट से जुड़ने पर गंगा एक्सप्रेसवे की उपयोगिता और बढ़ जाएगी। इसके अलावा लिंक एक्सप्रेसवे का यमुना सिटी के औद्योगिक सेक्टर-28, 29, 32, 33 से भी सीधा जुड़ाव होगा, जिससे कार्गो के वाहनों को एयरपोर्ट तक पहुंचने या इससे जुड़े किसी भी रूट पर पहुंचना आसान हो जाएगा।

## ढाका एयरपोर्ट पर बांग्लादेश के एडवाइजर आसिफ महमूद के बैग में एके-47 की मैगजीन मिली

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के ढाका एयरपोर्ट पर रविवार को देश की अंतरिम सरकार के एडवाइजर आसिफ महमूद साजिब भुइयां के बैग से एके-47 राइफल की मैगजीन मिली। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से जांच के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। आसिफ महमूद राजनयिक पासपोर्ट (नंबर डी00018185) पर इस्लामिक देशों के संगठन की बैठक में भाग लेने के लिए मोरक्को के माराकेश जा रहे थे।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आसिफ महमूद ढाका एयरपोर्ट पर आइडेंटिफिकेशन और सिक्योरिटी चेक के लिए नौवें बोर्डिंग ब्रिज पर थे। स्कैनिंग के दौरान उनके कैरी-ऑन हैंड बैगेज में मेटल का सामान डिटेक्ट हुआ। स्कैनर पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने आसिफ महमूद से बैग ले लिया और मैगजीन को उनके बैग से बाहर निकाला गया। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत अपने से सीनियर अधिकारियों को बुलाया। इसके बाद बांग्लादेशी सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी भी पहुंचे, लेकिन जांच के बाद आसिफ महमूद को तुर्किये एयरलाइंस की फ्लाइट टीके-713 में जाने की इजाजत दे दी गई। इस फ्लाइट ने सुबह 7:08 बजे उड़ान भरी थी। आसिफ महमूद ने रविवार रात को फेसबुक पर एक पोस्ट में घटना पर अपनी सफाई दी। उन्होंने कहा, मेरे पास व्यक्तिगत और पारिवारिक सुरक्षा के लिए लाइसेंसी बन्दूक है।

# चीन ने जापानी सीफूड पर दो साल पुराना प्रतिबंध हटाया

**फुकुशिमा विवाद पर भी दी आंशिक राहत**

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने जापानी समुद्री खाद्य पदार्थों पर लगभग दो साल से लगा प्रतिबंध आखिरकार हटा दिया है। यह प्रतिबंध साल 2023 में लगाया गया था, जब जापान ने फुकुशिमा परमाणु संयंत्र से हल्का रेडियोधर्मी पानी समुद्र में छोड़ने की योजना पर अमल शुरू किया था। अब चीन ने ऐलान किया है कि जापान के ज्यादातर हिस्सों से समुद्री खाद्य उत्पादों का आयात फिर से शुरू किया जाएगा।



फुकुशिमा का परमाणु संयंत्र साल 2011 में आई विनाशकारी सुनामी में गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुआ था। संयंत्र में आज भी ईंधन को ठंडा करने के लिए लगातार पानी डाला जाता है। यह पानी बाद में टैंकों में इकट्ठा होता था। वर्षों तक बहस के बाद जापानी सरकार ने इस पानी को समुद्र में धीरे-धीरे छोड़ने की अनुमति दी, लेकिन इसके लिए रेडियोधर्मी तत्वों को पहले हटा दिया गया।

**इन फैसलों पर क्या बोला चीन?:** जापान का कहना है कि यह पानी अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों से भी ज्यादा सुरक्षित है और इसका पर्यावरण पर कोई गंभीर प्रभाव नहीं पड़ेगा। लेकिन चीन इससे सहमत नहीं था। चीन ने अगस्त 2023 में जापानी समुद्री खाद्य पर प्रतिबंध लगा दिया था। यह जापान के मत्स्य उद्योग के लिए बड़ा झटका था क्योंकि चीन जापानी समुद्री खाद्य का सबसे बड़ा विदेशी बाजार था, जो कुल निर्यात का करीब 20 प्रतिशत हिस्सा था।

**फिलहाल पूरी ढील नहीं:** हालांकि चीन ने अब प्रतिबंध में ढील दी है, लेकिन फुकुशिमा समेत जापान के 10 प्रांतों से आने वाले समुद्री खाद्य पर अभी भी रोक जारी रहेगी। चीनी कस्टम एजेंसी ने कहा है कि जापानी कंपनियों को फिर से पंजीकरण कराना होगा और सभी आयातित खाद्य पदार्थों के साथ रेडियोधर्मी जांच प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र और मूल देश प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा।

**जापान के लिए बड़ी राहत:** इस फैसले को जापानी उद्योग के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है, खासतौर पर उन क्षेत्रों के लिए जो चीन में अपने उत्पाद बेचते थे। हालांकि, पूरी तरह से बाजार खोलने के लिए दोनों देशों के बीच अभी और कूटनीतिक बातचीत होनी बाकी है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम जापान-चीन के आर्थिक संबंधों में सुधार का संकेत है, लेकिन फुकुशिमा मुद्दे पर चीन की चिंता पूरी तरह खत्म नहीं हुई है।

## चिली में सत्ता बदलने की आहट, कम्युनिस्ट नेता जीनेट की बड़ी जीत, अब राष्ट्रपति पद के लिए दक्षिणपंथियों से जंग

**सैंटियागो, एजेंसी।** चिली में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। यहां वामपंथी पार्टियों की ओर से हुए प्राइमरी चुनाव में कम्युनिस्ट नेता जीनेट जारा ने चौंकाने वाली जीत दर्ज की है। जारा ने अपनी मुख्य प्रतिद्वंद्वी कैरोलिना टोहा को आसानी से हरा दिया। इस जीत के साथ ही जारा अब मौजूदा सरकार की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार होंगी। 51 साल की जीनेट जारा चिली के कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्य हैं और राष्ट्रपति गैब्रिएल बोरिक की सरकार में श्रम मंत्री रह चुकी हैं। उन्होंने 60.5 प्रतिशत वोट हासिल कर अपने प्रतिद्वंद्वी टोहा को पीछे छोड़ दिया, जिन्हें महज 27.7 प्रतिशत वोट मिले। इस जीत के बाद जारा ने कहा कि आज से हम एक नए रास्ते पर चलेंगे, जिसका मकसद चिली को ज्यादा न्यायसंगत और लोकतांत्रिक बनाना है। दक्षिणपंथ के खतरे के सामने हम एकजुटता, संवाद और उम्मीद से जवाब देंगे। जारा की छवि पार्टी के दूसरे कट्टर नेताओं के मुकाबले कुछ नरम और कूटनीतिक मानी जाती है। श्रम मंत्री के तौर पर उन्होंने न्यूनतम वेतन बढ़ाने और हफ्ते में काम के घंटे घटाकर 40 करने जैसे कदमों के लिए तारीफ बटोरी। उनकी तुलना देश की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बैचेलेट से की जा रही है।

## अमेरिकी हमले में हमारा कुछ नहीं बिगड़ा..., ईरानी अधिकारियों की सीक्रेट बातें हुई लीक, तो ट्रंप प्रशासन की उड़ी नींद

**तेलअवीव एजेंसी।** ईरान और अमेरिका के बीच का तनाव अब भी सुलग रहा है। इस बीच वाशिंगटन पोस्ट की ताजा रिपोर्ट ने एक बार फिर सनसनी मचा दी है।

अखबार ने खुलासा किया है कि ईरान की सीक्रेट बातचीत में अमेरिकी हमलों से हुए नुकसान को कमतर बताया गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने इंटरसेप्ट किए गए जानकारी में सुना कि ईरानी अधिकारी आपस में न्यूक्लियर हमलों को लेकर बात कर रहे थे।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरानी अधिकारी आपस में बात करते हुए कह रहे थे कि अमेरिकी हमलों में उन्हें बहुत खास नुकसान नहीं हुआ है। चार सूत्रों ने अमेरिकी सरकार में के भीतरखाने चल रहीं खुफिया जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को हुए नुकसान को छिपाने की कोशिश कर रहा है।

एक गुमनाम सूत्र के हवाले से बताया कि ईरानी अधिकारियों की बातों पर भरोसा करना मुश्किल है। उन्होंने इन गुप्त बातचीत को अविश्वसनीय बताया और कहा कि ये सही तस्वीर नहीं पेश करतीं हैं।

**क्या वाकई खत्म हुआ ईरान का परमाणु सपना?:** वाशिंगटन पोस्ट की यह रिपोर्ट उन सवालों को और हवा दे रही है जो ईरान के परमाणु कार्यक्रम को हुए नुकसान के बारे में उठ रहे हैं। डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी की एक लीक हुई शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, इन हमलों से ईरान का परमाणु कार्यक्रम सिर्फ कुछ महीनों के लिए पीछे धकेला है।

दूसरी तरफ, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि इन हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह तबाह कर दिया है। लेकिन अमेरिकी अधिकारी मानते हैं कि नुकसान का सटीक आकलन करने में अभी भी वक्त लगेगा।

**व्हाइट हाउस ने खारिज की रिपोर्ट:** व्हाइट हाउस ने वाशिंगटन पोस्ट की इस रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा, यह सोचना कि गुमनाम ईरानी अधिकारी सैकड़ों फीट मलबे के नीचे की हकीकत जानते हैं, बकवास है। उनका परमाणु हथियार कार्यक्रम खत्म हो चुका है।

# गूगल, अमेजन और मेटा पर पड़ेगा असर, ट्रंप ने कनाडा के टैक्स लगाने पर उठाया बड़ा कदम; बोले- अब बात ही नहीं करेंगे....

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि कनाडा के साथ व्यापारिक बातचीत तब तक रुकेंगी, जब तक वह कुछ खास टैक्स हटाने पर राजी नहीं होता। यह बयान ट्रंप ने फॉक्स न्यूज के प्रोग्राम संडे मॉर्निंग फ्यूचर्स विद मारिया बार्टिरोमो में दिया।

ट्रंप ने कहा है कि कनाडा के डिजिटल सेवा टैक्स से गूगल, अमेजन और मेटा सरीखे कंपनियों पर असर पड़ेगा। इसी इंटरव्यू में ट्रंप ने यह भी खुलासा किया कि टिकटॉक के लिए उन्होंने एक खरीदार ढूंढ लिया है, जो कई अमीर लोगों का समूह है। उन्होंने कहा कि इस समूह का नाम वह तकरीबन दो हफ्तों में जाहिर करेंगे।

**कनाडा को ट्रंप की चेतावनी:** इससे पहले, शुक्रवार को ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ पर कनाडा के डिजिटल सेवा कर को अमेरिका पर साफ और खुला हमला करार दिया था। उन्होंने ऐलान किया था कि इस टैक्स की वजह से कनाडा के साथ सारी व्यापारिक वार्ताएं फौरन बंद की जा रही हैं। साथ ही, उन्होंने चेतावनी दी कि अगले सात दिनों में कनाडाई सामानों पर नए टैरिफ लगाने की घोषणा की जाएगी।



कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अभी तक इस मसले पर कोई बयान नहीं दिया है। हालांकि, उनकी सरकार ने डिजिटल सेवा कर को लागू करने का बचाव किया है।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अभी तक इस मसले पर कोई बयान नहीं दिया है। हालांकि, उनकी सरकार ने डिजिटल सेवा कर को लागू करने का बचाव किया है।

# सिदो-कान्हू को नमन कर मनाया हूल दिवस



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिवस 30 जून को मनाया जाता है, जो सिदो-कान्हू मुर्मू द्वारा ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह की याद में मनाया जाता है। यह दिवस संथाल विद्रोह के नायकों को श्रद्धांजलि देने और उनकी वीरता को याद करने के लिए मनाया जाता है।हूल दिवस के अवसर पर चास के आईटीआई मोड़ स्थित सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर चंदनकियारी के विधायक उमाकांत रजक ने पार्टी की अगवाई में माल्यार्पण कर उन्हें श्रधांजलि देने का काम किया। इस मौके पर महानगर और प्रखंड के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। हूल दिवस का उद्देश्य संथाल विद्रोह के इतिहास और उसके महत्व को याद करना है, साथ ही आदिवासी समुदायों के अधिकारों और उनकी संस्कृति को संरक्षित करने के प्रयासों को बढ़ावा देना है। उमाकांत रजक ने कहा कि इन शहीदों और उनके परिवारों मैं अंग्रेजों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण लड़ाई लड़ी थी आज हमें उनके आदर्श और संघर्ष को याद करना चाहिए और झारखंड में जो झारखंड विरोधी शक्ति है उन्हें कमजोर करते हुए यहां के आदिवासी मूलवासियोंयो को मजबूत करने का काम करना है।

## हूल दिवस पर डीसी - एसपी ने पुलिस लाइन स्थित शहीद वेदी पर दी श्रद्धांजलि





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को हूल दिवस के अवसर पर डीसी अजय नाथ झा एवं एसपी हरविंदर सिंह ने सेक्टर 12 के पुलिस लाइन स्थित शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित कर हूल क्रांति के महानायक सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो, संथाल विद्रोह के सभी वीर सेनानियों एवं शहीद पुलिस जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। मौके पर डीसी ने कहा कि वर्ष 1855 में शुरू हुआ संथाल हूल विद्रोह भारत के स्वतंत्रता संग्राम का एक अत्यंत प्रेरणादायक अध्याय है। यह आंदोलन न केवल ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक था, बल्कि सामाजिक अन्याय और शोषण के खिलाफ उठी जनजातीय चेतना की एक सशक्त अभिव्यक्ति भी थी। उन्होंने कहा कि सिदो-कान्हू और उनके साथियों ने अद्वितीय साहस, संगठन और आत्मबल के साथ संघर्ष किया। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए सत्य, स्वतंत्रता और न्याय की राह पर चलने की प्रेरणा देता रहेगा। वहीं, डीसी - एसपी ने आम लोगों से आह्वान किया कि वे हूल क्रांति के मूल्यों को आत्मसात करते हुए समाज में समानता, सद्भाव और न्याय की भावना को आगे बढ़ाएं।

# ग्रामप्रधान हत्या मामले में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खूंटी पुलिस ने ग्रामप्रधान सह भाजपा कार्यकर्ता बलराम मुंडा हत्या मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र एक घंटे के भीतर हत्यारों को धर दबोचा और हत्या में प्रयुक्त परंपरागत हथियार समेत देशी पिस्टल और गोली भी बरामद किया है। हालांकि गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में पुलिस को थोड़ा समय लगा। खूंटी एसपी ने आज प्रेस वार्ता कर हत्या हत्या मामले का उद्वेदन किया और आठ हत्यारों को गिरफ्तार किया जबकि दो अन्य अभियुक्तों को भी पुलिस ने देशी पिस्टल और गोली के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से तीन देसी कट्टा, दो पिस्टल, 14 जिंदा गोली, 10 मोबाइल, दो चाकू, मृतक का एक मोबाइल और 5 बाइक बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों में बीरबल मुंडा, सीनू मुंडा, बुधराम हस्सा, केदार मुंडा, उर्फ बुध, पुष्पेंद्र यादव, पतरस पाहन , पलटन मुंडा, पाऊ पाहन, और अभिषेक हस्सा तथा कालीप पूर्ति शामिल है। एसपी ने बताया कि 28, 29 जून की रात में मरांगड़ा थाना के काड़ेतुबिद गांव में अज्ञात अपराध कर्मियों द्वारा घर में घुसकर लूटपाट के क्रम में धारदार हथियार एवं गोली मारकर बलराम मंडा की हत्या कर दी गई थी और उसका भागना आचू मुंडा को घायल कर दिया था। इस मामले में मरांगहादा थाना में मामला दर्ज किया गया। मामला दर्ज होने के तुरंत बाद एसपी ने डीएसपी की अगुवाई में एक एस आई टी का गठन किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी हत्यारोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार अपराधियों ने हत्या में अपनी संलिप्त स्वीकार की और हत्या में प्रयुक्त देसी कट्टा पिस्टल और गोलियों को भी पुलिस ने बरामद किया। एसपी ने बताया कि अभिषेक हस्सा और कालीप पूर्ति की गिरफ्तारी की गई है लेकिन उनका इस हत्या में शामिल होने का साक्ष्य अभी तक नहीं मिला है। उनके पास से पुलिस ने देसी कट्टा और एक-एक गोली बरामद किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### डाक सेवा लिखी गाड़ी से अवैध विदेशी शराब बरामद

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बालीडीह थाना पुलिस ने डाक सेवा लिखी एक गाड़ी से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब को जप्त किया है। डाक डाक सेवा की गाड़ी में विभिन्न ब्रांड के विदेशी शराब भरा हुआ 54 पेटी पाया गया है। बालीडीह थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बोकारो



रामगढ़ नेशनल हाईवे 43 मोड के पास इस गाड़ी को जप्त किया है। गाड़ी में बैठे एक व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया है। गाड़ी का चालक मौके से भागने में सफल हो गया। जानकारी के मुताबिक शराब बिहार भेजी जा रही थी। डाक सेवा की गाड़ी में विभिन्न ब्रांड के विदेशी शराब का बोतल बरामद किया गया है। जिसमें ऑन सेल इन पंजाब और अरुणाचल प्रदेश लिखा हुआ है। चर्चा है बोकारो में अवैध रूप से विदेशी शराब बनाया जा रहा है।

### सिदो कान्हू की प्रतिमा का अनावरण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूरे राज्य में आज हूल क्रांति दिवस मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जैनामोड़ में भी सोनोल संथाल समाज के द्वारा सिदो कान्हू की प्रतिमा स्थापित करने के बाद इसका अनावरण किया गया। सिदो कान्हू के गांव भोगनाडीह में हुए लाठी चार्ज की घटना को



विरोधियों की साजिश करार दिया जा रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्य समिति सदस्य हीरालाल मांझी ने कहा कि इस तरह की छिटपुट घटनाएं होती रहती है, लेकिन विरोधियों के द्वारा आदिवासियों को बहला फुसलाकर इस तरह की साजिश रची गई है। इस पर मुख्यमंत्री की नजर है। झारखंड में सभी शहीदों को और उनके परिवारों का सम्मान मिलना चाहिए जो हमारी पार्टी देता है।

### स्टेशन के स्टॉल को ज्यादा पैसे लेने पर चार घंटे बंद रखने की सजा और जुर्माना

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टाटानगर स्टेशन पर यात्रियों से ओवरचार्जिंग की शिकायत मिलने पर प्लेटफॉर्म नंबर दो-तीन स्थित एक स्टॉल को चार घंटे बंद करने की सजा मिली, जबकि वाणिज्य व खानपान विभाग ने स्टॉल कर्मचारी को हटवा दिया। वहीं, संचालक से जुमार्ना भी वसूलेगा। ओवरचार्जिंग की बढ़ती शिकायत पर चक्रधरपुर मंडल से यह आदेश हुआ है, ताकि व्यवसाय प्रभावित होने के डर से स्टॉल संचालक ओवरचार्जिंग न करे। दरअसल, ओवरचार्जिंग से परेशान यात्री रेल मदद एप या अन्य माध्यम से शिकायत दर्ज कराते हैं। दक्षिण पूर्व जोन में ओवरचार्जिंग की शिकायत का मुद्दा उठा था। इसके बाद पर स्टॉल संचालकों की हरकत पर अंकुश लगाने के लिए नया आदेश हुआ है। हालांकि, स्टेशन या ट्रेन निरीक्षण के दौरान वाणिज्य व खानपान सुपरवाइजर यात्री से पूछताछ भी करते हैं लेकिन ओवरचार्जिंग थम नहीं रहा है। यात्रियों को रेलवे का सुझाव यात्रियों को रेलवे ओवरचार्जिंग के प्रति जागरूक कर रहा है। इससे खानपान व वाणिज्य विभाग ने यात्रियों से आग्रह किया है कि स्टेशन या ट्रेनों में पैकेट खाद्य सामग्री या बोतलबंद पेय का वेंडर को एमआरपी से ज्यादा कीमत का भुगतान न करे। इधर, स्टॉल पर रेलवे की ओर से बोर्ड प्लीज डॉन्ट पेय एक्सट्रा चार्जेज लगाने का अभियान शुरू हुआ है, जिससे यात्री संचालक को ज्यादा पैसे न दें।

## रोटरी क्लब चास की नई टीम आज संभालेगी कार्यभार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब चास की नई टीम अध्यक्ष डिंपल कौर के नेतृत्व में आज कार्यभार संभालेगी। अध्यक्ष पद पर डिंपल कौर और सचिव के रूप में श्वेता रस्तोगी एवं आनंद अग्रवाल को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। निदेशक मंडल में संजय बैद, बिनोद चोपड़ा, मुकेश अग्रवाल, पूजा बैद, डॉ परिंदा सिंह, डॉ श्रवण, डॉ सुमन, अमरदीप, बिनय सिंह, हरबंस सिंह, केंडी टबोडा, को शामिल किया गया है। रोटेरियन नरेंद्र सिंह को जिला 3250 की जिलापाल रो नम्रता द्वारा सहायक मंडलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डिंपल कौर ने कहा कि वे और उनकी टीम एक सकारात्मक सोच के साथ जरूरतमंद लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने का प्रयास करेगी। निवर्तमान अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा एवं सचिव मुकेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से नई टीम को बधाई देते हुए कहा की डिंपल कौर के नेतृत्व में रोटरी क्लब चास सेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगी।

# बीएसएल में 319 अधिकारियों को मिली पदोन्नति





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट में कार्यरत कुल 319 अधिकारियों को पदोन्नति प्रदान की गई. इस क्रम में कुल 70 सहायक प्रबंधक को उप प्रबंधक, 20 उप प्रबंधक को प्रबंधक, 95 प्रबंधक को वरीय प्रबंधक तथा 49 वरीय प्रबंधक को सहायक महाप्रबंधक के पद पर पदोन्नत किया गया है. इसके अतिरिक्त, विभिन्न विभागों में कार्यरत कुल 53 सहायक महाप्रबंधक एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा विभाग के 10 चिकित्सा पदाधिकारी को उप महाप्रबंधक और समकक्ष पदों पर पदोन्नति प्रदान की गई है. वहीं, 9 अधिकारियों को पदोन्नति के साथ-साथ सेल की अन्य इकाइयों जैसे राउरकेला, भिलाई, बर्नपुर, मेघाहातुबुरु एवं गुवा माइंस में स्थानांतरित भी किया गया है. इसके अलावा, कुल 18 उप महाप्रबंधक को महाप्रबंधक के पद पर पदोन्नत किया गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग में चार (4) चिकित्सकों को ए6 से ए7 ग्रेड में पदोन्नति प्रदान की गई. बीएसएल प्रबंधन ने सभी पदोन्नत अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं और विश्वास जताया है कि वे अपने नवीन दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, कर्मठता और उत्तरदायित्व के साथ करते हुए संयंत्र की उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता मानकों और संचालन कुशलता को नए आयाम प्रदान करेंगे.

### बोकारो स्टील प्लांट से सेवानिवृत कर्मचारियों को दी गई विदाई

बोकारो स्टील प्लांट से जून'2025 माह में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के लिए मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी तथा मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री ए के सरन उपस्थित रहे. समारोह में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री ए के सरन ने मुख्य अतिथि तथा सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मियों का स्वागत किया तत्पश्चात सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन) सुश्री सोनाली गुप्ता ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से संबंधित जानकारी दी और प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मी का संक्षिप्त बायोडाटा प्रस्तुत किया. अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी ने सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना की. उन्होंने सेवा निवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भी भेंट किए. जून '2025 में बोकारो स्टील प्लांट से कुल 08 अधिशासी एवं 19 अनाधिशासी कर्मी सेवानिवृत्त हो रहे हैं. कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन) सुश्री सोनाली गुप्ता द्वारा किया गया.

# इटावा में जातिगत उत्पीड़न के खिलाफ संयुक्त मोर्चा का धरना प्रदर्शन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को अखिल भारतीय ओबीसी, एससी, एसटी एवं माइनॉरिटी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले रणधीर वर्मा चौक पर धरना मोर्चा के प्रदेश महासचिव गोपाल यादव के नेतृत्व में किया गया। प्रदर्शनकारियों ने उत्तर प्रदेश के इटावा जनपद अंतर्गत बकेवर थाना क्षेत्र के दांदरपुर गांव में कथित जातिगत भेदभाव और अत्याचार की घटना पर आक्रोश व्यक्त किया। मामला उस वक्त सामने आया जब दांदरपुर गांव में भागवत कथा का आयोजन चल रहा था। कथित तौर पर इसी दौरान कुछ स्थानीय दबंगों ने कथा वाचक से उनकी जाति पूछी। जब कथा वाचक ने स्वयं को यादव जाति का बताया, तो कथित उच्च जाति समुदाय के कुछ लोगों ने न केवल अपशब्द कहे बल्कि मारपीट भी की। इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए संयुक्त मोर्चा ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। मोर्चा के नेताओं ने कहा कि यह घटना संविधान द्वारा प्रदत्त समानता, व्यक्ति की गरिमा और सम्मान के अधिकार का घोर उल्लंघन है। संयुक्त मोर्चा



ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता है तो उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा। साथ ही निर्दोष लोगों की तत्काल रिहाई और दोषियों पर सख्त धाराओं में कार्रवाई कर जेल भेजने की मांग की गई है। धरना में प्रदेश महासचिव गोपाल यादव, रामप्रवेश यादव,अशोक यादव, प्रमोद कुमार यादव, मनीष कुमार यादव, शिवाजी सिंह यादव,बसंत कुमार यादव, उदय शंकर,सरवन यादव,मिथिलेश कुमार यादव, महेश यादव, आरएस यादव पिंटू यादव, महेंद्र यादव, नवल किशोर यादव, आकाश कुमार, रामस्वरूप पटेल, अखिलेश कुमार यादव, एस कुमार दास, मधुसूदन गोप, संजय विश्वकर्मा,मनोज कुमार यादव, सुनील कुमार यादव राजू रंजन पासवान मूलवासी, संजय विश्वकर्मा नवल प्रसाद समेत अन्य थे।

# अवैध अफीम के खिलाफ कार्रवाई, डेढ़ करोड़ का डोडा जब्त

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अवैध अफीम के खिलाफ खूंटी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए यूपी के दो तस्करों को डोडा तस्करी करते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। तस्करों से पुलिस ने लगभग एक हजार किलो डोडा जप्त किया है जिसका बाजार मूल्य लगभग डेढ़ करोड़ आंकी गई है। पुलिस को चकमा देने के लिए तस्करों ने ट्रक पर मुढ़ी लोड कर रखा था। मुढ़ी की आड़ में डोडा की तस्करी करने खूंटी पहुंचे थे डोडा तस्कर। गिरफ्तार तस्करों में यूपी के बरेली जिला के बैरुली गांव निवासी जितेंद्र पाल उर्फ अनिल कुमार और बरेली जिला के मीरगंज बैरुली निवासी आकाश शामिल है। इन लोगों से पुलिस ने एक ट्रक पर लोड 40 बोरा अवैध डोडा, एक मोबाइल और 40 बोरा मुढ़ी बरामद किया है। एसपी मनीष टोप्पो को सूचना मिली कि यूपी नबर का एक ट्रक अवैध डोडा लोड कर मारंगडीह से सेरेंगहातु के तरफ जा रही है। सूचना पर एसपी ने डीएसपी रजक को कार्रवाई का निर्देश दिया। डीएसपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एसएसबी और अड़की पुलिस का एक जॉइंट टीम बनाई और मुख्य सड़क पर बैरिकेडिंग लगाकर चेकिंग लगाया गया। इसी दौरान तड़के सुबह एक ट्रक को चेकिंग स्थल की तरफ आते दिखाई दिया, जिसे टॉर्च एवं हाथ देकर रोकने का इशारा किया गया तो ट्रक चालक द्वारा छापामारी दल को देखते ही ट्रक को रोक कर दो व्यक्ति ट्रक से उतर कर भागने लगे। मौजूद जवानों ने दोनो का पीछा कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्करों ने पुलिस को बताया कि अड़की इलाके के एक किसान से डोडा खरीद कर यूपी ले जा रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रक को जप्त कर थाने ले गई और कानूनी प्रक्रिया करते हुए दोनो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। तस्करों के बयानुसार पुलिस छापेमारी कर रही है। बताया जा रहा है कि तस्करों ने जिस किसान से डोडा खरीदा है वह क्षेत्र का एक जनप्रतिनिधि है। पुलिस ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है। एसपी मनीष टोप्पो ने प्रेस कांफ्रेंस कर तस्करों के गिरफ्तारी का खुलासा करते हुए बताया कि सूचना पर जॉइंट टीम बनाकर तस्करों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्कर अड़की इलाके से लगभग डेढ़ करोड़ मूल्य का डोडा की तस्करी करते गिरफ्तार किया गया है। मुढ़ी की आड़ में डोडा की तस्करी की जा रही थी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्करों के खिलाफ अड़की थाना में कांड दर्ज न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। गौरतलब है कि 13 जून को अड़की इलाके डेढ़ करोड़ मूल्य का डोडा बरामद किया जा चुका है। छापेमारी टीम में डीएसपी वरुण रजक, एसएसबी 26 वाहिनी के कमांडेंट अमन सेन, थाना प्रभारी प्रवीण तिवारी, पुअनि कुंदन कुमार, रोशन कुमार, एसएसबी के समवाय पुअनि केशव राम, अलबिनुष ओसगा, समडोम सुरीन समेत एसएसबी और जिला बल के सशत्र बल के जवान शामिल थे।

# जिला प्रशासन ने जोसेफ को उपलब्ध कराया खाद्यान्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास प्रखंड के बिरसा बासा निवासी जोसेफ की भूख और संकट से जुड़ी खबर मीडिया में प्रचारित होते ही उपायुक्त अजय नाथ झा ने तत्काल संज्ञान लिया। उनके निर्देश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) ने जोसेफ को तत्काल खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराई, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

**कोई भूखा नहीं रहेगा - जिला प्रशासन प्रतिबद्ध**



उपायुक्त ने स्पष्ट कहा है कि जिले में कोई भी व्यक्ति भूख से पीड़ित नहीं हो, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सजग और संवेदनशील है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जरूरतमंदों की पहचान कर उन्हें समय पर सहायता उपलब्ध कराई जाए।

**उपायुक्त ने आमजनों से किया अपील, दें सूचना**

उपायुक्त ने आम जनों से अपील किया कि यदि उनके आस-पास कोई जरूरतमंद या असहाय व्यक्ति हो तो संबंधित प्रखंड कार्यालय या नियंत्रण कक्ष को तत्काल सूचना दें, ताकि उसे आवश्यक सहायता प्रदान की जा सके।

## डीसी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। उन्होंने सदर अस्पताल के पीछे स्थित वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता, यूपीएस बैकअप और तकनीकी उपकरणों की कार्यशीलता की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उपायुक्त को उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह ने बताया कि ईवीएम की स्थिति नियमित रूप से जांची जाती है तथा आयोग के मानकों के अनुरूप आवश्यक सुरक्षा बंदोबस्त किए गए हैं।

# डीसी-एसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

## पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को डीसी अजय नाथ झा एवं एसपी हरविंदर सिंह ने संयुक्त रूप से पुलिस लाइन स्थित कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में कार्यालय की कार्यप्रणाली, साफ-सफाई, भवन संरचना एवं सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की।

**पौधारोपण कर हरियाली का दिया संदेश**

निरीक्षण के उपरांत डीसी एवं एसपी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा पुलिस लाइन मैदान में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण के बीच पौधारोपण एक सकारात्मक पहल है, जो भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करेगा। उन्होंने जिलावासियों से ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण का अपील की। वहीं, एसपी ने कहा कि पौधा जीवन के रक्षक हैं। हर पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्वच्छ भविष्य की नींव है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह एक छोटा लेकिन सार्थक कदम है। सभी को अपने जीवन काल में पौधरोपण करना चाहिए।

**तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर दिया दिशा-निर्देश**

पुलिस लाइन परिसर स्थित तालाब का भी डीसी - एसपी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि तालाब की सफाई, सौंदर्यीकरण एवं आसपास के वातावरण को आकर्षक एवं उपयोगी बनाने की दिशा में प्राक्कलन तैयार कर पहल करें। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक, सर्जेंट मेजर, प्रशासनिक अधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## श्रावणी मेला में बाबा विश्वनाथ सेवा समिति लगाएगी सेवा शिविर

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्रावणी मेला के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा विश्वनाथ सेवा समिति द्वारा देवघर में कांवड़ियों की सेवा के लिए शिविर लगाया जाएगा। रविवार को भूली स्थित लाल भवन में आयोजित बैठक में इस वर्ष की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में समिति के दर्जनों सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया।समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि देवघर श्रावणी मेला के दौरान लगने वाले शिविर में कांवड़ियों के इलाज, पेयजल, नाश्ता तथा भोजन की व्यवस्था की जाएगी। इस सेवा कार्य में आसनसोल की धर्म चक्र सेवा समिति भी अपना सक्रिय योगदान देगी। यह शिविर बांका (बिहार) के पटनिया मोड़ में 11 जुलाई से प्रारंभ होगा. बैठक में बताया गया कि शिविर में चिकित्सा टीम के साथ साथ भोजन बनाने व वितरण के लिए स्वयंसेवकों की भी तैनाती की जाएगी।

# मृत श्रमिक के परिजनों को दिया गया मुआवजा

## श्रम अधीक्षक एवं थाना प्रभारी की देख रेख में परिजनों को सौंपी गई राशि



**बोकारो/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बालीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवप्रिया इस्पात उद्योग में रविवार सुबह हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल श्रमिक अखिल कुमार (पिता - अजीत कुमार कश्यप, ग्राम - बंगा, प्रखंड-पेटरवार) का उपचार के दौरान बोकारो जनरल अस्पताल में निधन हो गया। जिला प्रशासन के पहल पर श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार एवं थाना प्रभारी की देख-रेख में मृतक श्रमिक के परिजनों को वर्कमैन कंपनसेशन एक्ट 1923 के तहत 15 लाख मुआवजा राशि एवं 50 हजार अंतिम संस्कार हेतु तत्कालिक सहायता राशि दी गई। उधर, उपायुक्त अजय नाथ झा ने दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत श्रमिक के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। उल्लेखनीय हो कि, शिवप्रिया इस्पात उद्योग में उत्पादन के दौरान ब्लास्ट फर्नेस में रविवार सुबह अचानक विस्फोट हो गया था, जिसमें दो श्रमिक बुरी तरह झुलस गए थे। घटना की सूचना मिलते ही घायलों को बीजीएच लाया गया, जहां उपचार के दौरान अखिल कुमार ने देर रात दम तोड़ दिया। वहीं, एक श्रमिक का उपचार जारी है।

स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार),
स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com